राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 विराट को आऊट कर ईशांत शर्मा ने की शरारत, कोहली की भी निकल ...

क्या कांग्रेस के हो जाएंगे शरद पवार और उद्धव ... 12

वर्ष : 12 | अंक : 33 | पटना, मंगलवार, 14 मई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना 59,340

चांदी 55,350

सेंसेक्स 63,327

निफ्टी 18,816

संक्षिप्त खबरें

पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व उपमुख्यमंत्री और पूर्व राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व। सुशील कुमार मोदी जेपी आंदोलन के सच्चे सिपाही थे। उपमुख्यमंत्री के तौर पर भी उन्होंने हमारे साथ काफी वक्त तक काम किया। मेरा उनके साथ व्यक्तिगत संबंध था और उनके निधन से मैं मर्माहत हूं।मैंने आज सच्चा दोस्त और कर्मठ राजनेता खो दिया है। उनके निधन से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।मुख्यमंत्री ने ईश्वर से कामना की है कि स्व। सुशील कुमार मोदी के परिजनों, समर्थकों और प्रशंसकों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें।

मप्र के छिंदवाड़ा में एसयूवी पलटने से तीन की मौत, चार घायल

छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में एक एसयूवी के पलट जाने से तीन महिलाओं की मौत हो गई और चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि हादसा रविवार रात करीब 10 बजे मुआरी माइन्स पर हुआ। उन्होंने बताया कि एसयूवी चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया जिसके बाद वाहन एक गड्ढे में पलट गया। अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को परासिया अस्पताल ले गई, जहां से उन्हें छिंदवाड़ा के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मुंबई हवाईअड्डे पर 13.56 करोड़ रुपये का सोना जब्त, 11 यात्री गिरफ्तार

मुंबई। सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई यात्रियों द्वारा अवैध रूप से लाया गया 13.56 करोड़ रुपये मूल्य का 22.14 किलोग्राम सोना जब्त किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार और रविवार के बीच छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर की गई कार्रवाई के दौरान सोने की तस्करी के 20 मामलों में 11 यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि यह कीमती धातु यात्रियों द्वारा मलाशय, अंतःवस्त्रों, उनके शरीर में और एक कार्डबोर्ड शीट में छिपाकर लाई गई थी।

सोरेन की याचिका पर ईडी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस, 17 मई को सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तीन माह से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उच्च न्यायालय के तीन मई के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने श्री सोरेन का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की ओर से बार-बार शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किये जाने पर ईडी को नोटिस जारी किया।

पीएम ने हाजीपुर में चुनावी सभा को किया संबोधित विपक्ष पर साधा निशाना

कांग्रेस-राजद की प्राथमिकता तुष्टिकरण और बेटों को सेट करना है: पीएम मोदी

प्रात : किरण

हाजीपुर/एजेंसी। प्रधानममंत्री नरेंद्र मोदी ने जंगल राज, परिवारवाद और भ्रष्टाचार को लेकर राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों पार्टियों की प्राथमिकता तुष्टिकरण और बेटों को सेट करना है जबकि उनका संकल्प विकसित बिहार, विकसित भारत बनाने का है। श्री मोदी ने सोमवार को हाजीपुर में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के उम्मीदवार चिराग पासवान के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजद और कांग्रेस में बिहार को आगे बढ़ाने की इच्छाशक्ति ही नहीं है। वे सोच रहे हैं कि जितना समय है उसमें जितना लूट सके, लूट लें। वे अपने बच्चों को सेट करने में लगे हैं। इन्हें आपके बच्चों की चिंता नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा ये लोग (राजद-कांग्रेस) विकास के कार्यों से भागते हैं। इनके नकारेपन ने बिहार के कई अमूल्य दशक बर्बाद किए हैं, इनसे हमें बिहार को बचाकर रखना है। इन दोनों पार्टियों ने तुष्टीकरण को अपना सबसे बड़ा राजनीतिक हथियार बनाया है। इनकी प्राथमिकता उनका वोट बैंक है। श्री मोदी ने कहा, राजद-कांग्रेस ने बिहार को सिर्फ पलायन दिया, बिहार को सिर्फ तबाही दी। इनके राज में यहां सिर्फ अपहरण और फिरौती उद्योग ही फला-फूला। हाजीपुर ने देखा है कि कैसे यहां सारे उद्योग धंधे चौपट हो गए जबकि मोदी विकसित बिहार, विकसित भारत के संकल्प को लेकर निकला है।

बाप-दादा की कमाई खाकर जीने वालों को रोजगार की समझ नहीं : प्रधानमंत्री ने राजग सरकार के रोजगार के वादे पूरे नहीं करने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी प्रसाद यादव समेत पूरे विपक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए आज कहा कि बाप-दादा की कमाई खाकर जीने वालों को रोजगार की समझ नहीं है। अपने संबोधन के दौरान रोजगार सृजन की दिशा में अपनी सरकार के किए गए कार्यों को गिनवाते हुए कहा कि उनके सेवाकाल में देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और जब अर्थव्यवस्था आगे बढती है तो उतने ही रोजगार के मौके पैदा होते हैं। पिछले दस साल में बिहार में 1400 नई रेललाइनें बिछाई गई। 400 से अधिक रेलवे फ्लाइओवर और बाइपास बनाए गए। उन्होंने पूछा कि बिना रोजगार के ये काम हुआ होगा क्या। छूमंतर करके जैसे ये लोग रुपये ले जाते हैं वैसे पुलिया बन जाती है क्या। किसी को तो रोजगार मिला होगा न तब जकार ये विकास के काम हुए होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस साल में बिहार में 3300 किलोमीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग बने हैं। इतने लंबे राजमार्ग बिना रोजगार दिए बन जाते हैं क्या। लगातार चौड़े हो रहे हाईवे और एक्सप्रेसवे हो, बिहार में खाद कारखाने का काम हो, थर्मल पावर प्लांट हो, गंगा नदी पर बन रहे अनेको बड़े पुल हों, पटना में मेट्रो का चल रहा काम हो, प्राकृतिक गैस का नेटवर्क हो या गांव-गांव में उज्ज्वला के तहत गैस पहुंचाने का नेटवर्क हो, ये सब रोजगार की गारंटी होते हैं। लेकिन, जो अपने बाप दादा की कमाई खाकर जीते हैं उनको रोजगार क्या होता है इसकी समझ नहीं है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने तय किया है कि बिहार के 90 से अधिक रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाया जाएगा। क्या यह बिना रोजगार पैदा किए हो पाएगा। पिछले 10 साल में मोदी ने देश के चार करोड पक्के घर बनाकर गरीबों को दिए हैं। अकेले बिहार में 40 लाख पक्के घर बनाए गए हैं। इन घरों के लिए इस्तेमाल किए गए सीमेंट, सरिया, ईट और भी तो मुहल्ले की दुकान से ही आया होगा। इन सबका का लाभ बिहार के नौजवानों को ही तो हुआ है। उन्हें व्यापार रोजगार कारोबार के नए अवसर मिले हैं।

10 साल में ईडी ने 2200 करोड़ रुपए जब्त किए, चोरों की नींद उड़ गई है : प्रधानमंत्री ने विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में 10 वर्षों में जहां ईडी ने 35 लाख रुपए जब्त किए थे, वहीं एनडीए के 10 साल में 2200 करोड़ रुपए जब्त किए गए हैं। यही कारण है कि चोरों की नींद उड़ गई है। कहा कि कांग्रेस काल में जो रुपए जब्त किए गए उसे एक स्कूली बैग में ले जाया जा सकता है, जबकि एनडीए के शासनकाल में जो रुपए जब्त किए गए हैं, उसे ले जाने में 70 ट्रक लगेंगे।उन्होंने विपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि महिलाओं और ओबीसी का आरक्षण कोई नहीं छीन सकता, जिसने भी ऐसा करने की कोशिश की, उसे लेने का देने पड़ जाएंगे। उन्होंने लालू प्रसाद यादव के नाम लिए बिना कहा कि जो चारा घोटाले में सजा काटकर आए, वे कह रहे हैं कि मुस्लिमों को पूरा आरक्षण मिलना चाहिए। मोदी जब तक जिंदा है। एससी, एसटी और ओबीसी का हक कोई नहीं मार सकता। धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि वह वक्त चला गया जब महिला आरक्षण के बिल फाड़ दिए गए थे। एनडीए सामाजिक न्याय की पहरेदार है। उन्होंने कहा कि नया संसद भवन बनते ही पहला काम महिला आरक्षण पर किया। पीएम मोदी ने कहा, राजद और कांग्रेस ने तुष्टीकरण को अपना हथियार बनाया है। इंडी गठबंधन का हर दल राम मंदिर को गाली देकर ये लोग दूसरे को रिझा रहे हैं। ऐसे लोगों को माफ नहीं कर सकते। राजद और कांग्रेस की प्राथमिकता आप लोग नहीं, बल्कि उनका अपना वोट बैंक ही है।

पीएम ने तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में मत्था टेका

पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पटना स्थित तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब में मत्था टेका। प्रधानमंत्री की तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब की यात्रा के मद्देनजर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। तख्त श्री पटना साहिब को तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब के नाम से भी जाना जाता है, जो सिखों के पांच तख्तों में से एक है।गुरु गोविंद सिंह के जन्मस्थान के रूप में इस तख्त का निर्माण 18वीं शताब्दी में महाराजा रणजीत सिंह द्वारा करवाया गया था। सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह का जन्म 1666 में पटना में हुआ था। उन्होंने आनंदपुर साहिब जाने से पहले अपने प्रारंभिक वर्ष यहीं बिताए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने सिर पर पगड़ी बांधकर श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब का दौरा किया। उन्होंने एक दिन पहले पटना में रोड शो किया था। मोदी बिहार में कहीं भी रोड शो करने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री और राज्य भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी और स्थानीय सांसद रविशंकर प्रसाद थे।

बिहार की कुल पांच सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

चौथा चरण : बिहार की 5 सीटों पर 56.85 फीसदी मतदान

बेगूसराय में सबसे ज्यादा और मुंगेर में सबसे कम हुई वोटिंग

प्रात : किरण

पटना। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में बिहार की कुल पांच सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। पांच सीटों पर कुल 56.85 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा वोटिंग बेगूसराय में और सबसे कम मुंगेर में हुआ है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक बिहार की 5 सीटों दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में शाम 6 बजे तक औसत 56.85 फीसदी वोटिंग हुई है। चुनाव आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, दरभंगा में शाम 6 बजे तक 56.63 फीसदी वोटिंग हुई।

उजियारपुर में 6 बजे तक 56.00 प्रतिशत, समस्तीपुर में 58.10 फीसदी, बेगूसराय में 58.40 फीसदी और मुंगेर लोकसभा सीट पर शाम 5 बजे तक 55.00 फीसदी वोटिंग हुई। सभी पांच सीटों पर शाम 6 बजे तक औसत कुल 56.85 फीसदी वोटिंग हुई। अगर 2019 लोकसभा से चुनाव की तुलना करें तो इस बार लगभग तीन फीसदी कम वोटिंग हुई है। 2019 में 59.20 फीसदी वोटिंग हुई थी। जबकि मुंगेर इकलौती ऐसी सीट है, जहां 2019 की तुलना में ज्यादा वोटिंग हुई है। इसे एक अच्छा संकेत माना जा रहा है। बिहार के जिन पांच सीटों पर वोटिंग हुई है। उनमें बेगूसराय सीट पर सबसे अधिक 58.40 फीसदी वोटिंग हुई है। हालांकि 2019 में यहां 62.29 फीसदी वोटिंग हुई थी। ऐसे में इस बार चार फीसदी कम मतदान हुआ है। इसी तरह से सबसे कम मतदान के मामले में मुंगेर ने 2019 की स्थिति को बरकरार रखा है। हालांकि यहां वोटिंग परसेंट बढ़ा है। 2019 में मुंगेर में 54.84 वोटिंग हुई थी। जबकि इस बार 55 फीसदी वोटिंग हुई है।

पीठासीन अधिकारी की मौत : वहीं, मुंगेर में पीठासीन पदाधिकारी

की मतदान ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक मौत हो गई। निर्वाचन आयोग के अनुसार, तीसरे चरण के निर्वाचन में रिजर्व सहित कुल 11, 331 कंट्रोल यूनिट, 11, 370 बैलेट यूनिट तथा 12, 529 वीवीपैट का उपयोग हुआ है, जिसमें 49 कंट्रोल यूनिट, 45 बैलेट यूनिट तथा 57 वीवीपैट मॉक पोल के दौरान बदले गये हैं। 18 कंट्रोल यूनिट, 18 बैलेट यूनिट तथा 114 वीवीपैट मॉक पोल के पश्चात बदले गये हैं।

80 लाख कैश जांच अभियान के दौरान जब्त : निर्वाचन आयोग के अनुसार, चौथे चरण की पांच लोकसभा सीटों पर कुल 55 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में उतरे। इसमें पुरुष अभ्यर्थियों की संख्या 51 तथा महिला अभ्यर्थियों की संख्या 04 है। चौथे चरण में कुल सामान्य निर्वाचकों की संख्या 95, 83, 662 है, जिसमें पुरुषों की संख्या 50, 49, 656 तथा महिलाओं की संख्या 45, 33, 813 तथा थर्ड जेंडर की संख्या 193 है। तीसरे चरण के पांच संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में कार्यरत फ्लाइंग स्क्वायड और पुलिसकर्मियों द्वारा जांच अभियान के दौरान 1.39 लाख नकद जब्त किया गया। वहीं कुल 1, 35, 970 लीटर शराब जब्त किया गया है। इसका मूल्य लगभग 4.98 करोड़ हैं।

समस्तीपुर में दो फीसदी कम वोटिंग : चौथे चरण में सुबह से ही समस्तीपुर में जमकर वोटिंग हो रही थी। माना जा रहा था कि यहां 2019 में हुई वोटिंग 60.63 फीसदी का रिकॉर्ड टूट जाएगा। लेकिन अंतिम दो घंटे में वोटिंग की गति धीमी रही,जिसके कारण यहां मतदान खत्म होने तक 58.40 फीसदी ही वोटिंग हो सकी, जो कि पिछली बार की तुलना में लगभग डेढ़ परसेंट कम है। बिहार के जिन दो सीटों पर आज मतदान हुए, उनमें दरभंगा और उजियारपुर शामिल हैं। यहां भी 2019 की तुलना में इस बार कम वोटिंग हुई है।

जहां दरभंगा में 2019 में 58.19 फीसदी वोटिंग हुई थी। वहीं इस बार यहां 56.63 वोटिंग हुई है। जो कि पिछले बार से डेढ़ परसेंट कम है। इसी तरह उजियारपुर में भी चार फीसदी कम वोटिंग हुई है। यहां 2019 में 60.07 फीसदी वोटिंग हुई थी। जबकि इस बार 56 फीसदी लोगों ने ही अपने मतों का इस्तेमाल किया है। अब इन पांचों सीटों पर खड़े प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद हो गया है। अब 4 जून को ही पता चलेगा कि किसे जनता ने अपना प्रतिनिधि बनने का मौका दिया है और किसके हिस्से में निराशा आई है।

देशभर की 96 सीटों पर मतदान संपन्न : लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान सोमवार को शाम 6 बजे के बाद संपन्न हो गया।

रात 8 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार मतदान 62.90 प्रतिशत रहा। चुनाव आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में सर्वाधिक 76.02 प्रतिशत वोट डाले गए। जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर सीट पर 36.74 प्रतिशत मतदान हुआ था जो पिछले कुछ दशकों का सर्वश्रेष्ठ मत प्रतिशत लेख महाराष्ट्र में मतदान 52.75 प्रतिशत और उत्त प्रदेश में 57.91 प्रतिशत और बिहार में 55.92 प्रतिशत वोट डाले गये। चौथ चरण के मतदान में आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना सहित 10 राज्यों की कुल 96 लोकसभा सीट पर वोट डाले गए। अब तक आम चुनाव 2024 के चार चरणों में 379 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने चुनावी सभा को किया संबोधित, राजद पर बोला हमला

भाजपा के साथ मिलकर बिहार से जंगलराज खत्म किया: नीतीश

- बोले-2005 के पहले बिहार में अराजकता का माहौल था

प्रात : किरण

मधुबनी। मधुबनी जिला के हरलाखी प्रखंड क्षेत्र के दीनदयाल प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनावी सभा की। सीएम नीतीश ने मधुबनी लोकसभा सीट से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक कुमार यादव के समर्थन में वोट मांगे। इस दौरान नीतीश कुमार ने मधुबनी को अहसान जताते हुए कहा कि आप लोगों को केंद्र से सबसे ज्यादा मदद मिल रही है तो आपकी जिम्मेदारी ज्यादा बनती है।

रैली में नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद यादव पर भी जमकर हमला बोला। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हमसे पहले 15 साल जिनको मौका मिला, उन्होंने सात साल खुद और सात साल पत्नी को सीएम बना दिया। उस दौर में पांचवीं कक्षा के बाद लड़कियां पढ़ने नहीं पाती थीं। हमलोगों ने पढ़ाई की व्यवस्था की। साइकिल योजना शुरू की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वे लोग सत्ता में थे, 2005 से पहले, तब हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता रहता था। जब हम आए तब झगड़ा बंद कराया। इस दौरान नीतीश कुमार ने मुस्लिम हित में किए गए कार्यों को गिनाया।

उन्होंने यह भी कहा कि दोनों ने पति पत्नी की सरकार में नौ बच्चे पैदा लिए। वे लोग तब से बिहार की जनता के लिए नहीं, बल्कि अपने परिवार के लिए काम कर रहे हैं। 2005 के पहले बिहार में अराजकता का माहौल था। नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोगों के यहां और भाजपा में परिवारवाद नहीं है। हमारे लिए पूरा बिहार परिवार है। बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए वे प्रयासरत हैं। 2005 के पहले बिहार में अराजकता का माहौल था। शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। रंगदारी, लूट, हत्या और भ्रष्टाचार का बोलबाला था।

बिहार की जनता ने पीएम मोदी को रोड पर ला दिया : तेजस्वी

प्रात : किरण

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी बीजेपी के दिग्गजों के बिहार दौरे को लेकर जोरदार हमला बोला है। दरअसल, तेजस्वी यादव इन दिनों चुनावी सभा के साथ साथ ट्विटर के जरिए भी पीएम मोदी और एनडीए सरकार पर जोरदार हमला बोल रहे हैं। तेजस्वी यादव ने एक बार फिर ट्विट कर कहा है कि, बिहार में अकेला 34 साल का तेजस्वी बनाम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, देश के गृहमंत्री अमित शाह, देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, असम के मुख्यमंत्री, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्रिमंडल के अनेकों मंत्री और बिहार के दो-दो उपमुख्यमंत्री सहित पूरा मंत्रिमंडल। तेजस्वी यादव ने ट्विट कर कहा कि, बीजेपी अनेकों हेलीकॉप्टर उड़ा रही है, इनके पास अनलिमिटेड संसाधन है, पानी की तरह बहा रहे है। इन सबके बावजूद स्वाभिमानी बिहार की न्यायप्रिय जनता एवं मुद्दों की सकारात्मक राजनीति ने भाजपाइयों को हर सीट और सड़क पर उतार दिया है। तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी के रोड शो को लेकर कहा कि बिहार की जनता ने पीएम मोदी को रोड पर ला दिया। उन्होंने कहा कि, बिहार में अकेले तेजस्वी इन सब पर भारी पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि, 40 में से 39 सांसद देने वाला बिहार इनसे 10 वर्षों का हिसाब माँग रहा है तो प्रधानमंत्री अगल-बगल झांक कर हिंदू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद, पाकिस्तान-कब्रिस्तान, मछली-तितली की बात कर रहे है लेकिन मजाल है वो नौकरी-रोजगार, बेरोजगारी-गरीबी, महंगाई और विकास-निवेश जैसे मुद्दों पर बात कर सके? मालूम हो कि, तेजस्वी यादव लगातार पीएम मोदी पर मुद्दों से हटकर राजनीति करने का आरोप लगा रहे हैं।

चार जून के बाद कांग्रेस सरकार दुरुस्त करेगी देश की आर्थिक सेहत : राहुल

रायबरेली/एजेंसी। रायबरेली से गांधी परिवार के रिश्तों का बखान करते हुये कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और गठबंधन प्रत्याशी राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि चार जून को केन्द्र की सत्ता से भारतीय जनता पार्टी की विदाई होने के बाद कांग्रेस देश की अर्थव्यवस्था में सुधार करेगी और घरेलू उद्योगों को चीन से मुकाबला करने में सक्षम बनायेगी। रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र के हरचंदपुर इलाके में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए श्री गांधी ने कहा कि रायबरेली से उनके परिवार का रिश्ता सबसे पुराना है। उनके परदादा जवाहरलाल नेहरू को राजनीति करना रायबरेली के लोगो ने सिखाया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश की अर्थव्यवस्था में सुधार करेगी जिससे मेड इन इंडिया समान मेड इन चाइना का मुकाबला करेगा। अपनी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के साथ श्री गांधी ने रायबरेली के कई इलाकों में धुआंधार चुनाव प्रचार किया। उनके साथ छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कांग्रेस के कई दिग्गज थे। राहुल गांधी ने कहा कि रायबरेली और उनके परिवार से राजनीतिक इतिहास का शायद सबसे पुराना रिश्ता है क्योंकि यह सौ साल से भी पुराना है और उनके परदादा को जवाहरलाल नेहरू को राजनीति करना रायबरेली के लोगो ने सिखाया है। यहां हुए कांग्रेस के अनेकों काम गिनाते हुए मीडिया पर कटाक्ष किया कि आज नरेंद्र मोदी का चेहरा और अडानी अम्बानी की शादियां दिखाई जाती है लेकिन देश की असलियत जिसमे अनेकों समस्याएं है, नही दिखाई जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर गरीब महिलाओं के खाते में हर महीने 8 हजार 500 रुपए दिए जाएंगे और साथ ही बेरोजगार युवाओं को 30 लाख सरकारी नौकरी दी जाएगी। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि श्री मोदी ने लोगो को बेरोजगार और मूर्ख बनाने में कोई कसर नही छोड़ी।

परिणाम नतीजों के अनुसार दसवीं की परीक्षा में 94.75 प्रतिशत तो बारहवीं की परीक्षा में 91.52 प्रतिशत छात्रायें उत्तीर्ण

सीबीएसई दसवीं, बारहवीं के नतीजे घोषित, लड़कियों ने मारी बाजी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में लड़कियों ने परचम लहराया। सीबीएसई की ओर से सोमवार घोषित किये गये नतीजों के अनुसार दसवीं की परीक्षा में 94.75 प्रतिशत छात्रायें उत्तीर्ण हुई हैं। वहीं बारहवीं की परीक्षा में 91.52 प्रतिशत छात्रायें उत्तीर्ण हुयी हैं, जबकि बारहवीं की परीक्षा में 85.12 प्रतिशत और दसवीं की परीक्षा में 92.72 प्रतिशत छात्र सफल हुये हैं। बोर्ड ने पहले बारहवीं के नतीजे घोषित किये और उसके करीब एक घंटे बाद अपनी आधिकारिक वेबसाइट सीबीएसई.जीओवी.इन और सीबीएसईरिजल्ट्स.एनआईसी,इन दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम भी जारी कर दिये। इस बार सीबीएसई की बारहवीं की परीक्षा में जहां 87.98 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुये हैं। वहीं

दसवीं की परीक्षा में 93.60 प्रतिशत छात्र सफल हुये हैं। इस बार सीबीएसई सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मेरिट प्रमाण पत्र जारी करेगा। ऐसे छात्रों को उनका सीबीएसई मेरिट सर्टिफिकेट उनके डिजिलॉकर अकाउंट में मिल जायेगा। इस वर्ष दसवीं की परीक्षा में कुल 22,38,827 छात्र शामिल हुये थे, जिनमें से 20,95,467 छात्र उत्तीर्ण हुये हैं। सफल हुये छात्रों का प्रतिशत 93.60 प्रतिशत रहा है, जो पिछले साल से 0.48 प्रतिशत अधिक है। वहीं, इस बार बारहवीं में 87.98 प्रतिशत छात्र सफल हुये हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस साल 0.65 प्रतिशत अधिक छात्र सफल हुये हैं। लड़कों की तुलना में लड़कियों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 6.40 प्रतिशत अधिक है। सीबीएसई की बारहवीं के नतीजे में 99.91 प्रतिशत के साथ त्रिवेन्द्रम एक बार फिर सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला क्षेत्र बना है। वहीं, प्रयागराज का परिणाम 78.25 प्रतिशत के साथ सबसे निचले पायदान पर रहा है। वहीं, दसवीं क्लास में भी त्रिवेंद्रम रीजन का नतीजा 99.75 प्रतिशत के साथ सर्वश्रेष्ठ रहा है। दूसरे नंबर पर 99.60 प्रतिशत के साथ के साथ विजयवाड़ा क्षेत्र है। तीसरे नंबर पर 99.30 प्रतिशत के साथ चेन्नई क्षेत्र है। सबसे खराब नतीजा गुवाहाटी क्षेत्र का 77.94 प्रतिशत है। दिल्ली क्षेत्र में 2,95,792 छात्रों ने सीबीएसई की बारहवीं की परीक्षा दी थी और 2,80,925 छात्र सफल हुये हैं। दिल्ली में 94.97 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुये हैं। पूर्वी दिल्ली में छात्रों का परीक्षा परिणाम 94.51 प्रतिशत रहा और पश्चिमी दिल्ली में 95.64 प्रतिशत छात्र सफल हुये हैं। सीबीएसई की बारहवीं की परीक्षा के लिये कुल 18417 विद्यालयों 17 लाख 41 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था और 7126 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की गयी तथा एक करोड़ 10 लाख 50 हजार 267 परीक्षार्थियों ने उत्तर पुस्तिकायें लिखीं। इस परीक्षा में केंद्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन स्कूल के परीक्षार्थियों की सफलता 93.23 प्रतिशत रही। जवाहर नवोदय विद्यालय का परिणाम 98.90 प्रतिशत, केन्द्रीय विद्यालय का 98.81 प्रतिशत, सहायता प्राप्त सरकारी स्कूलों का 91.42 प्रतिशत, सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम 88.23 प्रतिशत रहा, जबकि स्वतंत्र रूप से परीक्षा कराने वाले संस्थानों का परीक्षा परिणाम 87.70 प्रतिशत रहा।

मेघालय के विदेशी प्रशिक्षण नोड में शुरू हुआ भारत-फ्रांस सैन्य अभ्यास 'शक्ति'

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत-फ्रांस संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति का 7वां संस्करण सोमवार से मेघालय के विदेशी प्रशिक्षण नोड में शुरू हो गया है। मेघालय के उमरोई में विदेशी सेनाओं को प्रशिक्षण देने के लिए आधुनिक सेंटर बनाया गया है। यहां 26 मई तक होने वाला सैन्य अभ्यास द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो वैकल्पिक रूप से भारत और फ्रांस में आयोजित किया जाता है। पिछला संस्करण नवंबर, 2021 में फ्रांस में आयोजित किया गया था।

पूर्ण रूप से विकसित विदेशी प्रशिक्षण नोड में संयुक्त अभ्यास के उद्घाटन समारोह में भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी माथौ और 51 सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल प्रसन्ना सुधाकर जोशी ने भाग लिया। भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व 90 कर्मियों वाली राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन अपने हथियारों के साथ कर रही है। भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना के पर्यवेक्षक भी अभ्यास का हिस्सा बनेंगे। फ्रांसीसी टुकड़ी में भी 13वीं फॉरेन लीजन हाफ-ब्रिगेड (13वीं डीबीएलई) के 90 सैन्य कर्मी हैं।सैन्य शक्ति अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र जनादेश के अध्याय श्क्कके तहत एक उप पारंपरिक परिदृश्य में बहु-डोमेन संचालन करने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है। यह संयुक्त अभ्यास अर्ध-शहरी और पहाड़ी इलाकों में संचालन पर केंद्रित होगा। संयुक्त प्रशिक्षण से हासिल किए जाने वाले उद्देश्यों में उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, सामरिक स्तर पर संचालन के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना शामिल है।

संक्षिप्त खबरें

पदधारियों ने दिए प्रतीक चिन्ह

पटना सिटी (प्राकि)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धार्मिक रस्मों को पूरा करने के बाद जब वीआईपी लॉउंज में पहुंचे, तब यहां कमेटी के पदधारकों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने उन्हें सरोपा प्रदान किया। कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, कनीया उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह और सुमित सिंह कलसी ने उन्हें क्रमशः तख्तश्री पटना साहिब के इमारत का प्रतीक चिन्ह, श्री साहिब (तलवार),लिटरेचर आदि प्रदान किए। अल्लाह किस दौरान पांच लोगों को ही अनुमति दिए जाने के कारण कमेटी के सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन और हरपाल सिंह जौहल वीआईपी लॉउंज में प्रवेश नहीं पा सके।

नरेंद्र मोदी का अश्वनी, नंदकिशोर व रविशंकर ने किया स्वागत

पटना सिटी (प्राकि)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिखों के दशम गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के जन्मस्थली तख्तश्री हरिमंदिर साहिब में मत्था टेक गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, एनडीए प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद, महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार, मीडिया प्रभारी प्रदीप काश, संजीव यादव आदि उपस्थित रहे।

ट्यूशन फी मांगने पर किया बदसलूकी

फतुहा। थाना क्षेत्र के बलवा गांव में एक ट्यूशन पढ़ाने वाली छात्रा द्वारा फी मांगे जाने पर आरोपियों ने छात्रा के साथ बदसलूकी की तथा विरोध किए जाने पर छात्रा के घर पर रोड़ेबाजी करते हुए छात्रा के परिजनों के साथ मारपीट किया। इस सन्दर्भ में पीड़ित छात्रा के पिता राधेश्याम सिंह ने तीन लोगों को नामजद करते हुए शिकायत भी दर्ज करायी है। बताया जाता है कि राधेश्याम सिंह की पुत्री अपने घर पर ही गांव के बच्चों को ट्यूशन देने की काम करती है। आरोपी के एक बच्ची भी ट्यूशन करने उसके पास जाती थी। लेकिन काफी दिन हो जाने पर आरोपी ट्यूशन फी नहीं दे रहा था तथा टाल-मटोल कर रहा था। बीते रविवार को जरुरत पड़ने पर छात्रा ने जब आरोपी के घर जाकर फी मांगी तो आरोपी व उसके परिजन भड़क गये और उसके साथ गाली गलौज कर बदसलूकी किया। जब छात्रा ने आपबीती अपने परिजनों को बताया तो परिजनों ने आरोपियों का विरोध किया। इसके बाद आरोपियों ने छात्रा के परिजनों के साथ मारपीट किया तथा रोड़ेबाजी की। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है।

डेढ़ साल की बच्ची के साथ एक महिला लापता

फतुहा। थाना क्षेत्र के एक गांव से अपने डेढ़ साल की बच्ची के साथ एक महिला के लापता हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस सन्दर्भ में महिला के पति के द्वारा थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया है। दर्ज शिकायत के आधार पर बताया जाता है कि महिला अपने तीन साल की बच्ची को घर पर छोड़कर तथा अपने साथ डेढ़ साल की बच्ची को लेकर बीते 11 मई को घर से यह कहकर निकल गयी कि वह दवा लेने के लिए फतुहा बाजार जा रही है। लेकिन वह अभी तक घर भी लौटी है। हालांकि पति ने महिला द्वारा अपने साथ गहने भी लेकर जाने की शिकायत में दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आवास निर्माण नही करने वालो पर कार्रवाई की

दानापुर। नगर के अंतर्गत दियारा के मानस पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना को निरीक्षण करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी विभेष आनंद ने आवास निर्माण नही करने वालो के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही। उन्होने कहा कि योजना के राशि लेने के बाद भी कई लाभार्थी द्वारा आवास का निर्माण कार्य पुरा नही किये जाने की शिकायत मिली थी। जिसको लेकर मानस पंचायत में जांच की गयी। जिसका रिपोर्ट तैयार किया जायेगा। उन्होने बताया कि निरीक्षण के दौरान कुछ लोगो द्वारा राशि लेने के बाद भी कार्य नही कराया गया है। ऐसे लोगो को चिन्हित किया जा रहा है। सभी पंचायतो से ऐसी शिकायत मिली है। जिसकी जांच करा रिपोर्ट तैयार किया जायेगा। सभी को एक सप्ताह के अंदर निर्माण कार्य करने को निर्देश दिया गया है। जो लाभार्थी योजना का लाभ लेकर आवास निर्माण नही कराये है। उनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी।

आधा घंटा के प्रवास में पीएम मोदी ने संगतों का दिल जीता

दरबार साहिब में मत्था टेका, कड़ाह प्रसाद की सेवा के बाद चल रहे अखंड पाठ की चंवर की सेवा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पटना प्रवास के दौरान सोमवार की सुबह दशमेश पिता साहिबे कमाल श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के जन्म स्थल तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचे। काले रंग की कार से उतरने के साथ ही उनका स्वागत तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह, उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह के अलावा बाबा गुरविंदर सिंह, बाबा गुरनाम सिंह दिल्लीवाले, बाबा मेजर सिंह, डॉ संतोख सिंह, राजन सिंह आदि ने किया। किसके बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी के कदम सीधे दरबार साहिब की ओर चल पड़े। रास्ते में उन्होंने 501 रुपए का कड़ा प्रसाद और रुमाला लिया। इसे लेते हुए वे दरबार साहिब में गए। मौजूद संगतों ने बोले सो निहाल सतश्री अकाल के जयकारा के साथ उनका स्वागत किया। श्री मोदी गुरु महाराज के समक्ष मत्था टेके। इसके बाद वे कड़ाह प्रसाद का भोग लगाने को जटाधार यानी बलदेव सिंह को सौंप दरबार साहिब की परिक्रमा करने और पवित्र कुएं का जल का पान करने के बाद श्री मोदी दरबार साहिब के बगल में स्थित श्री गुंबद साहिब में गए।

चंवर की सेवा की

यहां पीएम श्री मोदी के द्वारा श्री अखंड पाठ रखवाया गया था। वे एक बार फिर गुरु ग्रंथ साहिब के समझना समस्या तक हुए यहां पाठ की सेवा ग्रंथि करतार सिंह और उनके साथ नवराज सिंह हैप्पी कर रहे थे। यहां श्री मोदी ने हाथ में चावल लेकर गुरु ग्रंथ साहिब की सेवा की। पाठ का समापन मंगलवार की सुबह होगा। इसमें निकले मुख्य वाक को लेकर राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू लौटेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने में 501 या हजार का दान रसीद भी कटवाया। यह भी सांसद श्री संधू लेकर दिल्ली में श्री मोदी को सौंपेंगे।

कार्यपालक पदाधिकारी ने सड़क निर्माण व नाला का निरीक्षण किया

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। बुडको द्वारा जल निकासी को लेकर बनाये गये नाला का कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार व बुडको के सहायक अभियंता फैजान आलम ने निरीक्षण किया। इसके साथ ही पदाधिकारी ने सड़क निर्माण का भी जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान नाला का चैंबर निर्माण काफी दूरी पर बनाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए चैंबर की दूरी कम करने एवं उसकी चौडाई बढाकर एक स्लैब की जगह दो स्लैब करने का निर्देश दिया। पदाधिकारियो ने इस मार्ग में पड़ने वाले मार्ग एवं उसके जल निकासी को ध्यान में रखते हुए मुख्य नाले से जुडाव को लेकर भी प्रावधान रखने आदि निर्देश दिया।

कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि चंद्रशेखर नगर में जल निकासी को लेकर समस्या काफी पूर्व में रही है। इसको देखते हुए नाला निर्माण का चल रहे कार्य का जायजा लिया गया। जिसमें कुछ कमियो को दूर करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान नगर प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार व सफाई निरीक्षक रंजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

इस बार संगत नहीं, राहगीर हुए खासा परेशान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री के पटना सिटी आगमन पर इस बार गुरु घर में संगतों को कोई परेशानी नहीं हुई, मगर सड़क पर चलने वाली जनता को खासा परेशानी का सामना करना पड़ा।

पीएम श्री मोदी के आगमन को लेकर चौक मोड़ के थोड़ा पूरब गली मोड़ के पास बेरीकेडिंग लगा कर वाहनों को पूरब की ओर नहीं जाने दिया जा रहा था, तो चमडोरिया मोड़ से भी वाहनों को पश्चिम की ओर नहीं जाने दिया जा रहा था।

यही नहीं, बाड़े की गली और हरिमंदिर गली के रास्ते भी अशोक राजपथ की ओर लोगों को आने और जाने की अनुमति नहीं दी गई थी। लोगों का जुटान कंगन घाट और भद्रघाट से लेकर कंगन घाट के बीच रोड किनारे था। हालांकि मरीन ड्राइव से उनका काफिला गुजरने के दौरान लोगों को प्रधानमंत्री का दीदार नहीं हो पाया। यही नहीं, प्रधानमंत्री के तख्तश्री पटना साहिब से वापस लौटने के दौरान भी वाहनों को अशोक राजपथ के पास भद्र घाट और दूसरी ओर पुरानी आलमगंज चौकी, रामपुर नहर रोड वाले रास्ते, एनएमसीएच रोड आदि में रोक दिया गया था। इस कारण से करीब दो से तीन घंटे तक लोग ट्रेफिक जाम में बुरी तरह से बेहाल रहे।

स्थिति यह रही कि हरिमंदिर गली और बाड़े की गली से भी जो लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक झलक पाना चाह रहे थे, उन सबों को भी पुलिस के द्वारा हटाया जा रहा था। हालांकि बाद में कुछ लोग आसपास के छज्जे पर गए, मगर घर की छतों पर भी पुलिस बल की तैनाती ने उन सबों को पीछे हटने को मजबूर कर दिया। नतीजतन एक बड़ी आबादी नरेंद्र मोदी की एक झलक पाने से वंचित रह गई।

मुजफ्फरपुर-वास्को द गामा समर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार

हाजीपुर। हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते चलायी जा रही वास्को द गामा-मुजफ्फरपुर-वास्को द गामा समर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है । अब गाड़ी सं. 07309 वास्को द गामा-मुजफ्फरपुर समर स्पेशल 15 मई से 12 जून तक प्रत्येक बुधवार को वास्को द गामा से 16 बजे खुलकर शुक्रवार को 07 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए 09.45 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी । इसी तरह गाड़ी सं. 07310 मुजफ्फरपुर-वास्को द गामा समर स्पेशल 18 मई से 15 जून तक प्रत्येक शनिवार को मुजफ्फरपुर से 13 बजे खुलकर 14.45 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए सोमवार को 06.30 बजे वास्को द गामा पहुंचेगी । इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 01, तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 10 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच हैं।

लंगर में खीर परोसा, रोटी बेल की सेवा

तीन रोटी बेलने पर लोगों की प्रतिक्रिया तीसरी बार भी केंद्र की सत्ता तय

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री कुछ न कुछ ऐसा कर जाते हैं कि लोग उन्हें लंबे समय तक याद रखते हैं। कुछ ऐसा ही हुआ, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दरबार साहिब से निकलने के बाद चल रहे श्री अखंड पाठ साहिब के पास गए। फिर इसके बाद वह लंगर हॉल चले गए। यहां इन्होंने आधुनिक किचेन और इसमें लगी मशीन को देखा। इस दौरान बड़े तबेले में बन रहे सब्जी को बड़े कलछुल की मदद से चलाया। फिर इसके बाद रखे गए चकला और बेलन पर तीन रोटी बेल कर बनाने का काम किया। फिर वह संगत के बीच गए और बाल्टी में रहे खीर को संगतों के बीच परोसने का काम किया। इस दौरान संगतों की प्रतिक्रिया रही की नरेंद्र मोदी ने तीन रोटी को बेला है उन्होंने केंद्र की सरकार में दो कार्यकाल बखूबी पूरा किया है। अब तीसरा कार्यकाल का सत्ता भी इन्हें ही मिलना तय है। करण की इन्होंने न तो एक या दो रोटी बेली और न ही अधिक। इन्होंने तीन रोटी बेली। गुरु महाराज का आशीर्वाद इन्हें मिल गया और इन्हें तीसरी बार सत्ता का सुख निश्चित तौर पर नसीब होगा।

यहां से श्री मोदी वापस तक श्री कमेटी के कार्यालय स्थित विप लॉन्च में गए यहां सिर्फ पांच लोगों के मौजूद रहने की अनुमति दी गई थी इस दौरान जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह, कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, कनीय उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह एवं सुमित सिंह कलसी मौजूद।

ग्रैंड ऑडिशन इमपावर मिस्टर & मिस बिहार, द्वितीय संस्करण का हुआ ऑडिशन

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। ग्लैक्सी स्टूडियो मे इमपावर मिस्टर बिहार, मिसेस बिहार एवम मिस बिहार 2024 का ऑडिशन पटना के गोला रोड स्थित ग्लैम में रविवार को हुआ, जिसमे बिहार के अनेक जिलों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बिहार के मुजफ्फरपुर, कटिहार, सहरसा, भोजपुर, गया सहित अनेक जिलों से प्रतिभागियों ने भाग किया। शो का निर्देशन डॉ रोहिणी झा ने की। जुरी में डॉ आर के गुप्ता, चर्म रोग विशेषज्ञ, प्रोफेसर समर रियाज सेंट जेवियर कालेज आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी एवम आस्था सिंह फैशन डिजाइनर ग्लैम ग्लैक्सी स्टूडियो थे । द्वितीय संस्करण के ऑडिशन मे लगभग 40-50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ऑडिशन के मुख्य जूरी डॉ आर के गुप्ता ने कार्यक्रम की सफलता के लिए डॉ रोहिणी झा की प्रशंसा करते हुए ग्रैंड फीनाले के लिए अपनी अग्रिम शुभकामनायें दी।

हमारे अभिभावक जरूर करें मतदान

प्रात :किरण संवाददाता

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से लिट्रा वैली स्कूल के बच्चों ने अभियान चलाया और अपने-अपने माता-पिता से कहा कि देश के भविष्य और उनके भविष्य के लिए वे अवश्य मतदान करें। जागरूकता कार्यक्रम में संस्थान की निदेशक डॉ. ममता मेहरोत्रा, पटना जिला मतदाता जागरूकता अभियान की आइकॉन नीतू कुमारी नवगीत, सामयिक परिवेश की सचिव विभा सिंह, वरिष्ठ सदस्य दिव्या यादव तथा लिट्रा वैली स्कूल के प्रिंसिपल श्रीनिवास कुमार ने भी हिस्सा लिया। जागरूकता कार्यक्रम में वरिष्ठ लेखिका ममता मेहरोत्रा ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव का महत्व सबसे अधिक है। बच्चों के माध्यम से हम सभी अभिभावकों और मतदान करने की अर्हता का चुके लोगों से अपील करना चाहते हैं कि लोकसभा चुनाव में अवश्य ही मतदान करें। जागरूकता अभियान की आइकॉन है नीतू नवगीत ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। चुनावी प्रक्रिया की मजबूती से देश मजबूत बनता है। इसलिए सभी अभिभावक अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए मतदान करें। मतदान महादान होता है। लोकतंत्र में मिले सबसे अच्छे अधिकारों में से एक अधिकार मतदान करने का अधिकार भी है। हमें अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। सभी बच्चों ने कार्यक्रम में एक स्वर में कहा कि वह अपने-अपने परिवार के सदस्यों को वोटिंग के लिए प्रेरित करेंगे।

सीबीएसई दशवीं व बारहवीं में जीडी गोयनका के बच्चों ने लहराया परचम

प्रात :किरण संवाददाता

सीबीएसई द्वारा सोमवार को 10वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए गए` परीणाम आते ही स्कूली बच्चों व शिक्षकों में खुशी की लहर दौर गयी` वहीं दानापुर स्थित जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दशवीं व बारहवीं में बेहतर प्रदर्शन किया है` मिली जानकारी के मुताबिक उक्त विद्यालय के छात्रों ने 10वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं शत प्रतिशत सफलता हासिल की है ` में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 10वीं कक्षा की अदिति सिंह, आर्यन, सौम्या कुमारी एवं प्रियांश सिंह ने 96% अंकों के साथ स्कूल टॉपर बने। वहीं 12वीं कक्षा की प्रेरणा सिंह ने भी 95% अंकों के साथ विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। 10वीं कक्षा में विद्यालय के 90 फीसदी छात्रों ने डिस्टिंक्शन एवं 43 प्रतिशत छात्रों ने 90% से अधिक अंक हासिल किया है। स्कूली बच्चों के प्रदर्शन पर विद्यालय अध्यक्ष व प्रधानाचार्य ने सभी शिक्षकों व छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मुंगेर लोस निर्वाचन क्षेत्र के तहत पटना के मोकामा व बाढ़ में शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न

- मोकामा में 52.78 व बाढ़ में 54.73 फीसदी मतदान, फर्स्ट टाइम वोटर्स, महिलाएं व दिव्यांगजन दिखे उत्साहित

प्रात :किरण संवाददाता

पटना :- गोपाल विद्यार्थी` लोस चुनाव के चौथे चरण के मतदान के तहत सोमवार को मुंगेर लोस क्षेत्र अंतर्गत पटना के मोकामा व बाढ़ में सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ` जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, शीर्षत कपिल अशोक द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुरूप मानकों के अनुसार सभी व्यवस्था की गई थी। स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी एवं सहभागितापूर्ण वातावरण में मतदान सम्पन्न हुआ। पूर्वाह्न 07.00 बजे से अपराह्न 06.00 बजे मतदान की अवधि निर्धारित थी। मौसम भी अपेक्षाकृत अनुकूल था। फर्स्ट टाईम वोटर्स, वरिष्ठ मतदाताओं, दिव्यांगजन, महिलाओं सहित सभी निर्वाचकों ने पूरे उत्साह से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केन्द्रों पर प्रशासन द्वारा हर प्रबंध यथा रैम्प, व्हीलचेयर, शुद्ध पेयजल, छायादार स्थान, हेल्पडेस्क, वरिष्ठ मतदाताओं, दिव्यांगजन के लिए सहायता इत्यादि का प्रबंध किया गया था। मोकामा विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत 52.78 तथा बाढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत 54.73 रहा।

मोकामा में 290 व बाढ़ में 301 मतदान केंद्रों पर हुआ मतदान मोकामा में 290 मतदान केन्द्र तथा बाढ़ में 301 मतदान केन्द्र है। कुल भवनों की संख्या 371, भेद्य मतदान केन्द्रों की संख्या 140, क्रिटिकल मतदान केन्द्रों की संख्या 433, सेक्टर जोनल मजिस्ट्रेट की संख्या 66, माईक्रो ऑब्जर्बर की संख्या 90, वीडियोग्राफर 93, वेबकास्टिंग बूथों की संख्या 297, मॉडल पोलिंग स्टेशन 07, पीडब्ल्यूडी/यूथ/वीमेन मैनेज्ड बूथों की संख्या क्रमशः 02, 04 एवं 02 थी। मुंगेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अवस्थित मोकामा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र एवं बाढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निवार्ची पदाधिकारी क्रमशः अनुमंडल पदाधिकारी बाढ़ एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता, बाढ़ हैं।

मतदान केंद्रों पर निर्वाचन आयोग के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के आलोक में मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएँ (एएमएफ) उपलब्ध थी। सुगम, सहज, सुरक्षित एवं समावेशी मतदान सम्पन्न कराने के लिए सम्पूर्ण प्रशासनिक तंत्र सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध था। वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन, महिलाओं सहित सभी मतदाताओं के लिए उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। यद्यपि अपेक्षाकृत गर्मी कम थी फिर भी मतदान केन्द्रों पर हीटवेव मिटिगेशन प्लान के अनुसार सभी व्यवस्था की गई थी। प्रत्येक मतदान केन्द्र भवन/अवस्थान पर मतदाताओं की सुविधा हेतु मतदाता सहायता केन्द्र क्रियाशील था। जिलाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त जिला नियंत्रण कक्ष से संपूर्ण गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। विधानसभावार प्रतिनियुक्त सेक्टर जोनल दंडाधिकारी, भ्रमणशील दंडाधिकारी, सुपर जोनल दंडाधिकारी एवं वरीय सुपर जोनल दंडाधिकारी कर्तव्य पर मुस्तैद थे।

बिहारी स्कॉलर्स फोरम के अध्यक्ष गोपाल विद्यार्थी ने सीबीएसई दशवीं व बारहवीं के टॉपर्स को दी बधाई

प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी` सीबीएसई दशवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों, उनके अभिभावको, शिक्षको समेत विद्यालय संचालकों को बिहारी स्कॉलर्स फोरम के अध्यक्ष गोपाल विद्यार्थी ने बधाई देते हुए कहा कि सीबीएसई द्वारा 10 वी एवम 12वी का जारी परिणाम काफी उत्साहपूर्ण एवम सराहनीय है` श्री विद्यार्थी ने कहा कि जल्द ही सीबीएसई व बिहार बोर्ड के बेहतर अंक से उत्तीर्ण बच्चों को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा।

रानी घाट में तैरता मिला शव, पहचान नहीं

प्रात :किरण संवाददाता

रानी घाट से सोमवार की शाम शव सुलतानगंज थाना की पुलिस ने बरामद किया है। हालांकि उसकी पहचान नहीं हुई है। उसकी उम्र करीब 55 वर्ष आंकी गई है। पुलिस का कहना है कि गंगा नदी के पानी में शव तैर रहा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से निकलवाया। इसका पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। मृतक के गले में काला धागा बंधा है। उसके पॉकेट से दो चाबी मिला है। इसे देखने से एक मोटरसाइकिल का और दूसरा कमरा का किसी ताला का लगता है। हालांकि उसके पास से कोई भी ऐसा सामान बरामद नहीं हुआ, जिससे उसकी पहचान की जा सके।

एसोसिएशन द्वारा सम्मानित किये जायेंगे सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण बच्चे

प्रात :किरण संवाददाता

(गोपाल विद्यार्थी)बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ डी के सिंह एवं उपाध्यक्ष डॉ एस एम सोहैल ने संयुक्त रूप से कहा है कि सीबीएसई दशवीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर अंक हासिल करने वाले बच्चों को संगठन द्वारा जुलाई माह में सम्मानित किया जाएगा एसोसिएशन अध्यक्ष ने सफल बच्चों व शिक्षकों को बधाई व शुभकामनाये दी है।

सड़क जाम कर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग

लापता किशोर का मिला था शव, पोस्टमार्टम रूम में पहचान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आलमगंज थाना क्षेत्र के आलमगंज घेरा के पास किशोर का शव मिला है। यह शव 16 वर्षीय किशोर मो अशहर की है। अगमकुआं थाना क्षेत्र में मिले शव के बाद हत्या की आशंका जताते हुए परिजनों ने लोगों के सहयोग से हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग की। इसे लेकर लोगों ने सड़क जाम कर हंगामा किया।

सड़क जाम किए लोगों का कहना था कि तीन दिन पहले नूरानीबाग घेरा निवासी मो जियाउल रहमान के पुत्र अशहर घर से निकला था। इसके बाद वह लापता था। काफी खोजबीन के बाद रविवार को शव की पहचान परिजनों ने नालंदा मेडिकल कॉलेज में जा कर की। यहां से सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को घर लाया गया। इसी दौरान लोगों ने सड़क जाम कर हंगामा किया।

सड़क जाम किए लोगों का कहना है कि बीते वर्ष भाई की हत्या हुई थी। हत्यारोपितों ने धमकी भी दी थी। ऐसे में आशंका है कि उन्हीं लोगों के द्वारा हत्या की हत्या की घटना को अंजाम दिया गया होगा। सड़क जाम की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझा कर सड़क जाम हटवाने का काम किया। जाम के कारण अशोक राजपथ पर वाहनों का परिचालन बाधित हो गया था।

डेहरी जंक्शन पर चलाया गया रेल यात्री सुरक्षा जागरूकता अभियान

प्रात :किरण संवाददाता

डेहरी (रोहतास) । यात्रियों की भीड़ के देखते हुए पूर्व मध्य रेल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक रामविलास राम व मानवाधिकार सामाजिक सुरक्षा जन कल्याण संघ के अध्यक्ष संजीत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में रेल यात्री सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें रेलवे की सुरक्षा एवं संरक्षा हेतु यात्रियों को सुझाव दिया गया, तथा सुरक्षित व सुखद यात्रा को लेकर रेल प्लेटफार्म पर यात्रियों के बीच टिप्स दिए गए। तथा आए दिन हो रहे रेल दुर्घटनाओं से बचने के लिए रेल पुल का उपयोग करने तथा अनाधिकृत रेलवे ट्रैक पार नहीं करने एवं चलती रेलगाड़ियों के ऊपर पत्थर नहीं चलाने की सलाह दी गई। वही,संस्था के सूचना एवम्तकनीक प्रभारी प्रताप कुमार गुप्ता ने बताया कि सुरक्षित यात्रा के लिए बिना टिकट के यात्रा न करें,तथा भीड़ को देखते हुए काम से काम समान लेकर ही यात्रा करें,तथा रेलगाड़ी व रेल परिसर को साफ सुथरा व स्वच्छ रखने की बात कही तथा रेलवे के किसी भी सहायता के लिए टॉल फ्री नंबर 139 पर कॉल करने तथा उसके बारे में बताया गया ।

संस्था के मीडिया प्रभारी ऋतुराज उपाध्याय ने बताया कि भीड़भाड़ वाले स्थान पर हमे अपने परिवार का विशेष ध्यान रखें क्योंकि मौके की तलाश में मानव तस्करी गिरोह सक्रिय हो जाती है और हम अपनी थोड़ी सी लापरवाही के कारण अपने परिवार के सदस्य को खो देते हैं। इस अभियान में संस्था के सुदर्शन सिंह,विकास कुमार,एजाज अहमद, रोहित कुमार, सुनीता देवी रेलवे सुरक्षा बल के उपनिरीक्षक मनोज कुमार,शिवराज साह,सहायक उपनिरीक्षक मनोज कुमार चौधरी,प्रधान आरक्षी एस के सिद्दीकी, संतोष कुमार पासवान, आरक्षी मुकेश कुमार दुबे व अन्य यात्री उपस्थित थे।

भूखे, प्यासे रहकर भी लोग अपना हक लेना जानते हैं: लालू

हमारे जॉब शो के सामने पूरी तरह से फ्लॉप रहा पीएम मोदी का रोड शो : तेजस्वी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

• पाटलिपुत्रा लोकसभा सीट से डॉ मीसा भारती ने किया नामांकन

पाटलिपुत्रा लोकसभा क्षेत्र से डॉ मीसा भारती ने इंडिया गठबंधन समर्थित राष्ट्रीय जनता दल की उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद आयोजित आशीर्वाद नामांकन सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कहा कि आज संविधान में अगर कुछ हुआ तो देश की जनता पूरी तरह से गर्म हो जायेगी। भारत क्रांति की धरती है। भूखे, प्यासे रहकर भी लोग अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ना जानते हैं। अन्याय के खिलाफ भारत में हमेशा क्रांति हुई है। हमलोग किसी भी हाल में संविधान को खत्म नहीं होने देंगे। नरेन्द्र मोदी की सरकार भारत से आरक्षण व्यवस्था खत्म करना चाहती है। उन्होंने आगे कहा कि तेजस्वी यादव तबीयत खराब होने के बावजूद भी आपलोगों के बीच पहुंच रहा है। क्योंकि आज संविधान और लोकतंत्र को बचाना आवश्यक है और इसके लिए हमसभी को मिलकर लड़ना होगा। उन्होंने पीएम मोदी के रोड शो पर कहा कि कल मोदी और नीतीश कुमार हुलुक-हुलुक कर देख रहे थे कि पटना के लोग नहीं हैं। इस बार बिहार समेत देश ने मन बना लिया है कि सत्ता बदल देना है। नरेन्द्र मोदी और नीतीश कुमार हमारे और हमारे परिवार पर प्रहार कर रहे हैं लेकिन उनके इनसब बातों का मैं परवाह नहीं करता। इस बार नरेन्द्र मोदी की विदाई तय है और उनका बढ़िया से विदाई होगी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि 34 साल के नौजवान के खिलाफ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य केन्द्रीय मंत्रियों के साथ-साथ असम, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ बिहार के दो-दो उपमुख्यमंत्री सहित पूरा बिहार का और केन्द्रीय मंत्रिमंडल के अनेको मंत्री हेलिकाप्टर से बिहार के लोगों के स्वाभिमान और न्यायप्रिय जनता के मुद्दों पर सकारात्मक राजनीतिक के बजाय हिन्दू, मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद, पाकिस्तान, कब्रिस्तान और मछली, तितली की बात कर रहे हैं लेकिन मजाल है कि वो नौकरी, रोजगार, बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई और विकास, निवेश जैसे मुद्दों पर बात कर सकें। इस अवसर पर पटना के श्रीकृष्ण स्मारक भवन में आयोजित नामांकन सभा का संचालन राजद के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा ने की जबकि कार्यक्रम को पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्या, सन ऑफ मल्लाह वीआईपी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी, पूर्व सांसद डॉ रंजन प्रसाद यादव, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह, कॉमरेड अरूण कुमार मिश्रा, पूर्व मंत्री उदय नारायण चौधरी, श्याम रजक, जयप्रकाश नारायण यादव, डॉ कांति सिंह,भोला यादव, विधायक भाई विरेन्द्र, रेखा पासवान, संदीप सौरभ, डॉ रामानंद यादव, गोपाल रविदास, विजय कृष्ण, शक्ति सिंह यादव, सैयद फैसल अली, कारी सोहैब, सुदय यादव, फारूक शेख, अनिल शर्मा, उदय मांझी, चौधरी महबूब अली कैसर, एजाज अहमद, फारूक शेख,विनोद श्रीवास्तव, डॉ अनवर आलम, आजाद गांधी, महताब आलम, विजय प्रकाश, डब्लू सिंह, मुन्नी रजक, भीम कुमार यादव, संजीव राय, राजकिशोर यादव, दीनानाथ सिंह यादव, खुर्शीद आलम सिद्दिकी, प्रमोद कुमार सिन्हा, अरुण कुमार यादव,अफरोज आलम,के डी यादव, उपेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी , मो आशिक सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे।

दलितों, पिछड़ों के आरक्षण को छीनने का कांग्रेस कर रही कुत्सित प्रयास : सम्राट

• बोलें- संविधान से छेड़छाड़ करने से कांग्रेस को कभी परहेज नहीं रहा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बार-बार संविधान से छेड़छाड़ करने वाली कांग्रेस ने ही 1975 में देश के लोकतंत्र को इमरजेंसी लगा कर अपने पैरों तले रौंदा था। इमरजेंसी के 19 महीने के उस काले दौर के दौरान कांग्रेस की सरकार द्वारा किए गए जन-उत्पीड़न और प्रताड़ना को यह देश कभी नहीं भूल सकता है। वह ऐसा दौर था जब पूरे देश को जेलखाना बना दिया गया था। नागरिकों के मौलिक अधिकारों को छीन लिया गया था। रातों-रात चुनी हुई सरकारों को गिराने और तमाम तरह के असंवैधानिक कार्यों को करने वाली कांग्रेस आज लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देकर अपने पापों को छुपाना चाहती है। श्री चौधरी ने कहा कि परिवारवाद और भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस आज देश के तमाम परिवारवादियों व भ्रष्टाचारियों का गठजोड़ कर सत्ता हासिल करने के लिए बेचैन है। देश की जनता कांग्रेस के चाल, चरित्र और चेहरा को अच्छी तरह से पहचानती थी। सत्ता के स्वार्थ में ही आज गैरकांग्रेसवाद की कोख से निकले लालू यादव यानी राजद कांग्रेस की चरण वंदना करने में लगा हुआ है। कांग्रेस के शहजादा राहुल गांधी ने संविधान द्वारा शक्ति प्रदत्त कैबिनेट से संबंधित निर्णय से लाए गए ऑर्डिनेंस की कॉपी को सार्वजनिक तौर पर फाड़ कर अपना तेवर दिखाया था जिसके कारण सजायफ्ता होकर लालू यादव आज पंचायत का चुनाव तक नहीं लड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण देने का दो-तीन बार प्रयास किया किन्तु न्यायालय ने इन्हें असंवैधानिक बता कर रद्द कर दिया। अब एक बार फिर मुस्लिम आरक्षण का वायदा कांग्रेस और लालू यादव कर वोटों के ध्रुवीकरण और तुष्टिकरण की असफल कोशिश कर रहे हैं। अल्पसंख्यक के नाम पर तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली कांग्रेस और राजद को अल्पसंख्यक के तौर पर जैन, बौद्ध, सिख, पारसी आदि दिखाई नहीं पड़ते हैं। इसी से इनका गुप्त एजेंडा समझा जा सकता है। श्री चौधरी ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेदकर का संविधान धार्मिक आधार पर आरक्षण की इजाजत नहीं देता है, मगर कांग्रेस और राजद लगातार मुस्लिम आरक्षण की वकालत कर रहे हैं, क्या संविधान को बदले बिना यह संभव है? आखिर संविधान बदलने और बाबा साहेब की भावनाओं का अपमान कर दलितों, पिछड़ों का आरक्षण छीनने का दुष्चक्र कौन रच रहा है? क्या भारत का संविधान घोटाले और भ्रष्टाचार करने का अधिकार देता है? फिर कांग्रेस के राज में इतने बड़े-बड़े घोटाले कैसे हो गए? क्या यह संविधान का उल्लंघन नहीं है? तो क्या राहुल गांधी और लालू यादव संविधान बदल कर भ्रष्टाचार और घोटाले का अधिकार हासिल करना चाहते हैं?

पीएम मोदी का चेहरा ध्यान में रखकर वोट दे रही जनता : विजय

• बोलें-राष्ट्रीय विकास और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को एक साथ पूरा किया मोदी ने

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार ने राष्ट्रीय विकास और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को एकसाथ पूरा किया है ।जहाँ जनधन योजना, आवास योजना, मुद्रा स्कीम, किसान सम्मान निधि, डिजिटल क्रांति, गरीब कल्याण योजना जैसी योजनाओं ने देश के गरीब, युवा, किसान और महिलाओं का सशक्तिकरण करते हुए राष्ट्रीय विकास को नए स्केल पर पहुंचाया है। वहीं स्टार्ट अप योजना,आत्मनिर्भर भारत, विश्वकर्मा योजना जैसी पहल ने देश में विकास के नए स्कोप सामने लेकर आया है। विकास के नए स्केल और स्कोप वाली नीतियों को बिना भ्रष्टाचार और लीकेज के जिस तरह मोदी सरकार ने जनता तक डिलीवर किया है उससे आम जनता में सरकार के प्रति भी और अपने भविष्य को लेकर विश्वास जगा है । वहीं हर क्षेत्र और वर्ग की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर भी भी सरकार ने काफी काम किया है। पूर्वोत्तर के विकास से लेकर पर्वतीय इलाके की बात हो या आकांक्षी जिले और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लिए किये गए काम इस नजरिए से देखे जा सकते हैं। श्री सिन्हा ने कहा यह चुनाव मोदी जी की गारंटी पर जनता खुद लड़ रही है। इसलिए चुनाव में मुद्दा भी मोदी जी ही हैं और मत भी मोदी को ही मिल रहे हैं ।4 चरण के मतदान के बाद देश और प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से सूचनाएं मिल रही हैं उससे यह स्पष्ट है कि जनता इसबार अपना हर वोट मोदी जी का चेहरा ध्यान में रखकर दे रही है। श्री सिन्हा ने कहा कि तीसरे चरण के बाद तो विपक्ष के पांव उखड़ ही गए थे। लेकिन पहले पटना के रोड शो और फिर चौथे चरण के मतदान में मोदी जी के लिए अपार जनसमर्थन को देखकर विपक्षी खेमे को सांप सूंघ गया है। हर दिन संविधान खतरे में, धार्मिक आरक्षण, संपत्ति टैक्स, नस्लवादी टिप्पणी जैसी विघटनकारी इरादे दिखाने वाले ये बयानवीर आज शुतुरमुर्ग की तरह मोदी की आंधी में सिर झुकाकर दुबकने को मजबूर हो गए हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि देश के अन्य हिस्सों की तरह बिहार में इंडी शहजादों के उम्मीद की लालटेन बुझ चुकी है । देश और प्रदेश को विघटन, विनाश और वंशवाद के अंधरे में ले जाने के प्रयासों को जनता ने मोदी की गारंटी के उजाले से धो डाला है ।

नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्सुक है जनता : उमेश कुशवाहा

नीतीश कुमार के नेतृत्व में काले दौर से निकलकर नए उजाले की तरफ बढ़ा बिहार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा हाजीपुर लोकसभा से एनडीए उम्मीदवार चिराग पासवान के समर्थन में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी जनसभा में शामिल हुए। इस मौके पर उमेश सिंह कुशवाहा ने स्थानीय जनता से चिराग पासवान को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी प्रत्येक जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि विकास ही हमारा मुख्य एजेंडा है और एनडीए की सरकार में हुए विकास के अनगिनत कार्य हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। हाजीपुर की जनता कभी विपक्ष के बहकावे में नहीं आएगी। यह धरती लोकतंत्र की जननी है, यहाँ की जनता राजनीतिक रूप से संवेदनशील और जागरूक है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष के लोगों को सिर्फ अपने परिवार की चिंता है। जनता के सुख-दुख से उनका कोई वास्ता नहीं है, जबकि हमारे नेता श्री नीतीश कुमार सबको अपना परिवार मानकर सभी के उत्थान और कल्याण में दिनरात जुटें रहते हैं। श्री कुशवाहा ने कहा कि बिहार की जनता 2005 से पहले के दौर को भूल नहीं पाई है, जनता पुनः जंगलराज के अंधेरे में लौटना नहीं चाहती है। श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार काले दौर से निकलकर नए उजाले की तरफ बढ़ चुका है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश और बिहार की जनता ने तीसरी बार श्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया है। बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर हम बड़े अंतर से जीत दर्ज करेंगे। जनता में झूठ और भ्रम फैलाने वालों का मंसूबा कभी कामयाब नहीं होगा।

मनोज मंजिल को जमानत, न्याय की जीत : कुणाल

• निचली अदालत के फैसले पर स्टे ऑर्डर की अपील पर जल्द सुनवाई की उम्मीद

पटना। भाकपा माले के राज्य सचिव कुणाल ने आज पटना उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत का स्वागत करते हुए कहा कि बड़गांव मामले में निचली अदालत द्वारा सजायाफ्ता करार दे दिए गए भाकपा-माले के पूर्व युवा विधायक कॉमरेड मनोज मंजिल को पटना उच्च न्यायायल से जमानत मिल गई। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि अन्य 22 साथी भी जल्द ही जेल से बाहर होंगे। यह अन्याय पर न्याय की जीत है। उन्होंने आगे कहा कि कॉ मनोज मंजिल को जमानत तो मिल गई है, लेकिन निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सजा पर पटना उच्च न्यायालय से स्टे ऑर्डर जारी करने के मामले में अभी तक फैसला नहीं आया है। पार्टी ने निचली अदालत के फैसले पर स्टे ऑर्डर लगाने की भी अपील कर रखी है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि पटना उच्च न्यायालय निचली अदालत के फैसले पर स्टे ऑर्डर की अपील पर जल्दी ही सुनवाई करेगा और हमें पूरा न्याय मिलेगा। उन्होंने उच्च न्यायालय से अपील की है कि चूंकि अगिआंव में विधानसभा का उपचुनाव हो रहा है, इसलिए इस पर अविलंब सुनवाई की जरूरत है।

पांचों सीट पर एक बार फिर एनडीए की जीत सुनिश्चित: मंगल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सूबे के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने चौथे चरण में देश के 96 और राज्य के 5 लोकसभा सीटों पर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने पर हर्ष व्यक्त किया है। श्री पांडेय ने कहा कि चुनाव आयोग और स्थानीय पुलिस-प्रशासन की सजगता से मतदाताओं ने भयमुक्त होकर लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चौथे चरण में भी वोटरों ने पूरे जोशो-खरोश के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने को लेकर एनडीए के पक्ष में मतदान किया। कड़ी धूप में कतार में लग सभी आयु वर्ग के वोटरों ने सुरक्षित और मजबूत सरकार के पक्ष में वोटिंग किया। चौथे चरण में ही जनता ने एनडीए को अपना आशीर्वाद देकर बहुमत का आंकड़ा पार कर दिया है। चौथे चरण में संपन्न पांचों सीट पर एक बार फिर एनडीए की जीत सुनिश्चित है। रविवार को प्रधानमंत्री के रोड शो के बाद वोटरों में वोटिंग के प्रति सुबह से ही गजब का उत्साह था।

जदयू ने भी किया जीत का दावा : जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद ने कहा कि आज संपन्न हुए चौथे चरण के मतदान में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी उम्मीदवारों की जीत बहुत बड़े अंतर से होने का दावा किया है। श्री निषाद ने बताया कि मुंगेर, समस्तीपुर, बेगूसराय, दरभंगा और उजियारपुर के मतदाताओं ने सुशासन एवं विकास के नाम पर मतदान किया है। बिहार की आम अवाम किसी भी कीमत पर राज्य में जंगलराज नहीं देखना चाहती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी को बिहार की जानता पसंद करती है। बिहार के शेष तीन चरण के चुनाव में भी राज्य के आम मतदाता राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी उम्मीदवारों के पक्ष में अपना मत देकर बिहार की सभी चालीस सीटो पर जीत दर्ज करने में सफल होंगे।

अब बिहारी कहलाना अपमान नहीं गौरव का विषय : श्रवण

पटना। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमारने बाल्मिकी नगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम भतौरा टोला, पोहरा लछनौता, बेलवा, सिगरी मुड़ीला, सीगरी बहुआरी आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान के तहत जनसंपर्क किया ।इन इलाकों से लोगों ने एकमत होकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आह्वाहन पर एन डीए से जदयू प्रत्याशी सुनील कुशवाहा के तीर छाप पर बटन दबाकर विजय बनाने की अपील पर लोगों ने भरोसा दिलाया कि सुनील कुशवाहा को विजयी बनाएंगे और नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करेंगे क्योंकि नीतीश कुमार ने हर घर में बिजली पहुंचाई, हर घर में नल का जल पहुंचाया, नली-गली पक्कीकरण का कार्य, हर मोहल्ले में नाली-गली का निर्माण करवाया। आज एकल पद पर मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद की अध्यक्षता बनकर महिलाएं सरकार के कार्यों का संचालन एवं निष्पादन कर रही हैं। बेटियों को पोशाक की राशि, साइकिल राशि, मैट्रिक में प्रथम श्रेणी में पास करने पर दस हजार रूपए की राशि, इंटर में प्रथम श्रेणी में पास होने पर पच्चीस हजार की राशि एवं स्नातक में प्रथम श्रेणी में पास करने पर पचास हजार रुपए की राशि दी जाती है। बिहार में 10 लाख 47 हजार जीविका स्वयंसहायता समूह बनाया गया तथा एक करोड़ 30 लाख परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल की गई। 1 लाख 94 हजार परिवार जो हसिये पर था उन्हें रोजगार दिया गया अब यह परिवार आत्मनिर्भर है। नीतीश कुमार से 18 वर्षों के शासनकाल में हर गांव में शहर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है, लाचार व गरीब परिवारों को अपने पैरो पर खड़ा होने की दिशा में कार्य किया गया। अब बिहारी कहलाना अपमान नहीं गौरव का विषय है।

पांचों सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित : अरूण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव कहा कि पिछले तीन चरणों के संपन्न हुए चुनाव के तरह ही चौथे चरण में भी बिहार के पांचों लोकसभा क्षेत्र की हर वर्ग समुदाय के मतदाताओं ने उत्साहित होकर इंडिया गठबंधन समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान कर एनडीए को मुंहतोड़ जवाब दिया है। चौथे चरण के पांचों सीटों पर इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने जिस प्रकार बिहार की जनता के साथ भेदभाव किया है। बिहार की जनता कभी भूल नहीं सकती है। बिहार ने 2019 के लोकसभा चुनाव में 39 सांसद एनडीए को दिया। फिर भी बिहार के लिए केंद्र की भाजपा सरकार ने कुछ नहीं किया। बिहार की जनता का सभी बहुप्रतीक्षित मांगे जस का तस है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा की झूठ, भ्रम, धर्म और नफरत की राजनीति को पूरी तरह जनता ने नकार दिया है। वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जी के जनसरोकार की राजनीति पर मुहर लगाते हुए इंडिया गठबंधन के पक्ष में बिहार की जनता गोलबंद है।

बेगूसराय सहित सभी सीटों पर महागठबंधन की होगी जीत : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि चौथे चरण के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो और सभा का कोई असर नहीं पड़ा। मतदाताओं ने महागठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में जमकर वोट किया है। बेगूसराय लोकसभा सीट से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार अवधेश कुमार राय को सभी वर्गों का वोट मिला है और वे भारी मतों से जीत रहे हैं। बेगूसराय के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं ने बढ़-चढ़ कर सीपीआई. उम्मीदवार के पक्ष में वोट किया। बेगूसराय की जनता बेरोजगारी, महंगाई व साम्प्रदायिकता के खिलाफ और देश, संविधान व लोकतंत्र बचाने के लिए वोट किया है। भाकपा राज्य सचिव ने बयान जारी कर कहा कि चौथे चरण में 13 मई 2024 को बेगूसराय, मुंगेर, उजियारपुर, समस्तीपुर और दरभंगा में मतदान हुआ। सभी सीटों पर महागठबंधन उम्मीदवार की जीत हो रही है। चौथे चरण के मतदान के एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पटना में 12 मई 2024 को रोड शो किया इसके बावजूद बिहार की जनता पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। उल्टे सभी पांच सीट राजग के हाथ से निकल गई बिहार सहित पूरे देश में राजग के खिलाफ हवा है। प्रधानमंत्री अपने दस वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धि को बताने के बजाए हिन्दू-मुस्लिम कर रहे हैं। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि 2014 और 2019 में जो वादा किया था, वह पूरा नहीं किया गया। युवाओं को प्रत्येक साल दो करोड़ नौकरी नहीं मिली। गरीबों के खाते में 15-15 लाख रुपये नहीं गये। किसानों की आमदनी दो गुनी नहीं हुई। सभी गरीबों को पक्का घर नसीब नहीं हुआ। भाकपा राज्य सचिव ने बेगूसराय के मतदाताओं को इन्डिया-महागठबंधन के सीपीआई उम्मीदवार अवधेश कुमार राय को अपना समर्थन देने के लिए बधाई दी है।

चिराग पासवान रिकॉर्ड वोट चुनाव जीतेंगे : सत्यानंद

पटना। हाजीपुर संसदीय क्षेत्र में कोई लड़ाई नहीं है। यहां की जनता मन बना चुकी है कि चिराग पासवान को रिकॉर्ड वोट से चुनाव जितायेंगे। यह बात आज राजापाकर और दयालपुर में जनसंवाद कार्यक्रम में बोलते हुए लोजपा-(रा) के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सत्यानंद शर्मा, युवा लोजपा के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान,अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शंकर शर्मा ने कहा कि जनता के उत्साह कह रहें है कि चिराग पासवान रिकॉर्ड वोट चुनाव जीतेंगे। अपने पिता के रिकॉर्ड को तोड़ेंगे। चिराग पासवान दृढनिश्चयी व्यक्ति है। हाजीपुर में विकास की गंगा बहाने का उनका संकल्प है उसे पूरा करेंगे। जवानों के लिए रोजगार का अवसर पैदा करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता अजय कुमार ने किया। कार्यक्रम को पार्टी के कार्यालय सह प्रभारी सुरेश पासवान, जागेश्वर पासवान,सुनील कुमार शास्त्री,अभिनाष कुमार, राम कुमार पासवान ने संबोधित किया।

राजद ने भाजपा पर आदर्श आचार संहिता का माखौल उड़ाने का लगाया आरोप

पटना। राष्ट्रीय जनता दल ने भाजपा पर खुलेआम आदर्श चुनाव आचार संहिता का माखौल उड़ाने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से कार्रवाई करने की मांग की है। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त को दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि आज बिहार के जिन पांच लोकसभा क्षेत्रों में मतदान हो रहा है वहां के संस्करणों में प्रकाशित समाचार पत्रों में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के तस्वीर के साथ भाजपा का विज्ञापन प्रकाशित किया गया है जिसमें मतदाताओं से भाजपा के चुनाव चिन्ह पर बटन दबाकर कर वोट देने की अपील की गई है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि मतदान के 48 घंटे के अन्दर निर्वाचन क्षेत्रों में प्रकाशित होने वाले समाचार पत्रों में किसी प्रकार का विज्ञापन प्रकाशित करवाना आदर्श चुनाव आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन है ।ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग को तो स्वतः संज्ञान लेकर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और भाजपा की मान्यता समाप्त करना चाहिए। अन्यथा चुनाव आयोग की विश्वसनीयता और निष्पक्षता समाप्त हो जाएगी। राजद प्रवक्ता ने कहा कि आज जिन पांच लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में मतदान

मानसून पूर्व जलनिकासी के लिए अंतर विभागीय बैठक का आयोजन

विभागों के साथ जॉइंट विजिट कर दूर की जाएगी नाला उड़ाही की समस्या

पटना। आगामी मानसून को लेकर पटना नगर निगम द्वारा बुडको (बिहार शहरी आधारभुत संरचना विकास निगम लिमिटेड) के साथ अंतर विभागीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर एवं एमडी बुडको योगेश कुमार सागर द्वारा नाला उड़ाही, नए नालों के निर्माण एवं कनेक्शन, नाला के आसपास पोल, अतिक्रमण एवं अन्य जलनिकासी सम्बंधित समस्याओं पर विभाग वार विस्तृत चर्चा की गई। पटना नगर निगम और बुडको द्वारा अन्य विभागों के साथ समन्वय कर 31 मई तक सभी जलनिकासी की समस्याओ का निराकरण किया जाएगा। समस्याओं को दूर करने के लिए शार्ट एवं लॉन्ग टर्म प्लान बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान जलनिकासी कि इन समस्याओं के लिए संबंधित विभाग के साथ अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी एवं अभियंता जॉइंट विजिट कर समस्या को देखेंगे और समन्वय बना कर उसे दूर किया जायेगा। सभी विभागों के कार्य ससमय पूर्ण करने के लिए एक वाट्सअप ग्रुप तैयार किया गया है। जहाँ प्रतिदिन कार्यों की समीक्षा की जा रही है। सभी वरीय पदाधिकारी को इसमें समस्या एवं कार्य की प्रगति रिपोर्ट एवं तस्वीर डालने के लिए निर्देश दिया गया।

विलक्षण समालोचक और अद्भुत अध्येता था डा नन्द किशोर नवल

हिंदी साहित्य सम्मेलन में स्मृति दिवस पर आयोजित हुआ परिसंवाद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना विश्वविद्यालय में हिन्दी के प्राध्यापक रहे प्रो नन्द किशोर नवल हिन्दी और अंग्रेजी के ख्यातिनाम विद्वान ही नहीं एक विलक्षण समालोचक और अद्भुत अध्येता थे। हिन्दी साहित्य को अपनी तीक्ष्ण प्रतिभा और व्यापक अनुशीलन से समृद्ध करने वाले नवल जी ने हिन्दी आलोचना का इतिहास, आधुनिक हिन्दी कविता का इतिहास, बिम्ब प्रतिबिम्ब, पुनर्मूल्यांकन जैसे गुरु-गंभीर मौलिक ग्रंथों का सृजन कर हिन्दी भाषा और साहित्य के उन्नयन में ऐतिहासिक अवदान दिया। उनके निजी पुस्तकालय में पाँच हजार से अधिक पुस्तकें थीं, जिनमे से साढ़े चार हजार पुस्तकें उनके यशस्वी पुत्र चिन्तन भारद्वाज ने बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के पुस्तकालय को दान स्वरूप प्रदान की है। नवल जी ने यह सिद्ध किया कि साहित्यकारों और विशेषकर समालोचकों के लिए पुस्तकों का कितना बड़ा महत्त्व है।

यह बातें प्रो नन्द किशोर नवल की पुण्य-स्मृति में, लेखकों के जीवन में पुस्तक का महत्त्व विषय पर आयोजित परिसंवाद की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि नवल जी की हिन्दी-सेवाओं का उचित मूल्यांकन नहीं हो सका है। उन्होंने देश की अनेक महान साहित्यिक विभूतियों पर प्रचूरता से लिखा, जिनमें निराला, मैथिली शरण गुप्त, मुक्तिबोध, राम गोपाल शर्मा रुद्र और डा नामवर सिंह जैसे मनीषी सम्मिलित हैं। अब समय आ गया है कि नवल जी पर भी लिखा जाए।

समारोह के मुख्य अतिथि और सुप्रसिद्ध कवि प्रो अरुण कमल ने कहा कि डा नन्द किशोर नवल की पुस्तकों का साहित्य सम्मेलन में आना एक बड़ा पावन कार्य है। नवल जी की आदत थी कि वे किताबों के हाशिए पर टिप्पणियाँ करते चलते थे। पुस्तकों में उनकी आत्मा बस्ती थी। उन्होंने कहा कि कोई कवि या लेखक केवल अपने अनुभव और अनुभूतियों से ही नहीं अपने अध्ययन द्वारा अर्जित ज्ञान से भी लिखता है। लेखक की संपत्ति पुस्तक ही होती है।

मुख्य वक्ता के रूप में अपना व्याख्यान देते हुए, पटना विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो तरुण कुमार ने कहा कि लेखकों के जीवन में पुस्तक का वही महत्त्व है, जो मछली के लिए पानी का है। आदिकाल में जब पुस्तकें उपलब्ध नहीं थी, तब संतों के साथ सत्संग ज्ञान का मार्ग था। भक्तिकाल के साहित्यकारों ने गुरुजनों के साथ बैठकर सीखा और रचनाएँ की। तंगहाली में मिर्जा गालिब भी किराए की किताब पढ़ते थे, पर अवश्य पढ़ते थे। नवल जी के लिए पुस्तकें उनके प्राणों से भी प्रिय रहीं। भारतीय स्टेट बैंक में सहायक महाप्रबंधक और नवल जी के पुत्र चिन्तन भारद्वाज, सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, डा मधु वर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार बच्चा ठाकुर, सुनीता राय, डा शालिनी पाण्डेय ने तथा चंदा मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित लघुकथा-गोष्ठी में, डा पूनम आनन्द ने ह्यतीसरी आँख शीर्षक से, डा पुष्पा जमुआर ने ममता का खून, डा विद्या चौधरी ने बबलू के बाबू जी, विभा रानी श्रीवास्तव ने छतरी की चलनी, डा पूनम देवा ने वक्त, डा रमाकान्त पाण्डेय ने देखते रह गए, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी ने हालचाल, श्याम बिहारी प्रभाकर ने मकान खाली रह गया, जय प्रकाश पुजारी ने ईमान, ई अशोक कुमार ने जले पे नमक, अरविन्द अकेला ने कुत्तों का बॉस तथा बिंदेश्वर प्रसाद गुप्ता ने माँ शीर्षक से अपनी लघुकथा का पाठ किया। मंच का संचालन डा अर्चना त्रिपाठी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कृष्णरंजन सिंह ने किया। ई आनन्द किशोर मिश्र, भास्कर त्रिपाठी, मो अरशद, डा चंद्रशेखर आजाद, विजयश्री डांगी, दिनेश वर्मा, अरविन्द ओझा, प्रियंका कुमारी, अमन वर्मा आदि प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

बच्चों ने कहा -मतदान महादान, हमारे अभिभावक जरूर करें मतदान

पटना। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से लिट्रा वैली स्कूल के बच्चों ने अभियान चलाया और अपने-अपने माता-पिता से कहा कि देश के भविष्य और उनके भविष्य के लिए वे अवश्य मतदान करें। जागरूकता कार्यक्रम में संस्थान की निदेशक डॉ. ममता मेहरोत्रा, पटना जिला मतदाता जागरूकता अभियान की आइकॉन नीतू कुमारी नवगीत, सामयिक परिवेश की सचिव विभा सिंह, वरिष्ठ सदस्य दिव्या यादव तथा लिट्रा वैली स्कूल के प्रिंसिपल श्रीनिवास कुमार ने भी हिस्सा लिया। जागरूकता कार्यक्रम में वरिष्ठ लेखिका ममता मेहरोत्रा ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव का महत्व सबसे अधिक है। बच्चों के माध्यम से हम सभी अभिभावकों और मतदान करने की अर्हता का चुके लोगों से अपील करना चाहते हैं कि लोकसभा चुनाव में अवश्य ही मतदान करें। जागरूकता अभियान की आइकॉन है नीतू नवगीत ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। चुनावी प्रक्रिया की मजबूती से देश मजबूत बनता है। इसलिए सभी अभिभावक अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए मतदान करें। मतदान महादान होता है। लोकतंत्र में मिले सबसे अच्छे अधिकारों में से एक अधिकार मतदान करने का अधिकार भी है। हमें अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। सभी बच्चों ने कार्यक्रम में एक स्वर में कहा कि वह अपने-अपने परिवार के सदस्यों को वोटिंग के लिए प्रेरित करेंगे।

संक्षिप्त खबरें

36 लीटर शराब बरामद , 5 गिरफ्तार

बोचहा।गरहां थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर पुलिस ने छापेमारी कर 36 लीटर शराब के साथ तीन तस्कर व दो नशेड़ियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष विनोद दास ने बताया कि गरहां चौक पर पीकर उत्पात मचा रहे मुरादपुर भरत के उमेश सहनी एवं सुरियाही में पीकर उत्पात मचा रहे लक्ष्मी मांझी को गिरफ्तार किया गया। वहीं कमले बलिया से संतोष कुमार सिंह, सुरियाही से संतोष राम एवं भगवानपुर घोंवा से मनोज साह को 16 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं, रुदहां सनाठी स्थित मुर्गा फार्म से 20 लीटर शराब बरामद की गई है।

शर्फुद्दीनपुर से अंग्रेजी शराब बरामद, स्कूटी जब्त

बोचहा। थाने की पुलिस ने लोकसभा इलेक्शन के मद्देनजर शराब माफिया पर नकेल कसने के लिए बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान थाना क्षेत्र के शर्फुद्दीनपुर गुदरी बाजार के समीप से रविवार की देर शाम पुलिस ने स्कूटी से अंग्रेजी शराब बरामद की है, वहीं पुलिस की करवाई देख धंधे बाज मौके से फरार हो गए। पुलिस वाहन को जप्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। थाना अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि सरफुद्दीनपुर गुदरी बाजार के रास्ते स्कूटी से अंग्रेजी शराब एक जगह से दूसरे जगह पहुंचाई जा रही है। इस दौरान पुलिस को देख स्कूटी सवार मौके से फरार हो गया, स्कूटी की तलाशी ली गई तो उसके डिक्की के अंदर छिपा कर रखे गए 34 पीस अंग्रेजी शराब पुलिस ने बरामद किया है। स्कूटी को जप्त कर लिया गया है वही शराब धंधे बाज की पहचान की जा रही है।

अधिवक्ता को दी गयी श्रद्धांजलि

मुजफ्फरपुर ।सिविल कोर्ट मुजफ्फरपुर के अधिवक्ता अभय शंकर सिंह का असामयिक निधन बीते 8 मई को हो गया। तत्पश्चात आज एडवोकेट्स एसोसिएशन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में एसोसिएशन के अध्यक्ष वरीय अधिवक्ता रामशरण सिंह ने कहा कि अधिवक्ता अभय शंकर सिंह का असामयिक निधन पूरे अधिवक्ता समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।एसोसिएशन के महासचिव वी. के. लाल ने कहा कि अधिवक्ता अभय शंकर सिंह काफी मिलनसार व्यक्ति थे। उनके असामयिक निधन से हम सभी अधिवक्तागण काफी मर्माहत हैं। साथ-ही-साथ उन्होंने कहा कि पूरा संघ शोकाकुल परिवार के साथ है तथा संघ के द्वारा मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ उनके परिजनों को दिया जायगा। मौके पर विजय कुमार शाही, रामबाबू सिंह, मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा, मुकेश ठाकुर, प्रमोद कुमार, अशोक कुमार, सरोज कुमार, भोलेनाथ वर्मा, संगीता कुमारी, राजीव रंजन, राजू रंजन, कवि कुमार, ब्रजेश कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्तागण मौजूद थे।

अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी हुआ दर्ज

मधुबनी खजौली थाना क्षेत्र के रसीदपुर पंचायत के वार्ड आठ गाँव रसीदपुर निवासी शिवम कुमार झा की सुनसान घर में अज्ञात चोरों द्वारा कमरा की दरवाजा तोड़कर सोना का 6 जोड़ी झुमका,दस सेट कीमती साड़ी एव नगद 20 हजार रुपये की चोरी कर लिया गया. इस चोरी की घटना को लेकर गृह स्वामी शिवम कुमार झा ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया है.गृह स्वामी ने प्राथमिकी आवेदन में दर्शायां है कि चार दिन पूर्व हम सभी परिवार घर मे ताला लगाकर अपने रिश्तेदार के घर चले गये थे.बीती रात में अज्ञात चोरों द्वारा घर की दरवाजा को तोड़कर आलमारी, टंक में रखे सोने की झुमका,कीमती साड़ी एव नगद राशि की चोरी कर लिया गया. वही इस चोरी की घटना की सूचना गृह स्वामी की पड़ोसी ने दूरभाष पर देने पर गृह स्वामी घर वापस आने पर चोरी की घटना का माजरा देखा.वही थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि गृहस्वामी के आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान जारी कर दिया गया है।

आरजेडी-कांग्रेस की प्राथमिकता देश का विकास नही : मोदी

● चिराग को रिकार्ड वोट से जीताना होगी स्व रामविलास पासवान को सच्ची श्रद्धांजलि : मोदी

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। ...हाजीपुर के महान धरती के प्रणाम करइत हती. लोकतंत्र की जन्मभूमि पर ,जहाँ प्रभु श्रीराम के चरण पड़ी है,वहां आकर आपका आशीर्वाद लेना बड़ा सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी हाजीपुर के कुतुबपुर में एनडीए प्रत्याशी चिराग पासवान के लिए आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए अपना भाव व्यक्त किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने मुक्त कंठ से चिराग पासवान की बड़ाई करते हुए कहा कि एक सांसद के रूप में ह्न चिराग ह्न पूरी तरह सफल हैं। बिहार का सच्चा प्रतिनिधि है, बिहार का भविष्य है चिराग...इसलिए, जब आप चिराग को वोट देंगे तो ये सीधे-सीधे मोदी के खाते में जाएगा।कहा कि ये पहला ऐसा लोकसभा चुनाव है, जो राम विलास पासवान जी की अनुपस्थिति में लड़ रहे हैं। रामविलास जी सामाजिक न्याय के सच्चे साधक थे। हाजीपुर के प्रति उनका लगाव और समर्पण हमेशा याद रहेगा। हाजीपुर के लिए उनके सपनों को पूरा करने के लिए हम सभी संकल्पबद्ध हैं। विकसित बिहार-विकसित भारत के लिए 20 मई को आपको चिराग पासवान जी के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करना है। रामविलास जी को जितने वोट मिले हैं, उससे ज्यादा वोट मुझे चिराग के लिए चाहिए। चिराग का जीतना और यह रामविलास जी के लिए आपकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाजीपुर लोकसभा के एनडीए समर्थित लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रत्याशी श्री चिराग पासवान के पक्ष में कुतुबपुर हाजीपुर में विशाल जनसभा को सम्बोधित कर चिराग पासवान को ऐतिहासिक जीत दर्ज कराने के लिए हाजीपुर लोकसभा वासियों से अपील किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजकल इंडी गंठबंधन का हर दल राम मंदिर के लिए भद्दी-भद्दी बातें कर रहा है और ऐसी बातें कहकर आपको चिढ़ा रहा है। ऐसे लोगों को कोई माफ नहीं कर सकता है। आरजेडी और कांग्रेस की प्राथमिकता देश की जनता नहीं बल्कि उनका अपना वोट बैंक है। बिहार में जंगलराज लाने वाले जो व्यक्ति हैं, जिसको चारा घोटाले में अदालत ने सजा सुनाई है, उन्होंने अभी-अभी एक बयान दिया है। पीएम मोदी ने लालू का नाम लिए बिना कहा कि उन्होंने कहा है कि मुसलमानों को आरक्षण दिया जाना चाहिए और वह भी पूरा का पूरा। यानी दलित, पिछड़ों और आदिवासियों को मिलने वाला पूरा आरक्षण अब सिर्फ मुसलमानों को देना चाहते हैं। मैं भी अति पिछड़ा समाज से आता हूं। अच्छी तरह से जानता हूं कि ऐसा सुनकर कैसा लगता है। संविधान ने हमें जो अधिकार दिए हैं, अगर उसे लूट लिया जाएगा तो आने वाली पीढ़ियां बर्बाद हो जाएंगी। पीएम मोदी ने कहा कि ना नीमन गितिया गाइब, ना मंडवा में जाइब। आरजेडी और कांग्रेस का यही हाल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन्हें न तो संविधान से मतलब है और ना ही लोकतंत्र से कुछ लेना-देना है। दलित, अतिपिछड़ा और आदिवासी समाज के लोग अपना अधिकार आरजेडी और कांग्रेस को छीनने नहीं देंगे। मैं गारंटी देता हूं कि जबतक मोदी जिंदा है आपके अधिकारों पर ये डाका नहीं डाल सकते। ये आपके आरक्षण को छीन नहीं सकते हैं। वह वक्त चला गया जब आपने महिलाओं को मिलने वाले आरक्षण के कागज को फाड़ दिया था। आगे अगर ऐसी कोशिश की तो लेने के देने पड़ जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के लोग तो काफी समझदार होते हैं। वह बेकार जाने वाला काम कभी करते ही नहीं हैं। इसलिए अपना वोट सरकार बनाने के लिए दीजिए और देश बनाने के लिए दीजिए। अपने और अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए दीजिए। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों के सामर्थ्य और उनकी समझदारी का मैं बहुत सम्मान करता हूं। लेकिन यह देखकर दुख होता है कि सामाजिक न्याय के नाम पर लालटेन वालों ने बिहार में कितनी अंधेरगर्दी फैलाई है। इन लोगों ने बिहार के लोगों को गरीबी और अभाव में धकेल दिया है। जंगलराज दिया और सबको बर्बाद किया और खुद अपने लिए आलीशान महल खड़े कर लिए। ऐसे लोग बिहार का कभी भी भला नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर आरजेडी, कांग्रेस और इंडी गठबंधन को अगर किसी ने गलती से भी बटन दबा दिया तो उसका वोट तो बेकार जाना तय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आरजेडी और कांग्रेस में बिहार को आगे बढ़ाने की इच्छाशक्ति ही नहीं है। वह लोग तो सोच रहे हैं कि जितना समय बचा है, खुद के लिए जितना लुटना है लूट लो।

एसएसबी द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को मुद्रा के साथ किया गया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48 वीं वाहिनी द्वारा आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को मध्यनजर रखते हुए की जा रही लगातार कार्यवाही के क्रम मे 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी सिमरारी के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक कामयाबी मिली है,गश्ती दल द्वारा उप निरीक्षक विद्यासागर की अगुवाई में अन्य जवानों के साथ की गई कार्यवाही में भारत-नेपाल सीमा स्थित महीनाथपुर के पास मे एक संदिग्ध व्यक्ति कमरूल हक उम्र 47 वर्ष सुपुत्र मो० अब्बास वार्ड नंबर 07 देवधा मध्य उसराही देवधा मधुबनी बिहार को भारतीय मुद्रा रुपए 3,03,248 एवं नेपाली मुद्रा रुपए 1365 के साथ जब्त कर गिरफ्तार किया है। यह व्यक्ति मोटरसाईकिल पर भारत से नेपाल में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। सशस्त्र सीमा बल के जवानों को उक्त व्यक्ति के ऊपर संदेह होने पर पूछताछ के दौरान उक्त व्यक्ति द्वारा मुद्रा के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं देने पर व्यक्ति को जवानों द्वारा गिरफ्तार कर मुद्रा जब्त की गयी ताकि मुद्रा का गलत प्रयोग लोकसभा चुनाव-2024 में न हो सके। जब्त की गई भारतीय एवं नेपाली मुद्रा और गिरफ्तार व्यक्ति को मोटरसाईकिल सहित अग्रिम कार्यवाही हेतु बासोपट्टी थाने के सुपुर्द कर दिया गया है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा । गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत में लोकसभा चुनाव-2024 होने जा रहे है जिसको मध्यनजर रखते हुए नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है, अगामी लोकसभा चुनाव में किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हो इस लिए सशस्त्र सीमा बल द्वारा चुनावों को लेकर सीमावर्ती इलाकों में काफी सघन रूप से जांच पड़ताल की जा रही ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके ।

इंडिया गठबन्धन कार्यालय का उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

जंदाहा।इंडिया गठबन्धन समर्थित हाजीपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से राजद उम्मीदवार शिवचंद्र राम द्वारा जंदाहा गांधी चौक स्थित एक मार्केट के प्रथम तल पर उपस्थित लोगों के बीच फिता काटकर इंडिया गठबन्धन कार्यालय का उद्घाटन किया गया।इस मौके पर इंडिया गठबन्धन समर्थित राजद प्रत्यासी शिवचंद्र राम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की जंदाहा,महनार व अन्य जगहों से आए हुए लोगों व इंडिया गठबन्धन समर्थित कार्यकताओं का मै स्वागत करता हूं अभिनन्दन करता हूं।आज के हालत में जितने भी लोग मंच पर बैठे हैं यह देखकर मै काफी प्रसन्न हूं मै इंडिया गठबन्धन समर्थित राजद प्रत्यासी हूं और लालू यादव का सिपाही भी हूं।साथ हीं श्री राम ने कहा की शिवचंद्र राम हाजीपुर का नेता नहीं हाजीपुर का बेटा भी हूं और मै अपने नेता लालू यादव का आशीर्वाद लेकर आप लोगों के बीच आया हूं साथ हीं उन्होंने कहा की दूसरे के बेटा व एक परिवार को 47वर्ष तक मौका दिया अब हाजीपुर के बेटा को भी मौका मिलना चाहिए उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों के बीच जोर देकर कहा कि अगर केंद्र में हमारी सरकार बनी तो पटना मे मेट्रो चलेगी साथ ही उन्होंने कहा की मुझे सभी जाती समाज का जोरदार समर्थन मिल रहा है। इस मौके पर गठबंधन के अनेक लोग उपस्थित थे।

बीआरसी में मासिक गुरुगोष्ठी आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। सोमवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मो.शमशुल होदा की अध्यक्षता में गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया।गुरु गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शमशुल होदा ने सभी विद्यालय प्रधान को निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय के पोषक क्षेत्र में जाकर सभी बच्चों को वर्गवार नामांकन कराना है।विद्यालय संबंधित सभी रिपोर्ट ईशिक्षाकोष पर लोड़ अनिवार्य रूप से कर लेंगे।वही जर्जर भवन को बैठक कर तोडने हेतु निदेशित किया गया तथा विशेष रूप से विद्यालय परिसर,किचन शेड की साफ सफाई नियमित रूप से हो। मध्यान भोजन का संचालन टएठव के अनुरूप नियमित रूप से हो।वही बैठक में मिशन दक्ष व पूर्व बैठक की समीक्षा की गई।विद्यालय आधारित सभी प्रकार का पंजी अद्यतन,विद्यालय प्रधान शिक्षक उपरोक्त निर्देश का पालन नही करेंगे उनपर विभागीय नियमानुसार कारवाई की जाएगी।वही प्रखंड के सभी विद्यालय से एक शिक्षक चहक का प्रशिक्षण 15 एवं 16 मई को किया जाएगा। बैठक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के अलावे प्रखंड मध्याह्न साधन सेवी मनीष कुमार प्रधानाध्यापक संजय मिश्रा,बच्चन कुमार ज्योति,बशिष्ठ नारायण यादव, दिलीप मंडल,राजीव वर्णवाल,दिनेश रजक,उमाशंकर प्रसाद,वंदना कुमारी, पिंकी कुमारी,ज्योत्सना कुमारी, राजीव कुमार,सहित सभी बीआरपी व विद्यालय प्रधान उपस्थित थे।

सड़क निर्माण को लेकर विभाग के विरोध मे धरना प्रदर्शन करते ग्रामीण लोग

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली महेशवारा पंचायत के महेशवारा गांव में पंचायत के वर्तमान मुखिया महेश यादव के नेतृत्व में सोमवार को दर्जनों ग्रामीणों के साथ आधा अधूरा सड़क निर्माण को लेकर विभाग के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया. मुखिया महेश यादव ने कहा कि महाराजपुर जोगा नदी मुख्य सड़क से महेशवारा गांव मुख्य सड़क तक लगभग 1.5 किलोमीटर से लंम्बाई, लागत राशि लगभग एक करोड़ रुपये से मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना से वर्ष 2022 में संवेदक द्वारा सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया.संवेदक ने सड़क पर लगाये गए इट सोलिंग को उखाड़ कर सड़क पर पुलिया के निर्माण कर फरार हो गया है.तब से संवेदक द्ववारा सड़क पर कार्य करने नही पहुँचा. ग्रामीण डा. राजेंद्र मंडल पीताम्बर मंडल पुनि मंडल ने बताया कि संवेदक द्वारा सड़क निर्माण के समय सड़क से ईंट सोलिंग उखाड़ने एव सड़क को गड्ढा करने से पहली बरसात में ही सम्पूर्ण सड़क कीचड़मय होने से ग्रामीणों को घर से सड़क पर निकलना दुर्लभ साबित हो रहा है.उन्होंने कहा कि ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता एसडीओ जेई की लाहपरवाही से मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क सड़क आधा ,अधूरा बन कर रह गया है.उन्होंने कहा कि यदि विभाग द्वारा इस सड़क को बरसात से पूर्व निर्माण कार्य पूरा नही करने पर सैकड़ों ग्रामीण लोग जिला हेडक्वाटर मधुबनी पहुँच कर जिला पदाधिकारी कार्यालय के पास सड़क को जाम कर विभाग के विरोध में धरना प्रदर्शन किया जाएगा.वही ग्रामीण कार्य विभाग प्रमंडल जयनगर कद कार्यपालक अभियंता रामबाबू से दूरभाष पर पूछने पर उन्होंने बताया कि सड़क का रिटेंडर करके पुनः सड़क को निर्माण कराया जाएगा.इस धरना प्रदर्शन के मौके पर वार्ड सदस्य अशोक मंडल, दिगम्बर मंडल संतोष मंडल विश्वनाथ मंडल महेंद्र मंडल महेश मंडल नरेश मंडल कन्हैया मंडल देव नारायण ठाकुर राजा मंडल पुनि मंडल वकील पासवान बिलटू पासवान जीवछ यादव राम कलेवर पासवान सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

देश की बागडोर कमजोर नहीं ,मजबूत हाथों में सौंपिए : प्रधानमंत्री

प्रात : किरण संवाददाता,
ब्रह्मानन्द ठाकुर

मुजफ्फरपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह लोकसभा चुनाव देश की दशा और दिशा तय करने वाला है।अब आपको यह तय करना है कि देश की बागडोर आप मजबूत हाथ में देना चाहेंगे या कमजोर हाथ में। उन्होंने कहा ,आज चौथे चरण का चुनाव हो रहा है।हर जगह भाजपा और एनडीए की आंधी चल रही है।इस आंधी में ईंडी गठबंधन चारों खाने चित्त हो जाएगा। प्रधानमंत्री आज पताही हवाई अड्डा मैंदान में वैशाली और मुजफ्फरपुरं लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ह्यबाबा गरीब नाथ की धरती से अहां सब के अभिनन्दन करइछी , खुदीराम बोस ,जुब्बा सहनी आ पंडित सहदेव झा के पुण्य भूमि से अहां सब के गोर लगइछीह्न सम्बोधन से अपने भाषण की शुरूआत की। उन्होंने अपनी उपलब्धियां गिनाते हुए कहा, बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमारी सरकार ने एक साल में दस लाख नौकरियां दी हैं। हमारी सरकार ने बिहार में 8 मेडिकल कालेज , 400से ज्यादा जन औषधि केन्द्र, की स्थापना की है। कामन सर्विस सेंटर के माध्यम से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। दस साल पहले लोग अक्सर कहा करते थे,महंगाई डायन खाय जात है।आज स्थिति यह है कि 50-60 हजार तक आय वालों को कोई टैक्स नहीं भरना पड़ रहा है।उन्होंने जनसमूह से पूछा ,यह बचत हुई कि नहीं ? कांग्रेस की सरकार में महिलाओं के लिए रसोई चलाना मुश्किल था ,हमने 10 लाख करोड़ का मुफ्त अनाज देना शुरू किया। हमारी सरकार पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत बिहार के किसानों को सालाना 22 हजार करोड़ रुपये दे रही है।यदि हमारी सरकार बनती है तो हम 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों के मुफ्त इलाज की व्यवस्था करेंगे।इसपर 5लाख तक खर्च करेंगे। कांग्रेस की सरकार में एक एल ई डी बल्व चार से पांच सौ में मिलता था।हमने उसे 40से 50रुपये में उपलब्ध कराना शुरू किया।इससे घरों में बिजली बिल में काफी बचत हुई। मेरी सरकार ने मुजफ्फरपुरं की लीची को जी आई टैग देने का काम किया है। अब हमारी प्राथमिकता मत्स्य सम्पदा योजना लागू करने की है। मैं विकसित बिहार ,विकसित भारत के लक्ष्य पर काम कर रहा हूं। राष्ट्रीय जनता दल सरकार के पिछले कार्यकाल को जंगल राज बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बात उन्हें नहीं ,पता जो पहली वार वोटर बने हैं।वे अपने घर के बड़े -बुजुर्गों से जाकर पूछें तब उन्हें मालूम होगा कि उस वक्त शाम ढलते लोग किस तरह घरों में छुप जाते थे। नक्सलवाद ने बिहार के विकास को अवरूद्ध कर दिया था।तब की सरकार ने नक्सलवाद को पालने -पोसने का काम किया। हमारी सरकार ने जंगल राज को समाप्त कर फिर से अमन चैन का माहौल कायम किया है।निवेश होने लगा है और जब निवेश होगा तो रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा, जब तक वे जिंदा हैं ,ओबीसी आरक्षण पर किसी को डाका नहीं डालने देंगे। कर्नाटक के कांग्रेस सरकार की आरक्षण नीति की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक में रातों रात आदेश निकाल कर मुसलमानों को ओबीसी में शामिल कर दिया।इस तरह ओबीसी आरक्षण पर कांग्रेस ने डाका डालने का काम किया है। कांग्रेस पर तंज कसते हुए पीएम ने कहा कि इसके नेताओं को रात में सोते हुए सपने में पाकिस्तान का परमाणु बम दिखाई देता है। लगता है ,ईंडी गठबंधन वालों ने भारत के खिलाफ किसी से सुपारी ले रखी है। ये लोग भारत को एक मजबूत राष्ट्र नहीं ,मजबूर राष्ट्र बनाना चाहते हैं। आप देश की बागडोर मजबूत हाथ में सौंपें। उन्होंने उपस्थित जन समूह से वैशाली लोकसभा सीट से लोजपा (रामविलास)के वीणा देवी और मुजफ्फरपुरं से भाजपा प्रत्याशी राजभूषण चौधरी निषाद को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की और कहा कि आप मेरी तरफ से अपने पड़ोसियों को जाकर जय श्री राम बोल दीजिएगा।

संत निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित रक्त दान शिविर में दर्जनों लोगों ने किया रक्तदान

प्रात : किरण संवाददाता

महुआ महुआ के मुजफ्फरपुर रोड में अक्षयवट महाविद्यालय के नजदीक स्थित संत निरंकारी मिशन आश्रम में समर्पण दिवस के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में आसपास के दर्जनों से ज्यादा लोगों ने अपने स्वेच्छा से अपना रक्तदान किया। पटना के पीएमसीएच से आए डॉक्टरों की टीम ने रक्तदान करने आए लोगों का रक्त संग्रह किया। इस मौके पर रक्तदान करने वाले महुआ प्रखंड क्षेत्र के सिंघाड़ा गांव निवासी सह आप नेता प्रदीप सोनी समेत कई अन्य लोगों ने बताया कि रक्तदान एक महादान है ।रक्तदान करने से विपरीत परिस्थितियों में अनगिनत लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसलिए मानव होने के नाते हम सबों का यह कर्तव्य बनता है कि हम सभी मानव हित में समय-समय पर अपना रक्तदान करते रहें। ज्ञात हो की संत निरंकारी मिशन के द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को संत निरंकारी मिशन आश्रम मुजफ्फरपुर रोड महुआ में भी समर्पण दिवस के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें महुआ प्रखंड क्षेत्र के आसपास के साथ-साथ कोई अन्य जगहों से आए कुल 91 लोगों ने अपना रक्तदान किया। इस मौके पर संत निरंकारी मिशन के जिला संयोजक दिनेश सिंह,सेवा दल के अधिकारी रमेश कुमार,रविंद्र कुमार राज कमल जायसवाल, सचीन कुमार, रविंदर कुमार, गया प्रसाद, राम दयाल राम, उदय सोनी,अमरजीत कुमार के साथ-साथ इस मिशन से जुड़े अनेकों सेवादार भी इस मौके पर उपस्थित थे और उन सभी ने पूरे भक्ति भाव से इस रक्तदान शिविर में आए श्रद्धालुओं का सेवा किया। इस मौके पर आने वाली श्रद्धालुओं के लिए भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया था। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं इस मौके पर आश्रम के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए ठंडा पानी, नींबू शरबत के साथ-साथ लंगर की भी व्यवस्था की गई थी।

स्टेट स्वीप आईकॉन मैथिली ठाकुर का मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आज

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।स्टेट स्वीप आईकॉन सुश्री मैथिली ठाकुर द्वारा 14 मई को मुजफ्फरपुर के स्थानीय खुदीराम बोस स्टेडियम में संध्या 5 बजे से 7 बजे तक मतदाता जागरूकता पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदाताओं को जागरुक एवं प्रेरित करने हेतु जिले में स्वीप गतिविधियों लगातार जारी है। यद्यपि जिले के प्रखंडाधीन पंचायतों में आईसीडीएस एवं जीविका के माध्यम से सतत एवं प्रभावी रूप से वोट प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम किया जा रहा है। हर घर दस्तक कार्यक्रम के तहत मुजफ्फरपुर एवं वैशाली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में घर-घर घुम कर मतदाताओं को जागरुक एवं प्रेरित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रभात फेरी, रंगोली, हस्ताक्षर अभियान ,शपथ कार्यक्रम, पेंटिंग प्रतियोगिता आदि का कार्यक्रम सतत रूप से संचालित हैं। इसी कड़ी में जिला स्तर पर 14 मई को सुश्री मैथिली ठाकुर के मतदाता जागरूकता पर आधारित भव्य एवं आकर्षक कार्यक्रम रखा गया है। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीएस चांदनी सिंह एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्यप्रिय कुमार को सभी आवश्यक व्यवस्था करने तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

पातेपुर में शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव हुआ संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

पातेपुर । उजियारपुर संसदीय क्षेत्र के पातेपुर विधानसभा में सोमवार को शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न हो गया।यहां वोट गिराने के लिये सुबह छह बजे से ही बड़ी संख्या में मतदाता बूथ पर लाइन लगाने गले। हर मतदाता चाहते थे कि वह जल्द वोट देकर अपने घर के कामकाज में लगना छह रहे थे।पातेपुर विधानसभा के हर बूथ पर महिलाओं की भीड़ देखी गई।यहां लगभग 60 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।यह जानकारी सहायक निर्वाचित अधिकारी सह बीडीओ मनोज कुमार राय ने दी।पातेपुर में लोगों ने जमकर वोट डाले मतदान केंद्र पर पुलिस बल और स्थायी मजिस्ट्रेट की तैनाती देखी गई लोगों ने यहां भयमुक्त होकर मताधिकार का इस्तेमाल किया।विधानसभा क्षेत्र के पातेपुर,तिसीऔता के अलावा बलिगांव की पुलिस हर बूथ पर चौकसी बरत रही थी।वोटरों के लिये मौसम भी साथ दिया। दो पहर तक खूब बोटिंग हुई।इसके बाद वोटिंग का रफ्तार धीमा रहा।

चौरसिया समाज की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर।विदूपुर प्रखण्ड के चकौसन जुड़ावन पुर में नौ वीट के चौरसिया समाज के बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए राजद लोकसभा प्रभारी देव कुमार चौरसिया ,राजद के राज्य परिषद् सदस्य रवि कुमार चौरसिया ,डा० महेश चौरसिया, विपिन चौरसिया, जय कुमार चौरसिया, राकेश कुमार सहित अन्य ने विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाध्यापक शत्रुघन भगत एवं संचालन पूर्व मुखिया दयानंद भगत,ने किया। बैठक में नौ वीट के चौरसिया समाज के प्रमुख लोगों में विकास चौरसिया ,शंकर भगत, शेखर भगत, नागेंद्र भगत ,जयकांत भगत ,ज्ञान भगत ,मधुसूदन भगत, पप्पू कुशवाहा, अरविंद सिंह कुशवाहा, चंद्रभूषण तिवारी ,दिपक चौरसिया इत्यादि ने एक स्वर से राजद प्रत्याशी शीवचंद्र राम को जिताने का संकल्प हाथ उठाकर लिया।

सांसद, मंत्री, विधायक व विधानपार्षद ने अपने - अपने बूथों पर किया मतदान

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।दरभंगा के सांसद व भाजपा प्रत्याशी गोपाल जी ठाकुर, मधुबनी के सांसद अशोक कुमार यादव, मंत्री मदन सहनी व हरि सहनी, दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी, केवटी विधायक डॉ मुरारी मोहन झा, बेनीपुर विधायक विनय कुमार चौधरी, दरभंगा ग्रामीण विधायक व राजद प्रत्याशी ललित कुमार यादव, विधान पार्षद सुनील कुमार चौधरी ने अपने - अपने बूथों पर किया मतदान। दरभंगा संसदीय सीट से भाजपा (एनडीए) प्रत्याशी सह सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर ने संसदीय क्षेत्र के गौड़ाबौराम विधानसभा अंतर्गत अपने पैतृक गांव पड़री के बूथ संख्या 48 पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किए। वोट डालने के पश्चात सांसद ने कहा कि विकसित राष्ट्र एवं विकसित दरभंगा के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी देशवासी को निश्चित रूप से मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज दरभंगा की संपूर्ण जनता जनार्दन ने देश हित में एकजुट होकर मतदान किया है। वही दरभंगा नगर विधायक ने अपने बूथ बंगलागढ़ में जा कर सपरिवार मतदान किया। श्री सरावगी ने इस अवसर पर कहा कि जनतन्त्र के इस महापर्व में लोगों कों वोट जरूर करना चाहिये।दरभंगा जिलाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी राजीव रौशन ने भी वोट डाला।

लोकतंत्र का महापर्व आज सम्पन्न, मतदाताओं में रही उदासीनता,कुल 56.6 प्रतिशत हुआ मतदान

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। लोकतंत्र का महापर्व में मतदाताओं में काफी उदासीनता देखा गया। मतदान का कुल प्रतिशत 56.6 बताया गया है।सुवह से ही मतदान केंदो पर मतदान के लिये मतदाता का कही लम्बी कतार देखने कों नही मिला। लोगों का बूथ पर शाम छः वजे तक आना जारी रहा। मतदान समाप्ति के बाद लोगों का हार जीत का गुना भाग जारी है। चुनाव कों लेकर शहर कि सारी दुकाने लगभग बंद देखा गया। वही भारी सुरक्षा के बीच मतदान शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। बेनीपुर आससे के अनुसार संसदीय क्षेत्र के चौथा चरण का चुनाव बेनीपुर में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। पुलिस व प्रशासनिक चौकसी से किसी भी बुथ पर उपद्रवी नजर नहीं आया। प्रचंड धूप व गर्मी के बावजूद वोटरों का उत्साह भारी दिखा। ग्रामीण एस पी कम्या मिश्रा एस डी एम शम्भूनाथ झा एस डी पी ओ आशुतोष कुमार विभिन्न बूथों का जायजा लेते दिखे। आधा दर्जन ई वी एम तकनीकी गड़बड़ी के कारण शुरूआती दौर में काम नहीं किया। जिससे एक घंटा के अंदर मतदान कार्य शुरू हो गया। चुनाव के दौरान सुबह में मौसम ठंडा रहने से वोटरों को लाइन में लगकर वोटिंग करने में खल नहीं रहा था। और 11 बजे दिन में मौसम का मिजाज उग्र होने लगा । तापमान बढ़ने से मतदान केंद्रों पर वोटरों का पहुँचना धीरे धीरे कम होने लगा। वोटरों की मतदान केंद्र पर उपस्थिति कम होने से लैंन लगना कम हो गया है। आदर्श मतदान केन्द्र बहेड़ा हाई स्कूल पर वोटरो के लिए कोई सुविधा नजर नहीं आया। बुथ के आगे पंडाल लगाया गया था। पुरुष एवं महिला वोटर लाइन में खड़ा होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। पंडाल मे बैलुन लगाया गया था ।लेकिन पेयजल एवं बैठने के लिए कुर्सी उपलब्ध नहीं था। सिर्फ.कहने के लिए आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया था। वोटर रामदेव मुखिया,बौआ मुखिया ,गुलाब मुखिया ,कन्हैया मुखिया ने कहा कि चुनाव में करोड़ों रुपया खर्च होता है लेकिन वोटरों के सुविधा के नाम पर शून्य है ।पीठासीन नीलेश कुमार कहते है कि आदर्श मतदान केन्द्र पर क्या क्या सुविधा उपलब्ध कराना है इसकी जानकारी उनके पास नहीं है। आई टी आई आशापुर में युवा मतदान केंद्र पर सुविधा का घोर अभाव दिखा।यहा लाइव टेलीकास्ट करने के लिए कैमरा नहीं लगाया गया जबकि लाईव टेलीकास्ट कर्मी को लगाया गया था। वोटर चमेली देवी,रानी देवी ने कहा कि युवा बुथ पर सुविधा नदारद दिखा।सबसे बुरा हाल महिला मतदान केंद्र प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय बेनीपुर का देखने को मिला ।महिला मतदान केंद्र पर सभी महिलाकर्मी तैनात दिखी। वोटर मोहम्मद परवीन,मोहम्मद नसुल्लाह आदि पेयजल की माँग कर रहे थे। वोटरो ने बताया पेयजल उपलब्ध नहीं कराया गया ।धूप से बचने के लिए बुथ के बाहर लाईन में खड़ा होने के लिए पंडाल लगाया गया है।

संक्षिप्त खबरें

डीएवी पब्लिक स्कूल सेमरा बिक्रमगंज का दसवीं का रिजल्ट शत प्रतिशत

बिक्रमगंज(रोहतास) : डीएवी पब्लिक स्कूल सेमरा बिक्रमगंज ने सीबीएससी दसवीं की परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट दिया है ।बिक्रमगंज सेमरा डीएवी स्कूल के प्राचार्य श्रीकांत पांडेय ने बताया कि विद्यालय से दसवीं की परीक्षा में 245 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया ।इसमें शत प्रतिशत छात्र- छात्राओं ने सफलता अर्जित कर विद्यालय का नाम रौशन किया । उन्होंने बताया कि विद्यालय के 30 विद्यार्थी 90 फीसदी और 65 विद्यार्थी 81 से 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लाकर पास हुए हैं । जिसमें से 49 विद्यार्थी 71 से 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए । तो वहीं मेघा सिंह 97 प्रतिशत अंक लाकर अनुमंडल टॉपर बनी हैं । दूसरे स्थान पर मोहित राज 96.4 प्रतिशत , तीसरे स्थान पर तेजस्वी चौहान 96 प्रतिशत तथा इसी प्रकार मृदुला 94.8 प्रतिशत, वैष्णवी राय 94.6, सोनी कुमारी 94.4, रौशन कुमार, वैभव राज , यश गुप्ता व रिया कुमारी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं । विद्यालय के प्राचार्य श्रीकांत पांडेय ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अंतर जिला स्तरीय लूट काण्ड का सफल उद्भेदन, सभी 10 अपराधियों को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई जिले के युवा जाबांज पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन के निर्देशन में एसडीपीओ सतीश सुमन के नेतृत्व में अंतर जिला स्तरीय लूट काण्ड का सफल उद्भेदन करते हुए सभी 10 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि सिकन्दरा थाना काण्ड संख्या 168/24 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया था। ज्ञात हो कि 04 मई को सिकन्दरा थाना अंतर्गत अकौनी-पोहे नहर पर ग्राम अचम्भो निवासी रमाकांत सिंह, पिता स्व० केदार सिंह, थाना सिकंदरा को चार अज्ञात अपराधियों ने हथियार सटाकर मोटरसाइकिल एवं मोबाईल लूट लिया था।

पीड़ित रमाकांत सिंह ने सिकंदरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए काण्ड का सफल उद्भेदन हेतु सदर एसडीपीओ सतीश सुमन के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। जिसमें सदर एसडीपीओ सतीश सुमन के साथ सिकन्दरा थानाध्यक्ष चंदन कुमार, सहायक थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार पाठक, मलयपुर थानाध्यक्ष विकास कुमार ,प्रशिक्षु एस आई पीयूष कुमार, प्रशिक्षु एस आई रीमा कुमारी सिकंदरा थाना, टाईगर मोबाईल, रिजर्व गार्ड के सिपाही एवं तकनीकी शाखा जमुई के पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल थे। उक्त टीम के द्वारा आसूचना संकलन करते हुए काण्ड का सफल उद्भेदन किया गया। इस काण्ड में संलिप्त चार अपराधियों सहित लूटी गई सभी समानों का भी बरामदगी की गई। साथ ही साथ जमुई पुलिस ने नवादा जिले के कई लूट काण्ड का उद्भेदन किया और लूटी गई मोटरसाइकिल को बरामद किया।इन लोगों के पास से लूट काण्ड में प्रयुक्त की गई हथियार,गोली और मोबाईल फोन भी बरामद हुआ है । इसमें जमुई, नवादा और शेखपुरा जिले के सभी 10 अपराधियों को जमुई पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अपराधियों में दिपुल चौधरी, पिता महेश चौधरी सा० पीपरा, थाना गोविन्दपुर,2: सिद्धु चौधरी, पिता सुरेश चौधरी ,सा० भिखनपुर, थाना रूपौ,3: प्रदीप कुमार, पिता रामबालक यादव,सा०-ईटारी, थाना -धमौल,4:-संदीप कुमार, पिता खेलावन यादव,सा०-काजीकटार, थाना - अकबरपुर,5-नीतीश कुमार, पिता - मिथलेश दास सा०-लिलो सिमरिया, थाना - पकरिबरांवा,6:-सोनू कुमार पिता सुभाष सिंह सा०+थाना रजौली,7:-कौशल कुमार पिता बद्री यादव सा०-ईटारी, थाना धमौल सभी का जिला नवादा

8:- प्रवीण कुमार पिता आनन्दी यादव सा० रिसिडीह,9:- संटू यादव पिता उपेन्द्र यादव सा० रामडीह दोनों थाना सिकंदरा, जिला जमुई 10:- राहुल कुमार पिता सुदामा यादव सा० बर्नी, थाना कसार, जिला शेखपुरा है।

पिकअप वाहन की ठोकर से बाइक सवार एक युवक हुआ घायल, डॉक्टर ने किया पटना रेफर

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौ रतनपुर गुगुलडीह मुख्य मार्ग पर विकास सिंह चिमनी के पास सोमवार की दोपहर के बाद तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर बाइक में जोरदार ठोकर मार दी।इस दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक बुरी तरह घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जहां युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर द्वारा प्रारंभिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया रेफर हुए युवक की पहचान बरहट थाना क्षेत्र के गुगुलडीह गांव निवासी सकेन्द्र यादव के पुत्र विभीषण कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि युवक बाइक पर सवार होकर गुगुलडीह से रतनपुर की ओर आ रहा था जैसे ही उसकी बाइक रतनपुर विकास सिंह के चिमनी के पास पहुंची इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन जोरदार ठोकर मार दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद जब तक स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे तब तक पिकअप वाहन छोड़कर चालक फरार हो गया उसके बाद घटना की जानकारी गिद्धौर पुलिस को दी गई है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। फिलहाल घायल बाइक सवार युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

एबीवीपी कार्यकताओं ने 11 सूत्री मांगों का सौंपा ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता

झाझा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई झाझा के कार्यकताओं ने मुंगेर विश्वविद्यालय के अंगीभूत इकाई डीएसएम कॉलेज झाझा में 11 सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। मौके पर दक्षिण बिहार के एसएफडी सहसंयोजक सूरज बरनवाल व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रूपेश भारती ने सम्मिलित रूप से कहा कि झाझा सहित आस पास के 30 किलोमीटर क्षेत्र के एकमात्र सरकारी डिग्री कॉलेज डीएसएम कॉलेज झाझा है ,जिसमें लगभग गरीब तबके के छात्र पढ़ने के लिए आते हैं महाविद्यालय की स्थिति काफी जर्जर है।

विद्यार्थी परिषद स्थापना काल से ही छात्रहित व राष्ट्रहित में कार्य करते आ रही है, महाविद्यालय हमारी सबसे छोटी इकाई है, छात्रों को कोई समस्या ना हो इसको लेकर हमलोग विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उनसे जुड़े रहते हैं तथा 24 घंटा 365 दिन विद्यार्थियों के बीच कार्य करते हैं। मौके पर नगर मंत्री हरिनंदन प्रजापति तथा कॉलेज मंत्री राजेश यदुवंशी ने कहा कि महाविद्यालय परिसर में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है, उन्होंने समस्या गिनाते हुए कहा कि परिसर की समुचित साफ सफाई कराई जाए, विद्यार्थियों की उपस्थिति 75 फीसदी अक्षरशः पालन हो, दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सर्वजीत पाल का इस महाविद्यालय में नियमित रूप से स्थानांतरण हो, प्रयोग कक्षा को व्यवस्थित की जाए, सभी कक्षाओं में ब्लैक बोर्ड की व्यवस्था की जाए, गर्ल्स कॉमन रूम को व्यवस्थित की जाए, कंप्यूटर की पढ़ाई प्रारंभ की जाए, बीकॉम की पढ़ाई प्रारंभ कराई जाए, महाविद्यालय में आधारभूत संरचना की कमी कक्षाओं का निर्माण कराया जाए, शौचालय की साफ सफाई तथा व्यवस्थित कराई जाए, महाविद्यालय में मुक्त वाई-फाई की व्यवस्था कराई जाए। मौके पर प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर राकेश पासवान ने आश्वासन दिया कि निम्नांकित समस्या पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। मौके पर नगर सहमंत्री नीरज कुमार, नगर कार्यकारिणी सदस्य नीतीश केसरी, नगर कार्यालय मंत्री विशाल पासवान आदि उपस्थित रहे।

धनिमातरी में बाल विवाह और बाल मजदूरी को लेकर निकाली जागरूकता रैली

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/सिकन्दरा। प्रखंड अंतर्गत भूल्लो पंचायत के धनिमातरी गांव में परिवार विकास/चाइल्ड फण्ड इन्टरनेशनल के तत्वावधान में बाल विवाह और बाल मजदूरी रोकथाम एवं उसमें कमी लाने हेतु जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। समन्वयक अभिषेक कुमार ने बताया कि बाल विवाह और बाल मजदूरी बच्चों के लिए अभिशाप है। यह कानूनी अपराध भी है। बच्चों के सुरक्षा हेतु सरकार की ओर से बहुत से कानून बनाए गए हैं।आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। बच्चों के भविष्य को सजाना संवारना माता पिता के अलावे समुदाय के जागरूक लोग एवं शिक्षक की भूमिका अहम है।बाल विवाह से जच्चा-बच्चा दोनों को जान का खतरा बना रहता है। क्योंकि कम उम्र में शरीर पूर्णरूपेण तैयार नहीं रहता है मां बनने के लायक। बाल मजदूरी से भी बच्चों का विकास रुक जाता है ।शरीर कमजोर हो जाता है असमय पारिवारिक बोझ लद जाता है।जिसे वह सहन नहीं कर पाता है।बाल विवाह और बाल मजदूरी से बच्चों पर पड़ने वाला प्रभाव की विस्तृत जानकारी के साथ रैली पूरे गांव का भ्रमण कर स्लोगन के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। मौके पर रामवृक्ष महतो, ध्रुव कुमार के अलावे दर्जनों बच्चे उपस्थित थे।

विवि में निजी कॉलेज को पीजी का परीक्षा केंद्र बनाने पर बवाल, कुलाधिपति व मुख्यमंत्री को भेजा गया पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में पीजी परीक्षा का परीक्षा केंद्र निजी बीएड कॉलेज में बनाने पर बवाल मच गया है। इससे पहले पीजी थर्ड सेमेस्टर में निजी बीएड कॉलेज ईस्ट एंड वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कालेज सहरसा व राधेश्याम टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज सुपौल को बनाया था। इसमें विभिन्न छात्र संगठनों ने इसका खुल कर विरोध करते हुए धरना, प्रदर्शन, आंदोलन, पुतला दहन आदि किया था। इसके बाद विवि ने यूटर्न लेते हुए पीजी थर्ड सेमेस्टर का परीक्षा केंद्र निजी बीएड कॉलेज से हटा लिया था। उधर, एनएसयूआइ के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक मनीष कुमार ने पत्र भेज कर कुलाधिपति व मुख्यमंत्री को मामले से अवगत कराया है। इसमें मनीष ने बीएन मंडल विवि में आयोजित पोस्ट ग्रेजुएशन सेकंड सेमेस्टर परीक्षा के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्र पर सवाल खड़ा किया है। मनीष ने पत्र के माध्यम से विवि से मांग किया कि छात्रों के आर्थिक शोषण व भ्रष्टाचार के कई संगीन के आरोपी ईस्ट एंड वेस्ट टीचर ट्रेनिंग कॉलेज से अविलंब परीक्षा केंद्र हटाया जाए। उन्होंने कहा कि विवि प्रशासन के द्वारा पोस्ट ग्रेजुएशन सेकंड सेमेस्टर की परीक्षा केंद्र ईस्ट एंड वेस्ट टीचर ट्रेनिंग कॉलेज को बनाया गया है। जबकि यह प्राइवेट टीचर ट्रेनिंग कॉलेज पूर्व से विवादित है। ईस्ट एंड वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बड़े रसूख व धन बल के दम पर शोषित छात्रों की आवाज को दवा दिया जाता है। ईस्ट एंड वेस्ट टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के एक छात्रा ने बीएड की परीक्षा में गलत तरीके से टाप करने का आरोप भी कुलपति के समक्ष लगाया था। इस परिस्थिति में पोस्ट ग्रेजएशन जैसी परीक्षा केंद्र एक विवादित निजी कॉलेज ईस्ट एंड वेस्ट टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में बनाना यह दशार्ता है कि परीक्षा केंद्र एक निजी कॉलेज के हाथों में बेच दिया गया है। पैसों की उगाही की जाएगी और परीक्षा की विश्वसनीयता भी संदेह के घेरे में रहेगी। विश्वविद्यालय अंतर्गत सहरसा जिला में आयोजित होने वाली पोस्ट ग्रेजुएशन की परीक्षा सेंटर पूर्व के तरह सरकारी कॉलेज में आयोजित करवाई जाए।

पेड़ से लटका युवक का शव, परिजन ने जताई हत्या की आशंका

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिला के बटिया थाना क्षेत्र के चिरहाघाट में एक युवक का शव बाबुल के पेड़ से रस्सी के फंदे से लटका मिला है। मृतक युवक के परिजन रंजिश को लेकर हत्या की आशंका जाता रहे हैं। युवक का शव पेड़ से लटका मिलने के बाद आसपास के इलाकों में सनसनी फैल गई है। मृतक युवक की पहचान बटिया थाना क्षेत्र के नैयाडीह पंचायत के बरियारपुर निवासी बलदेव यादव के 30 वर्षीय पुत्र मनोज यादव के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि रविवार की शाम 4:00 बजे से ही युवक घर से लापता था। जिसकी खोजबीन की जा रही थी लेकिन वह नहीं मिल रहा था। अचानक सुबह किसी ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई की मनोज यादव का शव चिरहाघाट के समीप बबुल के पेड़ पर लटका हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन समेत पूरे गांव में अफरा तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मामले की सूचना बटिया थाना को दिया गया। सूचना के बाद मौके पर बटिया थाना की पुलिस शव को पेड़ से उतार कर जांच पड़ताल में जुट गई है।घटना के बारे में मृतक मनोज यादव के पिता बलदेव यादव ने बताया कि गोतिया के साथ कुछ आपसी विवाद चल रहा था। इस विवाद को लेकर मेरे बेटे की हत्या की गई है। मेरा बेटा आत्महत्या नहीं कर सकता है। वहीं स्थानीय ग्रामीण भी आशंका जाता रहे हैं कि यह आत्महत्या नहीं हत्या का मामला है। घटना के बारे में बटिया थाना अध्यक्ष नीतू कुमारी ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है।युवक का शव पेड़ से लटका हुआ पाया गया था। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जमुई सदर अस्पताल भेज दिया है। वही इस घटना को लेकर परिजनों के द्वारा अभी आवेदन नहीं दिया गया है।पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है

मातृ दिवस के अवसर पर टोला के बच्चों में वितरण किए गए वस्त्र

प्रात : किरण संवाददाता

तिलौथू (रोहतास) : भारत समेत कई देशों में हर साल मई के दूसरे रविवार को मदर डे मनाया जाता है। इस साल भारत में 12 मई को मदर डे मनाया गया। इस अवसर पर तिलौथू के सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार सत्यानंद कुमार ने तिलौथू प्रखंड के सबसे पिछड़ा क्षेत्र रामडिह्रारा जागोडिह टोला पर सैकड़ो बच्चो और उनकी माताओं बहनों के बीच वस्त्र का वितरण किए। सन 2016 से संचालित तिलौथू का कपड़ा बैंक गरीबों के लिए मिल का पत्थर साबित हुआ है। इसी बैनर तले समाजसेवियों के द्वारा प्रत्येक माह कपड़ा वितरण का कार्यक्रम चलते रहता है। तिलौथू प्रखंड के विभिन्न गांव में निःशुल्क पाठशाला के माध्यम से बच्चों का चयन कर, उन्हें निःशुल्क शिक्षा के साथ कपड़ा भोजन एवं पाठ्य सामग्री भी दिया जाते हैं। सत्यानंद कुमार ने बताया कि तिलौथू प्रखंड के सभी पंचायत में एक-एक निःशुल्क पाठशाला केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा गया है। जहां से शिक्षा का प्रसार अनवरत जारी रहेगा। आज के वितरण कार्यक्रम में प्रिंस कुमार एवम विंग कमांडर अभय यादव का विशेष सहयोग रहा।

स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकार पुल के नीचे नदी में गिरी, बाल बाल बच्चे दुल्हन और दुल्हा

प्रात : किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) आलमनगर थाना क्षेत्र के लदमा पुल पर खुरहान की ओर से आ रहे वरयात्री से भरा स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो पुल से नीचे नदी में जा गिरी। स्कॉर्पियो की रफ्तार ऐसी थी कि तीव्र मोड़ होने की वजह से ड्राइवर नियंत्रण खो दिया और देखते ही देखते स्कॉर्पियो लदमा नदी में जा गिरा। नदी में पानी नहीं रहने की वजह से स्कॉर्पियो गिरने के बाद तीन से चार पलटी खाया। पास के खेतों में काम कर रहे किसान एवं ग्रामीणों के सहयोग से वाहन को सीधा किया एवं सभी जख्मी लोगों को आलमनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। इस बाबत ग्रामीणों ने बताया कि रतवारा थाना क्षेत्र के बड़गांव वार्ड नंबर 11 निवासी रामदेव ऋषिदेव की पूत्री फुलन कुमारी शादी के अवसर पर बारात आया था जहां शादी के बाद दुल्हन के साथ बारात वापस सरसी थाना क्षेत्र स्थित चिकनी गांव जा रहा था। बताया गया कि वाहन में दूल्हा दुल्हन सहित कुल 10 लोग सवार थे। घायलों में संजय साह पिता गणेश साह, फूल कुमारी पिता उमेश ऋषि देव, विनोद शाह पिता दिनेश शाह, अर्जुन ऋषिदेव पिता सहदेव ऋषिदेव, नत्तर ऋषिदेव सिंघो ऋषिदेव, शंभू ऋषिदेव पिता कंचनलाल ऋषिदेव, फूल कुमारी पिता रामदेव ऋषिदेव, निखिल कुमार पिता लालचंद, सूरज ऋषिदेव पिता शंभू ऋषि देव, घर चिकनी वार्ड नंबर 4 प्रखंड धमदाहा थाना सरसी जिला पूर्णिया बताया गया। इस बाबत चिकित्सक आनंद कुमार मिलन ने बताया कि घायलों में फूल कुमारी, लत्तर ऋषिदेव, शंभु ऋषिदेव, संजय साह, अर्जुन ऋषिदेव स्थिति चिंता जनक देखते हुए इन सभी को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है शेष बचे लोगों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आलमनगर में ही हो रहा है जो खतरे से बाहर है।

वही आक्रोशित ग्रामीणों ने लदमा पुल के पास सड़क जाम कर जमकर प्रदर्शन किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया के इस तरह की घटना आए दिन इस पुल पर होते रहता है। आज एक माह पूर्व इसी जगह सड़क दुर्घटना में एक शिक्षिका की मौत हुई थी साथ ही 2 सप्ताह के भीतर इस जगह छोटी बड़ी लगभग आधे दर्जन सड़क दुर्घटना हो गया है लेकिन यहां के जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी इस पूला की वजह से होने वाले परेशानी को लेकर सजग नहीं दिख रहे हैं। सड़क से भी काम चौड़ाई का पुल होना और पुल पर रेलिंग नहीं रहने एवं दोनों साइड तीव्र मोड़ रहने की वजह से यहां लगातार सड़क दुर्घटना हो रहा है। सड़क निर्माण करने वाली कंपनी के द्वारा पुला पर भी सड़क निर्माण कर देने की वजह से पुल की चौड़ाई और कम गई जिस वजह से और सड़क दुर्घटना की संख्या और बढ़ने लगी है। वहीं सड़क जाम की सूचना मिलते हीं पुलिस पदाधिकारी राघवेंद्र कुमार राघव पुलिस बल के साथ स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शन कारीयों को समझाया प्रदर्शनकारी पुल की चोरी कारण एवं रोड ब्रेकर के साथ-साथ स्थल पुलिस चौकी की मांग कर रहे थे। वही घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस नेता सर्वेश्वर प्रसाद सिंह स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शनकारीयों को समझा बुझा कर जाम हटाया। वहीं पदाधिकारी को अभिलंब इसकी व्यवस्था करने की बात कही।

दहेज की भेंट चढ़ी नई नवेली दुल्हन, बहु सुशीला की ले ली जान, प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

दावथ (रोहतास) : सूर्यपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कवई गांव में ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर रविवार की देर शाम विवाहिता की हत्या कर दी । छोटी बहन की हत्या को लेकर बड़े भाई ने पति सहित चार के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है । मृतिका के भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सासाराम सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया । पुलिस के अनुसार कवई निवासी कृष्णा सिंह की पत्नी सुशीला देवी की मृत्यु की खबर सुन काराकाट थाना क्षेत्र के किशुनदासडीह निवासी मृतिका के बड़े भाई अरविंद कुमार ने अपनी बहन के ससुराल पहुंच देखा तो शव आंगन में पड़ा है और सभी फरार है । जिस पर थाना को सूचना दिया तो पुलिस शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा । मृतिका के बड़े भाई अरविंद कुमार ने आवेदन में लिखा है कि अपनी छोटी बहन सुशीला की शादी मई 2023 में हिन्दू- रीति रिवाज एवं उपहार स्वरूप दान दहेज सामर्थ्य के अनुसार देकर कवई निवासी गोरख सिंह के 23 वर्षीय पुत्र कृष्णा कुमार के साथ शादी की गई थी । शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुराल वालों द्वारा मवेशी और बाईक की मांग कर रहे थे । बीच मे बहनोई एवं उसके माता-पिता को समझाया भी गया था । परंतु रविवार की देर शाम सूचना मिली कि आपकी बहन की मौत हो गई है । मौत की सूचना मिलते ही बहन के घर जैसे ही पहुंचा तो देखा कि मेरे बहन का शव आंगन में पड़ा था । जबकि घरवालें सभी फरार थे । जिसको लेकर मृतिका के बड़े भाई अरविंद कुमार के बयान पर पति कृष्णा कुमार,देवर गोलू कुमार,ससुर गोरख सिंह एवं सास सहित चार पर प्राथमिकी हुई है । थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है ।

आश्रम के जीर्णोद्धार के लिए प्रबुद्ध लोगों ने किया बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

झाझा। स्वामी श्री दशरथ नंद विवेक आश्रम मनीकुरा जीर्णोद्धार के लिए एक बैठक आहूत की गई जिसकी अगुवाई राजेश यादव ने की। मौके पर आश्रम के प्रमुख सदस्य सुजीत मथुरी व कामेश्वर यादव ने सम्मिलित रूप से बताया कि मंदिर को पुनः निर्माण को लेकर लोग एकजुट हुए तथा सभी लोग संवैधानिक तरीके से सहयोग करेंगे ,नए सिरे से एक कमेटी का गठन किया जाएगा जिसमें लोगों को तरह-तरह की जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी और उनके मदद के लिए कार्यकारिणी समिति का गठन भी किया जाएगा जो नेतृत्व को सहयोग करेंगे, यह मन्दिर दसकों पुराना है लोगों की उदासीनता के कारण यह आश्रम वर्षों तक शून्य पड़ा रहा आज क्षेत्र के युवा आगे आकर कार्य करना चाहते हैं सबों को शुभकामना है, गुरु कि कृपा से बहुत जल्द यह आश्रम का पुनः जीणोधार संभव हो पाएगा। मौके पर अभिषेक कुमार, हरिनंदन प्रजापति, मंटू कुमार, अरुण यादव, कुंदन कुमार ने सम्मिलित रूप से कहा कि बरसों से बंद पड़ाया गुरु आश्रम आज हम सबों के लिए सोचने का विषय बना हुआ है ऐसे में आश्रम का जीर्णोद्धार होना आवश्यक है, जिसमें ट्रस्ट के पुराने सदस्य तथा क्षेत्र वासियों का विशेष सहयोग की आवश्यकता है जिससे कि आश्रम का पुनर्निर्माण कराना संभव हो पाएगा हम सभी युवा शक्ति हैं और हम लोग बदलाव और विकास पर कार्य करेंगे आने वाले समय में यह आश्रम प्रदेश तथा देशभर में चर्चित हो हम लोग का यही लक्ष्य है, क्षेत्र के सभी युवाओं को आवाहन करते हैं कि वे लोग इस शुभ कार्य में आकर जुड़े और इस महान कार्य को सफल बनाये। मौके पर नागो यादव, लखन यादव,सुनील नंद विवेक ,पंकज पुष्प, किशोरी ठाकुर, शंभू यादव ,पंकज नंद विवेक, नंदलाल यादव, कपूरी ठाकुर, मनीष महाराज, मोहन शास्त्री, राहुल कुमार सैकड़ो की संख्या में युवा उपस्थित रहे।

अंगूठा मिलान नहीं कराने वाले 15 शिक्षकों का किया गया वेतन बंद

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा बीपीएससी से चयनित टीआरई वन के तहत योगदान करने वाले 15 शिक्षक अंगूठा मिलान के लिए नहीं पहुंच रहे हैं। अंगूठा मिलान नहीं कराने वाले शिक्षकों पर शिक्षा विभाग ने वेतन बंद करते हुए शोकॉज भी मांगा है।

इन शिक्षकों को शिक्षा विभाग ने अंगूठा मिलान कराने के लिए कई बार तिथि निर्धारित करते हुए उपस्थित होने का निर्देश दिया है। शिक्षा विभाग द्वारा तिथि निर्धारित के बावजूद शिक्षकों ने अंगूठा मिलान के लिए न तो उपस्थित हुए और न ही विभागीय स्तर पर कोई सूचना दी गयी है।

अंगूठा मिलान नहीं कराने पर शिक्षकों को किया जाएगा सेवामुक्त विभाग ने इन शिक्षकों के स्वेच्छाचारिता, कर्तव्यहीनता और उच्चाधिकारी के आदेश की अवहेलना एवं अनुशासनहीनता माना है। शिक्षा विभाग ने 15 शिक्षकों को बार-बार निर्देश दिया है कि अंगूठा मिलान जांच में सहयोग करें। अंगूठा मिलान जांच नहीं कराने वाले शिक्षकों में आलमनगर प्रखंड से दो, गम्हरिया से एक, घैलाढ़ प्रखंड से एक, मधेपुरा से एक, मुरलीगंज से दो, पुरैनी से एक, सिंहेश्वर से एक, शंकरपुर प्रखंड से तीन, उदाकिशुनगंज प्रखंड से दो एवं चौसा प्रखंड से एक शिक्षक शामिल है। डीपीओ स्थापना मिथिलेश कुमार ने बताया कि टीआरई वन के 15 शिक्षकों ने अब तक अंगूठा मिलान नहीं करवाई है।

इन शिक्षकों को कई बार जांच कराने का मौका दिया जा चुका है। जांच के लिए एचएम व बीईओ को भी निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि कई शिक्षकों का थंब इंप्रेशन नहीं हो रहा है। किसी शिक्षक का चेहरा मिलता है तो अंगूठा मिलान नहीं होता है। किसी शिक्षक का थंब इंप्रेशन मिलता है लेकिन चेहरा नहीं मिलता है।

सम्पादकीय

निष्पक्षता दशार्ने के भी प्रयास

सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में कनाडा पुलिस ने तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। रॉयल कनाडियन माउंटेड पुलिस ने कहा है कि वे निज्जर की हत्या में भारत सरकार की संलिप्तता की जांच कर रहे हैं। 45 वर्षीय निज्जर की पिछले वर्ष कनाडा में नकाबपोश बंदूकधारियों द्वारा गुरुद्वारे के बाहर गोली मार कर हत्या कर दी गई थी जिससे भारत और कनाडा के दरम्यान राजनयिक विवाद पैदा हो गया। पुलिस का कहना है कि जांच अभी जारी है तथा उनके पास प्रमाण हैं, और इस मामले में भारत सरकार के तार जुड़े होने की बाबत इन्हें खंगाला जा रहा है। वैसे कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पहले ही भारत के खिलाफ पर्याप्त सबूत होने की बात कर चुके हैं। हालांकि भारतीय अधिकारियों ने इन आरापों का सिरे से खंडन किया था। साथ ही, कनाडा पर खालिस्तानी आतंकियों और चरमपंथियों को पनाह देने की भी बात कनाडा के समक्ष उठाई थी। गौरतलब है कि निज्जर भारत सरकार द्वारा पहले ही आतंकवादी घोषित किया जा चुका था जो ऐसे चरमपंथी अलगाव समूह का नेतृत्व कर रहा था, जो अलग खालिस्तान की मांग करता है। इस जांच में भारतीय अधिकारियों को शामिल कर कनाडाई सरकार ने अपनी निष्पक्षता दशार्ने के भी प्रयास किए हैं। कनाडा ही नहीं, बल्कि अमेरिका और इंग्लैंड जैसे देशों में रहने वाले सिखों में भी खालिस्तान के मुखर समर्थक हैं। भारत सरकार सिख अलगाववादी आंदोलन की इस चिंगारी के भड़कने को भारत के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप बताती रही है। इससे पहले भी ब्रिटेन में अवतार सिंह खांडा की रहस्यमय मौत और लाहौर में परमजीत सिंह पंजवाड की गोली मार कर की गई हत्या पर भारत सरकार पर संदेह किया गया था। कोई भी सरकार अपनी अखंडता, सुरक्षा और आंतरिक मामलों में बाहर का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं कर सकती। बहरहाल, जांच जारी है, इसलिए अभी अंतिम निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। खासकर इस वक्त जब देश में लोक सभा के चुनाव चालू हैं, इस तरह के विवादों से समुदाय विशेष को प्रभावित करने की आशंका भी निराधार नहीं कही जा सकती। हालांकि मोदी सरकार वैश्विक पटल पर देश की छवि को लेकर न केवल सावधान रहती है, बल्कि कड़े संदेश देने में भी कदम पीछे नहीं खींचती। चरमपथियों/आतंकवादियों को लेकर किसी भी तरह की मुलायमियत देश की सुरक्षा के लिए उचित नहीं ठहराई जा सकती।

मोदी बनाम मुद्दा बना चुनावी विमर्श

तनवीर जाफरी

देश में 18वीं लोकसभा निर्वाचित करने का चुनावी दौर जैसे जैसे आगे बढ़ता जा रहा है वैसे वैसे चुनावी माहौल में भी तल्खी बढ़ती जा रही है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुंह से ऐसी तमाम बातें सुनी जा रही हैं जिसकी देश के प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति से उम्मीद भी नहीं की जा सकती। वैसे तो प्रधानमंत्री पद पर बैठते ही मोदी ने अपने बड़पोलेपन और झूठ से देश और दुनिया को आश्चर्य चकित करना शुरू कर दिया था। परन्तु उससे भी बड़े आश्चर्य की बात तो यह कि उन्होंने अपने इस बड़पोलेपन, झूठ और अवैज्ञानिक बातों पर विराम लगाने के बजाये इसे और भी बढ़ाना शुरू कर दिया। शायद उन्होंने देश की जनता को मूर्ख और अनपढ़ समझ रखा था। नाली से गैस निकालकर चाय बनाना, ट्रैक्टर के ट्यूब में गोबर गैस भरकर उससे इंजन चलाकर खेतों की सिंचाई करना, बादल में रडार का काम न करना जैसी अनेक बेतुकी व तथ्यविहीन बातें बोलकर प्रधानमंत्री ने अपने पद की गरिमा को दागदार किया। इसके अतिरिक्त उनका दूसरा प्रिय मिशन रहा गांधी नेहरू परिवार का निम्न स्तर तक विरोध, कांग्रेस मुक्त भारत की उनकी दिली मनोकामना, मुसलमानों का हद दर्जे तक विरोध और विपक्षी नेताओं विशेषकर कांग्रेस नेता राहुल गाँधी द्वारा बोली गयी बातों को अपनी सुविधा के हिसाब से ट्विस्ट देना और बात का बतंगड़ बना देना। मिसाल के तौर पर राहुल गाँधी ने 21 मार्च को ह्यभारत जोड़ो न्याय यात्राह्ल के समापन के अवसर पर मुंबई के शिवाजी पार्क में एक रैली को संबोधित करते हुये कहा था, कि ह्यह्यहिन्दू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम शक्ति से लड़ रहे हैं... एक शक्ति से लड़ रहे हैं। बाद में उन्होंने ह्यशक्ति ह्य शब्द की और व्याख्या करते हुये कहा कि - वह शक्ति क्या है? हमारी लड़ाई ह्यनफरत भरी आसुरी शक्तिह्ल के खिलाफ है। ह्यहमारी आसुरी शक्ति से लड़ाई हो रही है, नफरत भरी आसुरी शक्ति से। ह्लपरन्तु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ह्यशक्तिह्ल शब्द का प्रयोग अपनी सुविधानुसार करते हुये कहा कि ह्यउनके लिए हर मां-बेटी ह्यशक्तिह्ल का स्वरूप है और वह उनके लिए अपनी जान की बाजी लगा देंगे। इस तरह के अनेक उदाहरण हैं जिससे यह साबित होता है कि मोदी सिर्फ फुजूल की बातों में लोगों को उलझाकर जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाना चाहते हैं। परन्तु 2024 के इस ऐतिहासिक चुनाव में इंडिया गठबंधन के नेता विशेषकर राहुल व प्रियंका गांधी अपने चुनाव प्रचार अभियान को जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों पर केंद्रित करने में पूरी तरह सफल रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि कांग्रेस नेता, मोदी की घटिया व निम्नस्तरीय बातों से भी लोगों को अवगत कराकर यह बताने में भी सफल रहे हैं कि जनता से मोदी का निरर्थक इकतरफा संवाद दरअसल जनता का ध्यान भटकाने के लिये है। और यह भी कि प्रधानमंत्री कि इस तरह की संवाद शैली देश के प्रधानमंत्री जैसे पद पर बैठे व्यक्ति के लिए अशोभनीय है तथा देश की बदनामी का सबब भी है। साथ ही विपक्ष जनता को यह बताने में भी कामयाब हुआ है कि किस तरह मोदी फुजूल की बातों में लोगों को उलझाकर और लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ कर जनसरोकार से जुड़ी वास्तविक समस्याओं से लोगों का ध्यान भटकने की कोशिश कर रहे हैं। जब मोदी कहते हैं कि कांग्रेस ने 70 वर्षों में देश के लिये कुछ बनाया ही नहीं तो प्रियंका गाँधी उसके जवाब में मोदी से ही पूछ रही हैं कि जिन दर्जनों सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पी एस यू) को आप अपने चंद मित्रों के हवाले कर रहे हैं वह कांग्रेस के नहीं तो किसके बनवाये हुये हैं? विपक्ष मोदी से उन्हीं के वादों को याद दिलाते हुये यह भी पूछ रहा है कि 10 साल पहले आपने लोगों के खाते में 15 लाख रुपये डालने को कहा था, वह क्यों नहीं आये? जबकि चंद पूंजीपतियों के 16 लाख करोड़ रुपये कर्ज मुआफ कर दिये गये? कहाँ हैं आपके वादे के 10 वर्ष पूर्व घोषित किये गये 100 स्मार्ट सिटी? कहाँ हैं आपके वादों के 2 करोड़ रोजगार? 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वचन कहां गया? आर जे डी नेता तेजस्वी यादव ने तो अपने चुनाव प्रचार के दौरान एक नये तरीके का प्रयोग किया। उन्होंने पूर्व में नरेंद्र मोदी द्वारा जनता से किये गए वादों का एक ऑडियो उन्हीं की आवाज में अपनी जनसभा में सुना डाला। अपनी तरह का यह अनूठा प्रयोग था। मोदी को उन्हीं के वादों की याद दिलाकर उन्हें कटघरे में खड़ा करना कितना विपक्ष के लिये कितना कारगर साबित हो रहा है इसका अंदाजा चुनाव प्रचार अभियान के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के दिनोंदिन बिगड़ते जा रहे लहजों व उनके द्वारा उठाये जा रहे निरर्थक व बचकाना किस्म के मुद्दों से लगाया जा सकता है। कभी कहते हैं कि कांग्रेस के लोग मटन बनाने का मौज ले रहे हैं। कभी बोलते हैं कि अगर आपके पास दो भैंस है तो कांग्रेस उसमें से एक भैंस छीन कर ले जाएगी। कभी कांग्रेस व विपक्षी गठबंधन को हिन्दू विरोधी बताते हुये कहते हैं कि यह हिन्दू धर्म को खत्म करना चाहते हैं। तो कभी यह कि कांग्रेस सत्ता में आयी तो क्रिकेट टीम में मुसलमानों को भर देगी। यहाँ तक कि कांग्रेस सत्ता में आयी तो बहनों का मंगल सूत्र छीन लेगी और आपका सोना ले लेगी। यानी अजीब अजीब सी बदहवासी भरी बातें जिसका राजनीति से कोई वास्ता ही नहीं, इसतरह की बातें कर वह उन सवालों से बचना चाहते हैं जो जनता के वास्तविक सवाल हैं।

नरेंद्र मोदी के फुजूल, निम्नस्तरीय, गैर राजनैतिक व साम्प्रदायिक विद्वेष से भरे बयान निश्चित रूप से इस बात का सुबूत हैं कि वे विपक्ष द्वारा उठाये जा रहे जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों के सामने बौखला से गए हैं। जब कांग्रेस व इण्डिया गठबंधन सत्ता में आने पर अग्निवीर योजना खत्म कर सैनिकों की पूर्ववत भर्ती करने की बात करती है तो देश के युवाओं में उम्मीद जगती है। किसानों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून बनाने की बात कर विपक्ष किसानों में आस जगाता नजर आता है। कांग्रेस पार्टी की 5 गारंटी ने तो नरेंद्र मोदी को इतना असहज कर दिया है कि वह बौखला कर कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र बताने लगे हैं। बेशक यह हालात इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये काफी हैं कि विपक्षी इंडिया गठबंधन चुनावी विमर्श को मोदी बनाम मुद्दा बनाने में पूरी तरह कामयाब रहा है।

बिना स्वतंत्र मीडिया के स्वस्थ लोकतंत्र को सुनिश्चित कर पाना संभव नहीं

भारत में, एक जीवंत और स्वतंत्र प्रेस न केवल संविधान में निहित एक मौलिक अधिकार है, बल्कि लोकतंत्र की आधारशिला भी है, जो एक प्रहरी, सूचना का प्रसारक और विविध आवाजों के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। हालाँकि, भारत में प्रेस की स्वतंत्रता की वर्तमान स्थिति विभिन्न चुनौतियों के कारण जांच के अधीन है। भारत में प्रेस स्वतंत्रता की वर्तमान स्थिति पर नजर डाले तो भारत में एक विविध मीडिया परिदृश्य है जिसमें प्रिंट, प्रसारण और डिजिटल प्लेटफॉर्म शामिल हैं। हालाँकि यहाँ काफी हद तक स्वतंत्रता है, फिर भी प्रेस की स्वतंत्रता और अखंडता के संबंध में चिंताएँ उठाई गई हैं। सेंसरशिप, स्व-सेंसरशिप, राजनीतिक हस्तक्षेप और पत्रकारों पर हमलों की घटनाओं ने प्रेस की स्वतंत्रता के क्षरण के बारे में चिंता बढ़ा दी है। राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते राजनेताओं और मीडिया घरानों के बीच सांठगांठ के परिणामस्वरूप अक्सर पक्षपातपूर्ण रिपोर्टिंग होती है और असहमति की आवाजों का दमन होता है। धमकियाँ और हमलेः पत्रकारों को शारीरिक हिंसा, उत्पीड़न और धमकी का सामना करना पड़ता है, खासकर जब वे भ्रष्टाचार, मानवाधिकार उल्लंघन या सांप्रदायिक तनाव जैसे संवेदनशील मुद्दों को कवर करते हैं। कभी-कभी पत्रकारों को चुप कराने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करने के लिए राजद्रोह, मानहानि और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम जैसे कानूनों का दुरुपयोग किया जाता है।

प्रियंका सौरभ
लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

महात्मा गांधी का यह कथन कि प्रेस की स्वतंत्रता एक अनमोल विशेषाधिकार है जिसे कोई भी देश त्याग नहीं सकता आज के वैश्विक संदर्भ में दृढ़ता से प्रतिध्वनित होता है। भारत में, एक जीवंत और स्वतंत्र प्रेस न केवल संविधान में निहित एक मौलिक अधिकार है, बल्कि लोकतंत्र की आधारशिला भी है, जो एक प्रहरी, सूचना का प्रसारक और विविध आवाजों के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। हालाँकि, भारत में प्रेस की स्वतंत्रता की वर्तमान स्थिति विभिन्न चुनौतियों के कारण जांच के अधीन है। भारत में प्रेस स्वतंत्रता की वर्तमान स्थिति पर नजर डाले तो भारत में एक विविध मीडिया परिदृश्य है जिसमें प्रिंट, प्रसारण और डिजिटल प्लेटफॉर्म शामिल हैं। हालाँकि यहाँ काफी हद तक स्वतंत्रता है, फिर भी प्रेस की स्वतंत्रता और अखंडता के संबंध में चिंताएँ उठाई गई हैं। सेंसरशिप, स्व-सेंसरशिप, राजनीतिक हस्तक्षेप और पत्रकारों पर हमलों की घटनाओं ने प्रेस की स्वतंत्रता के क्षरण के बारे में चिंता बढ़ा दी है।

राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते राजनेताओं और मीडिया घरानों के बीच सांठगांठ के परिणामस्वरूप अक्सर पक्षपातपूर्ण रिपोर्टिंग होती है और असहमति की आवाजों का दमन होता है। धमकियाँ और हमलेः पत्रकारों को शारीरिक हिंसा, उत्पीड़न और धमकी का सामना करना पड़ता है, खासकर जब वे भ्रष्टाचार, मानवाधिकार उल्लंघन या सांप्रदायिक तनाव जैसे संवेदनशील मुद्दों को कवर करते हैं। कभी-कभी पत्रकारों को चुप कराने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करने के लिए राजद्रोह, मानहानि और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम जैसे कानूनों का दुरुपयोग किया जाता है। मीडिया संगठन, विशेष रूप से छोटे संगठन, वित्तीय बाधाओं का सामना करते हैं, जिसके कारण पत्रकारिता मानकों से समझौता होता है और कॉर्पोरेट या राजनीतिक फंडिंग पर निर्भरता होती है। इंटरनेट ने मीडिया की पहुंच का विस्तार किया है, इसने गलत सूचना और फर्जी खबरों के प्रसार को भी बढ़ावा दिया है, जिससे पारंपरिक मीडिया आउटलेट्स की विश्वसनीयता कम हो गई है। यह बहुत शर्मनाक बात है कि हमारे जैसे लोकतांत्रिक देश में प्रेस की आजादी की स्थिति पर कोई खतरा मंडराये।

इस स्थिति के लिए किसी एक व्यक्ति या एक संस्था को जिम्मेवार मानना बहुत गलत होगा। लेकिन, इसके साथ ही यह भी सत्य है कि यह हमारे लिए आत्मचिंतन का समय है। यह आत्मचिंतन सरकारों को करनी है, नेताओं को करनी है, पत्रकार बंधुओं को करनी है, रिपोर्टरों को करनी है और खास तौर पर पत्रकारिता संस्थानों के मालिकों को करनी है, कि हम किस तरह की पत्रकारिता चाहते हैं। आज यह आत्मचिंतन का विषय है कि हम क्यों पत्रकार बने या आनेवाली पीढ़ियों में कोई क्यों पत्रकार बने। आज ये सवाल हमें अपने आप से पूछने हैं। साथ ही, किसी रैंकिंग आदि को देख कर यह समझना भी गलत है कि हम (प्रेस) बिल्कुल भी आजाद नहीं है। लेकिन, इतना सच जरूर है कि मीडिया में- खास तौर पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में- आजकल खबरें कम, एजेंडा ज्यादा चलाया जा रहा है। यहीं आकर सबसे ज्यादा गलतियां होती हैं, क्योंकि खबरों को इकट्ठा करनेवालों पर संस्थान मालिकों का दबाव होता है। ज्यादातर तो मालिक ही संपादक होते हैं, जो एजेंडा चलाये जाने के जाल में फंस जाते हैं।

दरअसल, एजेंडा चलाना आज के दौर में मीडिया का बिजनेस मॉडल है और यह मॉडल जब तक रहेगा, तब तक तो प्रेस पर सवाल उठते रहेंगे कि आखिर वह कितना आजाद है और उस पूंजी कितनी हावी है। यहां पर एक बात बड़ी महत्वपूर्ण हो जाती है। वह यह कि मौजूदा दौर की वेब पत्रकारिता यानी डिजिटल मीडया इस बिजनेस मॉडल से थोड़ी अप्रभावित है, क्योंकि इसे चलाने में कम खर्च होने के चलते इस पर दबाव कम रहता है। प्रेस की स्वतंत्रता को कायम रखने के संभावित उपाय देखें तो कानूनी सुधार से उन कानूनों को संशोधित या निरस्त करें जिनका उपयोग प्रेस की स्वतंत्रता को कम करने के लिए किया जाता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की संवैधानिक गारंटी के साथ संरेखित हों। पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए धमकियों या हमलों का सामना करने वाले पत्रकारों को पर्याप्त सुरक्षा और कानूनी सहायता प्रदान करना तथा अपराधियों को जवाबदेह ठहराना होगा। मीडिया साक्षरता के माध्यम से प्रचार और गलत सूचना से विश्वसनीय जानकारी को पहचानने के लिए जनता को शिक्षित करने के लिए मीडिया साक्षरता कार्यक्रमों को बढ़ावा देना होगा। नैतिक पत्रकारिता हेतु मीडिया संस्थानों को पेशेवर नैतिकता और मानकों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करना, तथा ईमानदारी और जवाबदेही की संस्कृति को बढ़ावा देना और स्वतंत्र मीडिया के लिए बाहरी प्रभावों पर निर्भरता कम करने के लिए स्वतंत्र मीडिया संगठनों को वित्तीय सहायता और नियामक समर्थन प्रदान करना कारगर उपाय होगा। महात्मा गांधी द्वारा मान्यता प्राप्त स्वस्थ लोकतंत्र के कामकाज के लिए स्वतंत्र प्रेस का अधिकार आवश्यक है। जबकि भारत में एक जीवंत मीडिया परिदृश्य है, प्रेस की स्वतंत्रता के लिए चुनौतियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए सरकार, मीडिया संगठनों, नागरिक समाज और जनता के ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। प्रेस की स्वतंत्रता को कायम रखकर, भारत अपने लोकतांत्रिक ताने-बाने को मजबूत कर सकता है और यह सुनिश्चित कर सकता है कि उसके नागरिकों की आवाज बिना किसी डर या पक्षपात के सुनी जाए।

भारतीय समाज में महिलाओं के मताधिकार का महत्व

भारतीय समाज में महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक स्थिति में सुधार के लिए विभिन्न संगठनों और आंदोलनों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।भारत में महिला मताधिकार आंदोलन ने ब्रिटिश शासन के तहत औपनिवेशिक भारत में भारतीय महिलाओं के राजनीतिक मताधिकार के अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी । 1918 में, जब ब्रिटेन ने महिला संपत्ति धारकों को सीमित मताधिकार दिया , तो यह कानून साम्राज्य के अन्य हिस्सों में ब्रिटिश नागरिकों पर लागू नहीं हुआ । भारतीय मतदान नियमों का मूल्यांकन करने के लिए भेजे गए ब्रिटिश आयोगों को महिलाओं और पुरुषों द्वारा प्रस्तुत याचिकाओं के बावजूद, मोंटागु-चेम्सफोर्ड सुधारों में महिलाओं की मांगों को नजरअंदाज कर दिया गया । 1919 में, महिलाओं को वोट देने के लिए समर्थन का संकेत देने वाली भावुक दलीलें और रिपोर्टें मताधिकारवादियों द्वारा प्रस्तुत की गईं, जो साउथबोरो फ्रैंचाइज के चुनावी विनियमन सुधारों को अंतिम रूप देने के लिए बैठक कर रही थीं। हालाँकि उन्हें मतदान का अधिकार नहीं दिया गया था, न ही चुनाव में खड़े होने का अधिकार, भारत सरकार अधिनियम 1919 ने प्रांतीय परिषदों को यह निर्धारित करने की अनुमति दी कि क्या महिलाएँ मतदान कर सकती हैं, बशर्ते कि वे कड़े संपत्ति, आय या शैक्षिक स्तर को पूरा करती हों। 1919 और 1929 के बीच, सभी ब्रिटिश प्रांतों , साथ ही अधिकांश रियासतों ने महिलाओं को वोट देने का अधिकार दिया और कुछ मामलों में, उन्हें स्थानीय चुनावों में खड़े होने की अनुमति दी। पहली जीत 1919 में मद्रास शहर में हुई,

श्रुति पाठक
अधिवक्ता, पटना उच्च न्यायालय

महिलाओं के मताधिकारों का महत्व एक समृद्ध समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। ये मताधिकार न केवल महिलाओं के व्यक्तित्व और स्वतंत्रता का प्रतीक होते हैं, बल्कि समाज की सामूहिकता और समरसता की एक महत्वपूर्ण नींव भी हैं। इनके बिना, किसी समाज की पूर्णता संभव नहीं है। भारतीय इतिहास में, महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिए बहुत संघर्ष किया है, जैसे कि सती प्रथा के खिलाफ आंदोलन, सत्याग्रह, और अधिकारों के लिए संघर्ष। भारतीय समाज में महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक स्थिति में सुधार के लिए विभिन्न संगठनों और आंदोलनों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।भारत में महिला मताधिकार आंदोलन ने ब्रिटिश शासन के तहत औपनिवेशिक भारत में भारतीय महिलाओं के राजनीतिक मताधिकार के अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी । 1918 में, जब ब्रिटेन ने महिला संपत्ति धारकों को सीमित मताधिकार दिया , तो यह कानून साम्राज्य के अन्य हिस्सों में ब्रिटिश नागरिकों पर लागू नहीं हुआ । भारतीय मतदान नियमों का मूल्यांकन करने के लिए भेजे गए ब्रिटिश आयोगों को महिलाओं और पुरुषों द्वारा प्रस्तुत याचिकाओं के बावजूद, मोंटागु-चेम्सफोर्ड सुधारों में महिलाओं की मांगों को नजरअंदाज कर दिया गया । 1919 में, महिलाओं को वोट देने के लिए समर्थन का संकेत देने वाली भावुक दलीलें और रिपोर्टें मताधिकारवादियों द्वारा भारत कार्यालय और हाउस ऑफ लॉर्ड्स और कॉमन्स की संयुक्त चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत की गईं, जो साउथबोरो फ्रैंचाइज के चुनावी विनियमन सुधारों को अंतिम रूप देने के लिए बैठक कर रही थीं। हालाँकि उन्हें मतदान का अधिकार नहीं दिया गया था, न ही चुनाव में खड़े होने का अधिकार, भारत सरकार अधिनियम 1919 ने प्रांतीय परिषदों को यह निर्धारित करने की अनुमति दी कि क्या महिलाएँ मतदान कर सकती हैं, बशर्ते कि वे कड़े संपत्ति, आय या शैक्षिक स्तर को पूरा करती हों। 1919 और 1929 के बीच, सभी ब्रिटिश प्रांतों , साथ ही अधिकांश रियासतों ने महिलाओं को वोट देने का अधिकार दिया और कुछ मामलों में, उन्हें स्थानीय चुनावों में खड़े होने की अनुमति दी। पहली जीत 1919 में मद्रास शहर में हुई, उसके बाद 1920 में त्रावणकोर साम्राज्य और झालावाड़ राज्य में, और 1921 में ब्रिटिश प्रांत, मद्रास प्रेसीडेंसी और बॉम्बे प्रेसीडेंसी में । राजकोट राज्य ने 1923 में पूर्ण सार्वभौमिक मताधिकार प्रदान किया और उस वर्ष भारत में विधान परिषद में सेवा देने वाली पहली दो महिलाएँ चुनी गईं। 1924 में, मुद्दीमन समिति ने एक और अध्ययन किया और सिफारिश की कि ब्रिटिश संसद महिलाओं को चुनाव में खड़े होने की अनुमति दे, जिससे 1926 में मतदान के अधिकार में सुधार हुआ। 1927 में, एक नया भारत अधिनियम विकसित करने के लिए साइमन कमीशन नियुक्त किया गया था। क्योंकि आयोग में कोई भारतीय नहीं था, राष्ट्रवादियों ने उनके सत्रों का बहिष्कार करने की सिफारिश की। इससे महिला समूहों के बीच दरार पैदा हो गई, जो एक तरफ सार्वभौमिक मताधिकार के पक्ष में और दूसरी तरफ शैक्षिक और आर्थिक मानदंडों के आधार पर सीमित मताधिकार बनाए रखने के पक्ष में एकजुट हुईं। आयोग ने मताधिकार के विस्तार पर चर्चा के लिए गोलमेज सम्मेलन आयोजित करने की सिफारिश की। महिलाओं से सीमित इनपुट के साथ, तीन गोलमेज की रिपोर्ट ब्रिटिश संसद की संयुक्त समिति को भेजी गई थी, जिसमें मतदान की आयु को कम करके 21 वर्ष करने की सिफारिश की गई थी, लेकिन संपत्ति और साक्षरता प्रतिबंधों को बरकरार रखा गया था, साथ ही महिलाओं की पात्रता उनकी वैवाहिक स्थिति पर आधारित थी। इसने प्रांतीय विधायिकाओं में महिलाओं और जातीय समूहों के लिए विशेष कोटा भी प्रदान किया। इन प्रावधानों को भारत सरकार अधिनियम 1935 में शामिल किया गया था । हालाँकि इसने चुनावी पात्रता बढ़ा दी, फिर भी अधिनियम ने भारत में केवल 2.5% महिलाओं को वोट देने की अनुमति दी। मताधिकार के विस्तार के लिए आगे की सभी कार्रवाई राष्ट्रवादी आंदोलन से जुड़ी थी, जो महिलाओं के मुद्दों की तुलना में स्वतंत्रता को उच्च प्राथमिकता मानता था। 1946 में, जब भारत की संविधान सभा चुनी गई, तो 15 सीटें महिलाओं को मिलीं। उन्होंने नए संविधान का मसौदा तैयार करने में मदद की और अप्रैल 1947 में विधानसभा सार्वभौमिक मताधिकार के सिद्धांत पर सहमत हुई। चुनाव के प्रावधानों को जुलाई में अपनाया गया, भारत को अगस्त में ब्रिटेन से आजादी मिली और 1948 की शुरूआत में मतदान सूची तैयार की जाने लगी। मताधिकार और चुनाव के लिए अंतिम प्रावधानों को जून 1949 में संविधान के मसौदे में शामिल किया गया और 26 जनवरी 1950 को प्रभावी हुआ।

महिलाओं को मतदान करना बहुत महत्वपूर्ण है, और इसमें कई फायदे हैं। समाजिक भागीदारी का माध्यम, मतदान करना समाज में महिलाओं को समाजिक संरचना में सक्रिय रूप से शामिल होने का अवसर देता है और उनकी आवाज को सुनने की संभावना प्रदान करता है। राजनीतिक बल, जब महिलाएं मतदान करती हैं, तो वे अपने अधिकारों और दिशा निदेर्शों के प्रति सक्रिय रहती हैं और राजनीतिक नेताओं को जागरूक करती हैं। समाज में परिवर्तन की भूमिका महिलाओं का मतदान समाज में समाजिक और राजनीतिक परिवर्तन की भूमिका में महत्वपूर्ण योगदान करता है। जब महिलाएं सक्रिय रूप से मतदान करती हैं, तो वे अपने मुद्दों और विचारों को साझा करने में सक्षम होती हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तनों को प्रेरित करती हैं। राजनीतिक और सामाजिक नीतियों में महिलाओं के हितों को ध्यान में रखा जाता है और वे समाज में समरसता और समृद्धि के लिए योगदान कर सकती हैं। न्यायिक निर्णयों में महिलाओं की प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलता है और समाज में न्याय की वास्तविकता को बढ़ावा मिलता है। महिलाओं के मताधिकार समाज में एक न्यायपूर्ण और समृद्ध समाज की नींव होते हैं। महिलाओं के मताधिकार समाज में एक न्यायपूर्ण और समृद्ध समाज की नींव होते हैं। जब महिलाएं अपने अधिकारों का पालन करती हैं, तो समाज में समरसता, सम्मान, और समृद्धि का माहौल बनता है। महिलाओं के मताधिकार के बिना, समाज अधूरा और अनियमित रहता है, जिससे उसकी स्थिति विकास और प्रगति के पथ पर बाधाओं का सामना करता है इन सभी कारणों से स्पष्ट होता है कि महिलाओं को मतदान करना बहुत महत्वपूर्ण है। यह न केवल उनके अधिकारों का प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

आवश्यक है वर्तमान की रोशनी में अतीत की समीक्षा

डा. रवीन्द्र अरजरिया

अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर देश की साख निरंतर बढती जा रही है। विश्व समुदाय के मध्य भारत की मौजूदा नीतियां शीर्षगामी हो रही हैं। ईरान के व्दारा विगत 17 अप्रैल को जप्त किये पुर्तगाली झंडे वाले जहाज एमएससी एरीज के चालक दल के 17 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया था। इस कन्टेनर जहाज का इजरायल के साथ संबंध होने के कारण ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स नेवी ने होर्मुज जलडमरू मध्य के निकट घेर कर कब्जे में ले लिया था। चालक दल में 6 भारतीय थे जिसमें एक महिला चालक दल सदस्या को भारत की कूटनीति के कारण तत्काल रिहा कर दिया गया था और अब शेष बचे 5 भारतीय भी छोड दिये गये हैं। देश का बढता सम्मान निरंतर शीर्षोन्मुख हो रहा है। अभिनन्दन की पाकिस्तान से वापिसी से लेकर यूक्रेन से भारतीय छात्रों को जंग के मध्य रास्ते देने की घटनायें समय-समय पर सामने आती रहीं है जबकि अतीत में विमान अपहरण के बहाने आर्तकियों को छुडाने जैसी ब्लैक मेलिंग देखने को मिलती रही है। अमेरिका के आगे काले गेहूं के लिए हाथ फैलाये जाते रहे हैं। पाकिस्तान के आतंकी प्रहारों का रोना विश्व समुदाय के सामने रोया जाता रहा है। दंगों, विस्फोटों और खूनी झडपों के तांडव से देश कराहता रहा है। राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का सैलाब नित नये गुल खिलाता रहा है। कहीं तिरंगे को लाल-हरा झंडों ने दागदार करने की कोशिश की गई तो कहीं छदम्भवेशधारियों ने बहुरूपिये मुखौटे पहनकर व्यवस्था को धूल धूसित किया। समय के साथ बदलाव की आंधी आई और नकारात्मकता को रौंदने का हौसला लेकर विकास ने कदमताल करना शुरू कर दिया। अमेरिका और रूस के साथ संतुलन स्थापित किया। इजराइल और ईरान के साथ सामंजस्य बनाये रखा। अनेक मुस्लिम राष्ट्रों का विश्वास जीता। विश्वगुरु के सिंहासन पर पुनः आसीन होने के लिए भागीरथी प्रयास तेज किये गये। परिणामस्वरूप यूक्रेन और रूस दौनों ही भारत पर विश्वास करते हैं। इजराइल और ईरान दौनों ही भारत का सम्मान करते हैं। नये भारत के परिपेक्ष में परिणामों की बानगी का सूक्ष्म विश्लेषण नूतन अध्याय की नवीन भूमिका परिलक्षित करा रही है। ऐसे में देश की लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया पर नजरें गडाये बैठा समूचा संसार अब अप्रत्यक्ष में इसे अपने ढंग से प्रभावित करने का प्रयास भी कर रहा है। मित्र राष्ट्रों का समर्थन देश की समृध्दि के साथ है तो शत्रु देशों की जमात विनाशकारी तत्वों के समर्थन में कूद पडी है। मां भारती की गोद में किलकारी भरती दलगत राजनीति के अनेक लाडले अब राष्ट्रभक्ति की भावना को तिलांजलि देकर स्वार्थ को अंगीकार करने लगे हैं। विकास के वास्तविक मापदण्डों से परे जाकर मगृमारीचिका के पीछे मतदाताओं को दौडाने की होड लगी है। लुभावने वादों, मुफ्तखोरी की घोषणाओं और संपन्नता के सपनों से वर्ग-संघर्ष की चालें चलीं जा रहीं है। लालू का मुस्लिम आरक्षण, ममता की सीएए न लागू होने देने की घोषणा, राहुल की जातिगत जनगणना, अखिलेश की वर्ग विशेष को सुविधायें, मायावती का खास लोगों के उत्थान का वायदा, केजरीवाल की लिंग भेदी सुविधा, मणिशंकर का पाकिस्तानी बम, ओवैसी की आतंकी धमकी, सैम पित्रोदा की पैत्रिक सम्पत्ति, महबूबा का पाक प्रेम, फारूख का कश्मीर विशेष और मोदी का विकसित राष्ट्र आज मतदाताओं के मध्य शंखनाद कर रहा है। दूरगामी परिणामों वाले षडयंत्र की किस्तों में परिणति करने वाली पार्टी का असली चेहरा पिछले कुछ सालों में नागरिकों दिखने लगा है। पैत्रिक परम्पराओं का निर्वहन करने वाली पार्टी के दिग्गजों ने देश के अन्दर और बाहर एक साथ मातृभूमि को अपमानित करने का ही काम किया है। कभी लंदन में देश को कोसा तो कभी अमेरिका में मनगढन्त कहानियां सुनाकर आंसू बहाये।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, मंगलवार, 14 मई, 2024

संक्षिप्त खबरें

150 बोतल नेपाली शराब के साथ एक धराये

ढाका,नव (पुर्वी चम्पारण)-भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस लगातार गस्त लगा रही है। इसी कड़ी में अमवा चौक के समीप से एक बाईक पर नेपाल से बैग में भरकर लाए जा रहे 150 बोतल नेपाली शराब के साथ एक धंधेबाज को थाना पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया है। पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए धंधेबाज पताही थाना क्षेत्र के जिहुली गांव निवासी राजा कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बैंक ऑफ इण्डिया ने किया किसान संगोष्ठी का आयोजन

मढ़ौरा ग्रामीण बैंक ऑफ इण्डिया,मढ़ौरा शाखा की ओर से शिल्हौरी पंचायत भवन परिसर में किसान पखवाड़े के तहत किसान संगोष्ठी हुई। बैंक प्रबंधक कृति भारती की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बैंक के सीवान जोनल के अधिकारी अरुण कुमार यादव ने किसानों को बहुउद्देशीय खेती करने की अपील करते हुए बैंक की किसान हितैषी योजनाओं को समझाया। संगोष्ठी में क्षेत्र के किसानों के साथ महिला स्व सहायता समूह के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में आर्थिक विकास के लिए जनभागीदारी की आवश्यकता, वित्तीय शिक्षण, महिला सशक्तिकरण, जैविक खेती को बढ़ावा, प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना, किसान न्याय योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, योजनाबद्ध कृषि विकास के लिए बैंकों द्वारा आवश्यक लघु एवं दीर्घकालीन वित्त पोषण के बारे में जानकारी दी गई बैठक में मुख्य रूप से शाखा प्रबंधक कृति भारती के अलावे बैंक अधिकारी गोपाल शंकर बैंक कर्मी जगरनाथ प्रसाद, रवि कुमार, सीएसपी संचालक चंदन प्रसाद, कुलदीप कुमार,विकास पांडेय, मिथुन कुमार आदि लोग शामिल रहे।

गांजा मामले में सजा

छपरा कोर्ट। विशेष न्यायाधीश मादक पदार्थ अधिनियम सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम नीरज कुमार ने भगवान बाजार थाना कांड संख्या 239/23 के एनडीपीएस सत्रवाद संख्या 32/23 में रिवीलगंज थाना के टेकनिवास निवासी विक्की गुप्ता को मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 20 के अंतर्गत 11 माह की सजा सुनाई है।अभियुक्त द्वारा जेल में बिताई गई समय सजा की अवधि में समायोजित कर दी जाएगी। बताते चलें कि मंडल कारा छपरा के अधीक्षक राधेश्याम सुमन ने 9 जून 2023 को भगवान बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि मंडल कारा में बंद कृष्णा राय से मुलाकात करने मंडल कारा गेट पर अभियुक्त बिक्की गुप्ता आया था और शैंपू तथा अन्य सामानों में छुपा कर 100 ग्राम गांजा बंदी के पास जेल में भेज रहा था। जिसे कक्ष पालों द्वारा चेकिंग के दौरान पकड़ लिया गया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक मादक पदार्थ अधिनियम मिथलेश कुमार सिंह ने सरकार का पक्ष न्यायालय में रखा और अधिकतम सजा देने का निवेदन न्यायालय से किया। गवाही के क्रम में ही अभियुक्त ने अपना दोष स्वीकार कर लिया था।

जिलाधिकारी ने मतदाता सूची बिखंडीकरण के कार्यो का किया निरीक्षण

मोतिहारी।जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक पूर्वी चंपारण कांतेश कुमार मिश्रा के द्वारा मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में चल रहे मतदाता सूची बिखंडीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया। यहां पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों से सभी चीजों की जानकारी प्राप्त की गई और पूरी एकाग्रता और जिम्मेदारी के साथ कार्यों को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त पूर्वी चंपारण समीर सौरभ भी उपस्थित थे।

भारत का जलवा देश और दुनिया में दिख रहा है, जिस पर हर हिंदुस्तानी को गर्व है: पीएम नरेंद्र मोदी

● पीएम के भाषण में राजद और कांग्रेस निशाने पर रहे, राजद के जंगलराज पर भी जमकर हमला बोला

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। यह चुनाव विकसित भारत के संकल्प का है, दुनिया में भारत के साख और धाक का है, भारत का रुतबा देश-विदेश में बढ़े इसको लेकर है, इंडिया गठबंधन के लोग देश में पांच- पांच प्रधानमंत्री बनाएंगे, इससे देश का भला नहीं होगा। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एनडीए प्रत्याशी राजीव प्रताप रूढ़ी के समर्थन में स्थानीय हवाई अड्डा के मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। पीएम नरेंद्र मोदी ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमने चंद्रमा पर तिरंगा फहराया, अंतरिक्ष में इससे भी आगे जा रहे हैं, भारत ऊंचाइयों को छुए इसके लिए यह चुनाव है। आपका यह मोदी आपका सेवक है, आपके सपने ही मेरा संकल्प है, किसी भी गरीब को भूखे मरने नहीं दिया जाएगा, यह है मोदी की गारंटी। पीएम मोदी ने एनडीए प्रत्याशी राजीव प्रताप रूढ़ी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि मैं अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी पूर्वक से निभा रहा हूं, अपने 10 साल के शासन में जो अद्भुत काम किया है,कांग्रेस ने 60 साल के शासन में नहीं कर पाया है। एनडीए के शासन में एक्सप्रेसवे हाईवे, अत्यधिक ट्रेन एवं रेलवे ट्रैक का जाल बिछाया है, 10 वर्षों में मेडिकल कॉलेज की संख्या डबल कर दिया गया है, यह है मोदी के विकसित भारत का संकल्प। पीएम ने संबोधित करते हुए कहा कि अब जनता बुड़बक नहीं है, पब्लिक सब जानती है और विपक्ष के इरादे को भाप लिया है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने गरीबों को पेट नहीं भरने दिया, देश का हाल बदहाल हो रहा था। कांग्रेस को गरीबों की चिंता नहीं, यदि गरीबों की चिंता है तो केवल मोदी को है, कोई भी गरीब को अब भूखा नहीं सोना पड़ेगा, गरीबों के घर का चूल्हा जलता रहेगा, यह है मोदी की गारंटी। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि देश के 10 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज पहुंचाया जा रहा है, 4 करोड़ गरीबों को पक्का मकान देने का काम किया है। मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेगा तो बाकी अधूरा कार्य भी पूरा होगा। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर साफ पानी, महिलाओं को शौचालय, महिलाओं को धुएं से राहत दिया गया है, यह मोदी सरकार की उपलब्धि है। प्रधानमंत्री ने संबोधित करते हुए यह भी कहा कि मोदी गरीबों से ऊपर उठकर आया है, गरीबों का दुख- दर्द अच्छी तरह जानता और समझता हूं। पीएम ने अपने संबोधन में बिहार की चर्चा करते हुए कहा कि बिहार में केंद्र के सहयोग से बड़े पैमाने पर विकास हुआ है, मुफ्त राशन, गरीबों को एक करोड़ 25 लाख शौचालय और अगले 5 वर्षों में 3 करोड़ और गरीबों का पक्का घर बनाकर दिया जाएगा यह मोदी की गारंटी। उन्होंने कहा कि देश के 70 साल से ऊपर गरीब परिवारों को अब इलाज की भी चिंता मोदी को है, और अब मोदी सरकार इन बुजुर्ग परिवारों को इलाज भी मुफ्त में कराएगी। पीएम मोदी ने एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं जब भी बिहार आता हूं, आरजेडी को कहता हूं अपने काम पर वोट मांगें, उन्होंने राजद को जंगल राज याद दिलाते हुए कहा कि अपहरण,लूट,भ्रष्टाचार और घोटाला यही इनका कार्य रहा है। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए यह भी कहा कि इंडिया गठबंधन मुंगेरीलाल के सपने देख रहे हैं।

पीएम की सभा में कार्यकर्ता बार-बार लगाया जय श्री राम का नारा

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में पोख्ता सुरक्षा का इंतजाम दिखा, जिला प्रशासन द्वारा बनाया गया रूट मैप के तहत इंट्री द्वार पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया था। वीवीआईपी से लेकर वीआईपी तक को बिना पास जाने की अनुमति नहीं थी। वहीं सभा स्थल पर और भी कड़ा इंतजाम किया गया था। सभी को मीटर डिटेक्टर की जांच के बाद ही सभा स्थल में जाने की अनुमति दी गई, प्रधानमंत्री की सभा में कार्यकर्ताओं का जोश हाई था पीएम के भाषण के दौरान बार-बार जय श्री राम के नारा कार्यकर्ता लग रहे थे। पीएम के प्रोटोकॉल के तहत वीआईपी के लिए बैठने के स्थान पर आम आदमियों का कब्जा हो गया था। पीएम के सभा में आने वाले आम जनों को भी पुलिस की जांच प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा था। वीआईपी और मीडिया के सीट पर कब्जा को लेकर पुलिस परेशान दिखे। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव मंगला ने आम लोगों को शांत कराते देखे गए। हालांकि मंच से भाजपा जिला अध्यक्ष और प्रशासन द्वारा संयम बरतने के लिए बार - बार कहा जा रहा था लेकिन कार्यकर्ता कहां मानने वाले थे। कार्यकताओं को मीटिंग स्थल तक आने में हो रही परेशानी को देखते प्रत्याशी राजीव प्रताप रूढ़ी को भी मंच से प्रशासन से अनाउंस करना पड़ा की कार्यकताओं को सभा स्थल तक आने में हो रही परेशानियों को दूर करें। कार्यकताओं के उत्साह से पीएम भी गदगद दिखे। सभा में मोदी भक्त पीएम का कट के साथ जय श्री राम का नारा भी लगाया। जिला प्रशासन के बेहतर प्रबंधन व चाक -चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच पीएम का कार्यक्रम शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया।

कदाचारमुक्त वातावरण में चल रही पीजी की परीक्षाएं

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा सदर। जयप्रकाश विश्ववविद्यालय स्नातकोत्तर सत्र 2021-23 द्वितीय सेमेस्टर तथा सत्र 2020-22 तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में चल रहीं हैं। सोमवार को दोनों पालियों में प्रायोगिक विषयों, यथा- भौतिकी, रसायनशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान, मनोविज्ञान, गृह विज्ञान आदि की परीक्षाएं हुईं।परीक्षा के पांचवे दिन द्वितीय पाली में कुल दो परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया। कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि परीक्षाएं कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में संचालित हों और परीक्षाओं में शुचिता और पारदर्शिता का पूर्ण ध्यान रखा जाय। इसका पूर्णतः अनुपालन केंद्राधीक्षक और वीक्षकगण द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि स्नातकोत्तर की परीक्षाएं विगत 8 मई, बुधवार से विश्ववविद्यालय परिसर स्थित मल्टीपर्पस परीक्षा भवन में प्रारंभ हुई हैं। सोमवार को पांचवे दिन पहली पाली में द्वितीय सेमेस्टर के विभिन्न प्रायोगिक विषयों एवं द्वितीय पाली में तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक विषयों की परीक्षाएं हुईं। परीक्षा पूर्णतः कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में चल रही हैं। दोनों सेमेस्टर की परीक्षाओं में अधिकतम संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने लगातार चार दिन इन परीक्षाओं का निरीक्षण किया है। कुलपति ने पूर्व में ही अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा है कि कदाचारमुक्त व ससमय परीक्षा तथा निर्धारित समय पर परीक्षाफल प्रकाशित करने के लिए वे कृतसंकल्प हैं।

दहेज लोभियों ने की विवाहिता की हत्या

प्रात: किरण, संवाददाता

दाउदपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के साधपुर गांव में दहेज लोभी ससुराल वालों ने पांच लाख रुपये के लिए एक विवाहिता की बेरहमी से पिटाई के बाद गला घोंट कर हत्या कर दी। मृतका अख्तर अंसारी की 26 वर्षीया पत्नी साब्या खातून बतायी जाती है। घटना की सूचना मिलते हीं दाउदपुर थाने की प्रभारी थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया तथा पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। इस संबंध में मृतका के पिता एकमा थाना क्षेत्र के गंजपर गांव निवासी जलामुदीन अंसारी ने दाउदपुर थाने में एक प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसमें विवाहिता की हत्या के मामले में उसके पति समेत सास व ससुर को नामजद किया गया है। दर्ज प्राथमिकी में जलामुदिन अंसारी ने कहा कि मैंने अपनी पुत्री साब्या की शादी 15 अप्रैल 2018 को जाबुल अंसारी के पुत्र अख्तर अंसारी के साथ मुस्लिम रिवाज के अनुसार की थी। शादी के कुछ महीने बाद से हीं दहेज में पांच लाख रुपये नही मिलने पर साब्या के साथ पति अख्तर अंसारी समेत सास व ससुर मारपीट करने लगे। जिसकी सूचना मेरी बेटी के द्वारा मुझे कई बार फोन करके दी गई थी। जिसके बाद मैं कुछ लोगों के साथ साधपुर पहुंच कर उसके ससुराल वालों को बहुत समझा- बूझाया। फिर भी वे लोग नही माने तथा बराबर मेरी पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहे। अंत मे दहेज को लेकर तीनो ने मिलकर मेरी पुत्री की बेरहमी से पिटाई के बाद गला घोंट कर मार डाला। रविवार की शाम को इसकी जानकारी मिलने के बाद दाउदपुर पुलिस को सूचना दी। उसके बाद जब मैं कुछ लोगों के साथ साधपुर उसके ससुराल पहुंचा तो दो मंजिला छत पर पड़े शव को देखा तो मेरी पुत्री के गले व शरीर पर कई जगह जख्म के निशान थे। जिससे प्रतीत होता है की उसकी बेरहमी से मारपीट कर हत्या कर दी गई है। बताया जाता है कि मृतका के एक चार साल का पुत्र तथा लगभग एक माह की एक पुत्री है। सोमवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को मृतका के पिता को सौंप दिया। मृतका के ससुराल वाले घटना के बाद से फरार बताए जाते हैं। वहीं उसके मायके में मातम छाया हुआ है।

एन एच पर रामगढ़वा भालूअहिया के समीप एक व्यक्ति को वाहन ने कुचला, हुई मौत

प्रात: किरण, संवाददाता

रक्सौल।सोमवार कि अहले सुबह रामगढ़वा से रक्सौल जाने वाली एन एच पर भलूअहिया चौक के समीप एक हृदय विदारक सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार रामगढ़वा थाना क्षेत्र के गुरहनवा गांव निवासी मदन राउत उम्र लगभग 50 वर्ष चिमनी में मजदूरी करने सुबह 5 बजे के लगभग घर से निकले हुए थे।भलुअहिया के समीप एनएच को पार करने के दौरान तेज गति से आ रही एक असंतुलित स्कॉर्पियो गाड़ी इनको कुचलते हुए फरार हो गई।लोग इसकी पहचान नहीं कर सके।इस घटना के बाद लोग स्वतः आंदोलित हो गए और घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। आक्रोशित लोग पुलिस से उक्त अज्ञात वाहन चालक की गिरफ्तारी को लेकर कुछ देरों तक एन एच पर डटे रहे।इससे एन एच पर कुछ देरों तक आवागमन भी बाधित रहा।इसकी सूचना मिलते ही राम गढ़वा पुलिस घटनास्थल पर गई और लोगों को उचित कार्यवाही करने का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। और शव को पोस्टमार्टम हेतु मोतिहारी भेजा।सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति की पहचान मदन पटेल के रूप में की गई है जो रेलवे ढाला से सतपिपरा जाने वाली सड़क में स्थित हाफिज जी के चिमनी में मजदूरी का काम करता था।वह वहीं पर काम करने जा रहा था तभी सड़क को पार करने के दौरान यह घटना घटित हो गई। जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति की पत्नी की मौत पहले ही हो चुकी है और इसके दो बालिग बेटे कमलेश पटेल और अखिलेश पटेल हैं।

एनडीए के लिए आसान नही वाल्मीकिनगर सीट

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया(मोहन सिंह).पश्चिम चंपारण जिला में दो संसदीय क्षेत्र आते है वाल्मीकिनगर एवं पश्चिम चंपारण।वाल्मीकिनगर संसदीय सीट पर जहाँ जनता दल (यूनाइटेड) एवं पश्चिम चंपारण सीट पर भाजपा का अब तक कब्जा रहा है।वाल्मीकि नगर संसदीय क्षेत्र में 6 विधानसभा पड़ते हैं जिसमें वाल्मीकिनगर, बगहा,लौरिया, रामनगर,नरकटियागंज एवं सिकटा विधानसभा क्षेत्र शामिल है। बताते चलें. कि वाल्मीकि नगर विधानसभा सीट पर जद यू , बगहा,लौरिया, रामनगर नरकटियागंज विधानसभा सीट पर भाजपा और सिकटा विधानसभा सीट पर भाकपा माले का कब्जा है।वाल्मीकि नगर संसदीय क्षेत्र से ऐसे तो कुल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में ताल ठोक रहे हैं लेकिन मुख्य रूप से वाल्मीकिनगर के एनडीए प्रत्याशी जदयू के निवर्तमान सांसद सुनील कुमार तथा महागठबंधन यानि इंडिया की ओर से भाजपा के बागी प्रत्याशी दीपक यादव राजद की टिकट पर चुनाव मैदान में पुरजोर ताल ठोक रहे हैं और दोनों उम्मीदवारों में शह मात का खेल जारी है।एक निवर्तमान सांसद सुनील कुमार अपनी सीट बरकरार रखने के लिए एड़ी चोटी का पसीना एक किए हुए हैं। वही राजद के दीपक यादव इस संसदीय सीट पर काबिज होने के लिए अपनी पूरी ताकत लगाए हुए हैं। एनडीए के जदयू प्रत्याशी सुनील कुमार को अपना अस्तित्व बचाने के लिए भारी मशक्कत करना पड़ रहा है और इंडिया गठबंधन के राजद प्रत्याशी इस सीट को हथियाने के लिए हर संभव प्रयास करने से बाज नहीं आ रहे हैं वही कुछ मतदाताओं का कहना है कि किरासन तेल के बगैर लालटेन कैसे चलेगा क्योंकि नीतीश जी ने लोगों को किरासन तेल से इसलिए वंचित कर दिया कि जब तेल ही नहीं मिलेगा तो लालटेन जलेगा कैसे ?लेकिन इंडिया गठबंधन के राजद प्रत्याशी दीपक यादव लालटेन जलाने के लिए जी जान से लगे हुए हैं. वही निर्दलीय प्रत्याशी दिनेश अग्रवाल इस क्षेत्र में पूरी तरह से बैलेंस बिगाड़ रहे हैं.अब देखना यह है कि बाल्मीकि नगर संसदीय सीट पर किस करवट ऊंट बैठता है.इसका अंदाजा लगाना मुश्किल हो रहा है.

लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता

मोतिहारी।लोकसभा निर्वाचन 24 को निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने हेतू जिले के मास्टर ट्रेनरों का उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन पूर्वी चंपारण समहरणालय परिसर स्थित राजेंद्र प्रसाद सभागार में किया गया। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान दल के कर्मियों के प्रशिक्षण हेतु द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्य संपन्न कराने के लिए जिले के कुल 125 मास्टर ट्रेनर्स को जिम्मेदारी दी गई है। जिन्हें आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आवश्यक जानकारी के साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मतदान दल के कर्मियों के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्रियों ,प्रपत्रों एवं चुनाव के दिन आने वाली कठिनाइयों को दूर करने से संबंधित जानकारी दी गई । इस कार्यशाला के माध्यम से विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के अंतर्गत मतदान दल के कर्मी क्या करें क्या ना करें की जानकारी भी प्रदान की गई ।साथ ही के लिए पीठासीन पदाधिकारी के लिए ऐप्प जनरल इलेक्शन 2024 को डाउनलोड करने एवं इसका समुचित उपयोग कैसे करें ?इस बात की तथ्यात्मक जानकारी मास्टर प्रशिक्षकों को दी गई। क्योंकि इन्हीं लोगों के माध्यम से 14 मई से लेकर 17 मई तक मतदान दल के कर्मियों का प्रशिक्षण स्थानीय सीएसडीएवी पब्लिक स्कूल बनकट, मोतिहारी में प्रदान किया जाने वाला है । इस मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता ,आपदा-प्रबन्धन, पूर्वी चंपारण राजेश्वरी पांडेय, प्रबंधन कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला शिक्षा पदाधिकारी पूर्वी चंपारण संजीव कुमार, वरीय मास्टर ट्रेनर नागेंद्र प्रसाद ,रमेश कुमार एवं कमलेश कुमार सिंह सहित सभी मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता

मोतिहारी ।चैंबर ऑफ कॉमर्स के 25वीं कार्यकारिणी की पांचवी बैठक होटल विजडम के सभागार में चेंबर अध्यक्ष राजीव विजडम की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।महासचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव ने गत संयुक्त बैठक के कार्यवाही की रिपोर्ट और गतिविधियों की रिपोर्ट सभा के समक्ष रखी । बैठक में विशिष्ट आमंत्रित सदस्य पुर्व महासचीव सुधीर गुप्ता, सदस्य विद्याव्रत जायसवाल, डाक विभाग के मार्केटिंग एक्सक्यूटिव शुभम पांडे, अमित कुमार और डॉक्टर धनंजय कुमार का तालियो के साथ अभिनंदन करते हुए परिचय कराया गया।चैम्बर का अर्द्ध वार्षिक सभा जो 16 जुन को होना निश्चित हुआ है ।उसके तैयारी पे विचार किया बुजुर्ग व्यापारी सम्मान के लिए पांच व्यापारी को सम्मानित किया जाएगा। ये प्रस्ताव पारित हुआ तथा लोकसभा चुनाव में जागरूकता अभियान चैंबर पूरे जिले में स्टीकर छपवा के वितरित करेगा गया । डाक विभाग के अधिकारी के द्वारा ये बताया गया की व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कैसे व्यापारी अपना सामान कम दर पे देश के किसी कोने में भेजा जा सकता है ।आगामी वर्ष भर के कार्यक्रमों की रूपरेखा समस्त विभाग के कार्य की समीक्षा और कार्य प्रगति पे चर्चा किया गया। अध्यक्ष राजीव विजडम ने कहा कि व्यावसायिक हित में मोतिहारी चैंबर सदैव तत्पर है और व्यावसायिक हित के कार्य पूरे जोर-शोर से किए जाएंगे, और अंत में डॉक्टर धनंजय के द्वारा बताया गया व्यापारी कैसे स्ट्रेस फ्री हो के कार्य करे ।बैठक में संयोजक मनीष कुमार पूर्व अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ,संजय जयसवाल, अनुपम कुमार उपाध्याक्ष अरविन्द श्रॉफ, सह सचिव आलोक कुमार कार्यकारिणी सदस्य अभिमन्यु कुमार, श्याम कुमार,अभिषेक लोहिया, सत्यव्रत जायसवाल, विक्रांत कुमार अभिषेक केडिया, डॉक्टर खुर्शीद अजीज उपस्थित रहे। सभा का धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष हेमंत कुमार के द्वारा किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ सभा समाप्ति की घोषणा किया गया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सह सचिव आलोक कुमार ने दिया।

चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

प्रात: किरण, संवाददाता

मांझी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आईसीडीएस के तत्वावधान में मांझी सीडीपीओ पूजा रानी के निर्देश पर नसीरा पंचायत में आंगनबाड़ी कर्मियों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया तथा लोगों को शत- प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। आओ मतदान करें कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कर्मियों एवं बड़ी संख्या में जुटी महिलाओं ने अपने-अपने हाथों पर मेंहदी रचा व दीप जलाकर मतदाताओं को जागरूक किया। इस दौरान महिलाओं को लोकतंत्र की मजबूती में मतदान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं अपने मताधिकार का हर हाल में उपयोग करने तथा दूसरों को भी जागरूक करने की सलाह दी गई। इस दौरान आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका समेत बड़ी संख्या में महिलाओं तथा बेटियों ने शत- प्रतिशत मतदान करने व कराने का संकल्प लिया तथा उससे सम्बंधित नारे लगाए। एलएस आशा कुमारी ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक कर लोकसभा चुनाव में शत- प्रतिशत मतदान करने के लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेषकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर सेविका रागनी कुमारी समेत पूनम देवी, गीता देवी, मालती देवी, ललिता देवी, सावित्री देवी, सोनी कुमारी व अन्य ग्रामीण महिलाएं मौजूद थी।

मादक पदार्थ स्मैक के साथ 3 आरोपियों को हरैया पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

रक्सौल। मिली गुप्त सूचना के आधार पर सीमा पर तैनात हरैया ओपी पुलिस ने छापेमारी करते हुए मादक पदार्थ स्मैक के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसकी जानकारी देते हुए हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि उक्त कार्रवाई में शहर के वार्ड संख्या 4 निवासी रमेश पंडित के पुत्र विक्की पंडित, डंकन रोड निवासी आवेश राम के पुत्र अमन कुमार व वार्ड संख्या 5 तुमड़िया टोला निवासी रामबाबू गिरी के पुत्र अभिषेक कुमार गिरी को गिरफ्तार किया गया है। अनुज कुमार ने यह भी बताया कि इन तीनो के पास से 48.33 ग्राम स्मैक बरामद किया गया है। तीनो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गौरतलब है कि पड़ोसी देश नेपाल से बड़ी संख्या में युवक नशे का सेवन करने आते है। इसी पर अंकुश लगाने को लेकर प्रशासन समय-समय पर कार्रवाई करते रहती है।

आर्य समाज की बैठक संपन्न, बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों ने लिया भाग

प्रात: किरण, संवाददाता

मोतिहारी। चंपारण जिला आर्यसभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में चंपारण तथा सीमावर्ती नेपाल क्षेत्र के विभिन्न आर्य समाजों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में विभिन्न आर्यसमाजों से आए हुए प्रतिनिधियों ने आर्य समाज के प्रचार प्रसार एवं संगठन की मजबूती के लिए अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया। उसके बाद चंपारण जिला आर्य सभा के कोषाध्यक्ष शंभू शिवानी के द्वारा जिला सभा का आय - व्यय प्रस्तुत किया गया । पुरोहित सभा के प्रधान वीर शमशेर सिंह के द्वारा बाल्मीकि नगर आर्य समाज में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया तथा उन कार्यों के लिए प्राप्त दान एवं किए गए व्यय का हिसाब किताब भी प्रस्तुत किया गया। कुछ सदस्यों द्वारा ढाका पूर्वी चंपारण में आयोजित चंपारण जिला आर्य महासम्मेलन की पूर्व जिला प्रधान सूर्य देव आर्यावर्ती द्वारा 11 रसीदें नहीं प्रस्तुत किए जाने एवं उसका हिसाब किताब अद्यतन नहीं प्रस्तुत करने का मुद्दा उठाया ' चंपारण परिक्षेत्र में विभिन्न पुरोहितों द्वारा कराए जा रहे संस्कारों में एकरूपता लाने के लिए चंपारण जिला आर्यसभा के प्रधान महंथ प्रसाद आर्य ने यह निर्देश दिया कि सभी पुरोहित गण महर्षि दयानंद सरस्वती कृत संस्कार विधि के अनुसार ही यज्ञ एवं संस्कार करावें ताकि उसमें एकरूपता बनी रहे। जिला सभा द्वारा अगस्त -सितंबर महीने में आर्य वीर दल का एक बृहद शिविर मोतिहारी में लगाने पर विचार विमर्श किया गया 'चंपारण के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में आर्य समाज के प्रचार प्रसार के लिए स्थानीय भजनोपदेशकों एवं उपदेशों की एक टीम गठित की गई तथा यह निर्णयिर्णय लिया गया कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में आर्य समाज का प्रचार प्रसार पुरजोर ढंग से किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने खड़े होकर 2 मिनट का मौन धारण कर आर्य जगत के अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रकांड विद्वान वेद प्रकाश श्रोत्रिय के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंपारण जिला आर्य सभा के प्रधान महंत प्रसाद आर्य ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन चंपारण जिला आर्य सभा के मंत्री विनोद आर्य ने की।बैठक के अंतिम चरण में मोतिहारी आर्य समाज के मंत्री डा मनीषा प्रसाद आर्या ने धन्यवाद ज्ञापन की। अंत में शांति पाठ के बाद सभा का समापन किया गया । उक्त आशय की जानकारी अनीता आर्य ने दी।

पीएम मोदी बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी पर बोलने से कर रहे हैं परहेज: सुनील राय

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। सारण जिला राष्ट्रीय जनता दल ने पीएम नरेंद्र मोदी के छपरा हवाई अड्डे पर दिए गए चुनावी भाषण को पुनः सारण की जनता को गुमराह करने वाला बताया है। सारण जिला राजद अध्यक्ष सुनील राय के हवाले से जिला प्रवक्ता हरेलाल यादव ने बयान जारी कर पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि 2015 के विधानसभा चुनाव के दौरान मढ़ौरा के आईटीआई मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा था,कि अगली बार जब मैं जब सारण की धरती पर कदम रखूंगा तब मढ़ौरा के चीनी का चाय पियूंगा। लेकिन राज्य और केन्द्र में डबल इंजन की सरकार रहते हुए पीएम के घोषणा के 9 वर्ष बीत गए आज भी चालू नहीं हुआ, जो झूठ और जुमला साबित हुआ। राजद प्रवक्ता ने कहा कि मोदी जी ने सारण की जनता से यह भी वादा किए थे कि यहां के युवाओं को पढाई कमाई और दवाई के लिए बिहार से बाहर नहीं जाना पड़ेगा,जो यह भी यहां के जनता के लिए गुमराह करने वाला साबित हुआ।उन्होंने कहा कि इस बार सारण और महाराजगंज की जनता बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से तंग आकर दोनों जगहों से भाजपा प्रत्याशी को हराने व राजदँ महागठबंधन के प्रत्याशी क्रमशः डॉ रोहिणी आचार्य को सारण से एवं आकाश कुमार सिंह को महाराजगंज से अपार बहुमत से जिताने का काम करेगी।

आंगनबाड़ी केंद्रों के फूली डिजिटलाइजेशन हेतु सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

प्रात: किरण, संवाददाता

रक्सौल।बाल विकास परियोजना के आँगन बाड़ी केंद्रों पर कार्यरत सेविका अब फुली डिजिटल मोड में काम करेंगी।इसके द्वारा समाज कल्याण विभाग के द्वारा इन सेविकाओं को पोषण ट्रैकर एप के नए वर्जन की जानकारी दी जा रही है। रामगढ़वा प्रखंड कार्यालय के सभागार में इन सेविकाओं को पोषण ट्रेकर एप्प के नए वर्जन की जानकारी देते हुए प्रशिक्षक राहुल कुमार ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर संचालित सभी कार्यों को अब ऑनलाइन करना है। इससे उनके कार्य क्षमता में गुणवत्ता के साथ ही विकास भी होगा। अब ऑफलाइन काम नहीं होगा।पहले से ही इसके लिए पोषण ट्रैकर एप का विकास किया जा चुका है।लेकिन विभाग के द्वारा इसमें नया वर्जन लाया गया है। नए वर्जन से खाधान उठाव -वितरण, टीकाकरण व अन्य महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन होंगे।इस नई तकनीक की जानकारी प्रशिक्षक ने सेविकाओं को व्यावहारिक रूप से दी। यह एक मोबाइल ऐप है। और इस ऐप पर काम करने की विधि को बताया गया।यह प्रशिक्षण सत्रवार किया जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

डीएसपी के द्वारा चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

अरवल। आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोगों को वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए अरवल पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील के निदेर्शानुसार डीएसपी कृति कमल के नेतृत्व में जिले के रामपुर चौरम थाना क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय के समीप मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गयो इस मौके पर डीएसपी ने गांव के गलियों में घूम कर लोगों को बताया कि एक वोट बहुत हीं महत्वपूर्ण है। इसलिए आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए 1 जून को सत प्रतिशत मतदान करें इस मौके पर रामपुर चौरम थाना अध्यक्ष सिंटु कुमार मौजूद थे।

सम्मान समारोह अब चुनाव बाद

छपरा कार्यालय।। स्थानीय लक्ष्मी नारायण उच्च विद्यालय के कालजयी प्रधानाध्यापक पं सवलिया मिश्र का चौवालिसवां स्मृति सह मेधावी छात्र सम्मान समारोह आचार संहिता के कारण लोकसभा चुनाव के बाद मनाया जाएगा। यह निर्णय आज यहां पं सवलिया मिश्र फाउंडेशन के कार्यकारी अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्त की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में किया गया, जिसकी घोषणा शीघ्र ही की जाएगी। यह जानकारी फाउंडेशन के सचिव जेपी सेनानी एवं साहित्यकार अविनाश नागदंश ने दी है।

बार कौंसिल ने लगाया रोक

छपरा।बिहार राज्य बार काउंसिल पटना ने जिला विधि मंडल छपरा के उस आदेश पर रोक लगा दिया है जिसके द्वारा हाजिरी फार्म, वकालतनामा, बेलबॉड आदि फॉर्मो की मूल्य में दोगुनी वृद्धि की गई थी। बिहार राज्य बार- काउंसिल पटना द्वारा दिनांक 12-5-24 को आहूत आम सभा की बैठक की कार्यवाही में यह निर्णय लिया गया कि जिला विधि मंडल छपरा के कार्यकारिणी के सदस्यों एवं सैकड़ो अधिवक्ताओं के द्वारा बिहार राज्य बार काउंसिल को भेजा गये आवेदन के आलोक में गठित त्रिसदस्यीय जांच कमेटी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट से यह स्पष्ट है कि जिला विधि मंडल छपरा के द्वारा मॉडल रुल्स का उल्लंघन करते हुए फार्म आदि के बिक्री का जो आदेश पारित किया गया है उसे पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाया जाता है। बीआरबीसी के सचिव प्रफुल्ल चंद्र द्विवेदी ने जिला विधि मंडल छपरा के सचिव को रेफरेंस नंबर 1080/2024,दिनांक 13-5-24 द्वारा प्रेषित पत्र में यह निर्देशित किया है की बिहार राज्य बार काउंसिल के उपरोक्त निर्देशों का पालन किया जाए अन्यथा काउंसिल द्वारा सख्त कदम उठाया जाएगा।

मतदान केंद्रों पर मतदाता सहायता बूथ की रहेगी व्यवस्था

इसुआपुर ।मतदान के दिन मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाता सहायता बूथ की व्यवस्था रहेगी।जहां बीएलओ के पास अतिरिक्त मतदाता सूची व मतदाता पर्ची रहेगा। वहीं प्रत्येक विद्यालय पर मेडिकल किट के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम रहेगी।व जो भी महिला पर्दा करती हैं, उसके पहचान को सुनिश्चित करने के लिए मतदान केंद्रों पर सहायिका या अध्यापिका रहेगी।जिससे उस महिला मतदाता की सही पहचान हो सके।वहीं उन्होंने बताया कि मतदान के दिन प्रत्येक मतदान भवन पर शुद्ध पेयजल, शेड या बरामदा की व्यवस्था रहेगी। वहीं वोटिंग हॉल में पंखा और रोशनी तथा वेटिंग हॉल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। विशेष मतदाता दिव्यांग, गर्भवती महिला, ओवर ऐज तथा विकलांक मतदाताओं के लिए प्रत्येक विद्यालय में दो व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है। साथ ही उनके लिए ग्रीन कैरीडोर की व्यवस्था रहेगी। जिससे उन्हें मतदान करने में कोई परेशानी नहीं हो। वहीं जिन मतदाताओं को पर्ची नहीं मिल पाई है, उन्हें मतदाता सहायता बूथ पर पर्ची मिल जाएगी। उक्त जानकारी प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा ने दिया।

सिकरहना में मतदाता कार्यक्रम का आयोजन

मोतिहारी।लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर स्वीप गतिविधि के तहत अनुमंडल पदाधिकारी, सिकरहना की अध्यक्षता में सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो के थीम पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के प्रारंभ मतदाता जागरूकता के नारों के साथ साईकिल रैली निकली गई। उसके बाद रंगोली प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता, पोस्टर लेखन, स्लोगन लेखन कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। साथी ही अनुमंडल क्षेत्र में बाईक रैली निकली गई। कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्कूल के छात्र-छात्राओं, आंगनवाड़ी केंद्र की सेविका, सहायिका, जीविका दीदियों और सभी पदाधिकारियों/ कर्मियों से जोश और उत्साह से पूरा अनुमंडल गूंज उठा।

निरक्षर मतदाताओं के लिए सुविधाजनक है ईवीएम डीपीओ

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। महंत महादेवानंद विश्वविद्यालय में जिंगल प्रतियोगिता , नुक्कड़ नाटक एवं डमी ईवीएम वोटिंग की ट्रेनिंग छात्रों को दी गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला महाविद्यालय की प्रधानाचार्य प्रोफेसर मीना कुमारी ने किया उन्होंने कहा कि सभी मताधिकार का प्रयोग करें एवं मतदान करे।आज के इस कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी अमित कुमार सिंह,डॉक्टर स्मृति, डॉ राखी सिन्हा डॉ अंजू कुमारी, डॉ रजनी, डॉ अमरेश, डॉ जुगल मौजूद रहे। आज के इस कार्यक्रम में डीपीओ श्री अमित कुमार सिंह, ने छात्राओं को डमी ईवीएम द्वारा ट्रेनिंग दिया साथ ही उन्होंने छात्राओं को बताया ईवीएम का मतलब है इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन. साधारण बैटरी पर चलने वाली एक ऐसी मशीन, जो मतदान के दौरान डाले गए वोटों को दर्ज करती है और वोटों की गिनती भी करती है ये मशीन तीन हिस्सों से बनी होती है ईवीएम से पहले जब बैलट पेपर यानी मतपत्र के जरिये वोटिंग होती थी, तब मतदान अधिकारी मतदाता को कागज का मतपत्र दिया करते थे फिर मतदाता मतदान कंपार्टमेंट जाकर अपने पसंदीदा उम्मीदवार के आगे मुहर लगा देते थे फिर इस मतपत्र को मतपेटी में डाल दिया जाता था लेकिन ईवीएम की व्यवस्था में कागज और मुहर का इस्तेमाल नहीं होता।अब मतदान अधिकारी कंट्रोल यूनिट पर बैलट बटन दबाते हैं, उसके बाद मतदाता बैलेटिंग यूनिट पर अपने पसंदीदा उम्मीदवार के आगे लगा नीला बटन दबाकर अपना वोट दर्ज करते हैं यह एक यूनिट 2000 वोट दर्ज कर सकती है।

मतदान संपन्न होने के बाद मतगणना इसी यूनिट के माध्यम से की जाती है एक बैलेटिंग यूनिट में 16 उम्मीदवारों के नाम दर्ज किए जा सकते हैं अगर उम्मीदवार अधिक हों तो अतिरिक्त बैलेटिंग यूनिट्स को कंट्रोल यूनिट से जोड़ा जा सकता है।चुनाव आयोग के अनुसार, ऐसी 24 बैलेटिंग यूनिट एकसाथ जोड़ी जा सकती हैं, जिससे नोटा समेत अधिकतम 384 उम्मीदवारों के लिए मतदान करवाया जा सकता है भारत के चुनाव आयोग के मुताबिक, ईवीएम बहुत ही उपयोगी है और यह पेपर बैलट यानी मतपत्रों की तुलना में सटीक भी होती है, क्योंकि इसमें गलत या अस्पष्ट वोट डालने की संभावना खत्म हो जाती है इससे मतदाताओं को वोट देने में भी आसानी होती है और चुनाव आयोग को गिनने में भी। पहले सही जगह मुहर ना लगने के कारण मत खारिज हो जाया करते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होता ।चुनाव आयोग कहता है कि इसके इस्तेमाल के लिए मतदाताओं को तकनीक का ज्ञान होना भी जरूरी नहीं है निरक्षर मतदाताओं के लिए तो इसे और भी ज्यादा सुविधाजनक बताया जाता है अपने मताधिकार का प्रयोग आगामी लोकसभा आम चुनाव- 2024 में करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि मतदान हमारा लोकतंत्र पर्व है आप सभी लोग एक जून को वोट देने जाएं। इस कार्यक्रम में मेहंदी प्रतियोगिता में जिन छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन किया था उन्हें सर्टिफिकेट भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम का संचालन एनएनएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर राखी सिन्हा एवम कार्यक्रम का नेतृत्व कैंपस एंबेसडर अंशु पांडे और मनीषा कुमारी ने किया । एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी राखी सिंह ने बताया कि पिछले एक महीना से इसे सिकाई के द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें रंगोली प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता वाद विवाद प्रतियोगिता मेहंदी प्रतियोगिता रैली सिगनेचर कैंपेन आदि जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। इन सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी शिक्षक गण कर्मचारी गण एवं छात्र-छात्राओं का पूर्ण योगदान एवं भूमिका रहती है।

होप फाउंडेशन के द्वारा मैट्रिक पास आउट छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता

गया।औरंगाबाद जिला के रफीगंज में स्थित रहबर कोचिंग सेन्टर में सोमवार के दिन करियर कॉउन्सिलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया है।. जिसमे सैकड़ो छात्र छात्राएं शामिल हुई , प्रोग्राम के मुख्य अतिथि होप फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शौकत अली ने विस्तार से करियर एवं कोर्स पर बच्चों से बातचीत किया एवं मेडिकल, मैनेजमेंट , आईटी , लॉ , लैंग्वेज एवं इंजिनीरिंग आदि क्षेत्रो में ब्राइट करियर की जानकारी दी। अली ने होप फाउंडेशन द्वारा तालीमी बेदारी के लिए किए जा रहे कार्यो की भी जानकारी बच्चों को दिया और जीवन में ईमानदारी से मेहनत कर सफल होने का गुर सिखाया।मैट्रिक परीक्षा में सफल मोहम्मद रेहान, फैजान, रेहाना, अंजुम, अदीबा, नाज, फरहत जहाँ, साजिया अख्तर, सानिया अंजुम व फैजा तरन्नुम आदि दर्जनों छात्र छात्राओं को होप फाउंडेशन के द्वारा मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया है।

जिससे बच्चों का हौसला बढ़ सके. मौके पर उक्त कोचिंग के शिक्षक सैफ आलम , रिशाद परवेज मोहम्मद शाहीद ,आमना परवीन, आफताब आलम, रौशन जमील व सुल्ताना परवीन आदि उपस्थित थे।

उच्च शिक्षा प्राप्त कर ही विद्यार्थियों के बनेंगे सुनहरे सपने: संजू लाल

प्रात: किरण संवाददाता

गया।चाकंद स्थित एक निजी मैरेज हॉल में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा वर्ष- 2024 में आयोजित 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण नगर प्रखंड एवं बेला प्रखंड में स्थित विभिन्न उच्च विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 135 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुए पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया है।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी संजू लाल,विशिष्ट अतिथि दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के भू विज्ञान विभाग के प्राध्यापक प्रो विकल कुमार सिंह एवं अन्य मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्वलन के साथ में भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजू लाल ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र के निर्माण में विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मेघा सम्मान समारोह के जरिए उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा निखरती है। राष्ट्र एवं समाज के बेहतर भविष्य की जिम्मेदारी आप सभी के कंधों पर हैं। उच्च शिक्षा प्राप्त कर ही आप लोग विभिन्न क्षेत्रों में सुनहरे भविष्य के सपने बनाएंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर विकल कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विभिन्न विषयों में बेहतर करियर बनाने का सुझाव दिया है।

कार्यक्रम में विनोद प्रसाद काशीनाथ प्रसाद,विकास मंडल, सुभाष कुमार, मुखिया विजय यादव, पूर्व प्रखंड प्रमुख संजीत पांडेय, सुभाष वर्मा, सुनील कुमार,संजय बरनवाल, राहुल कुमार रोशन, राजेंद्र विश्वकर्मा, नितिन सिंह,रतन यादव, नवीन यादव, पंकज शर्मा, बलवीर कुमार, अश्वनी कुमार गुप्ता एवं सुधीर गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पिंटू यादव एवं मंच का संचालन विनोद गुप्ता ने किया है।

मनीष पंकज ने शहर में जाम समस्या को ले दिए सुझाव पत्र

प्रात: किरण संवाददाता

गया।गया शहर में सड़क जाम से निजाद के लिए कई बार जिला प्रशासन को भाजपा नेताओं के द्वारा सुझाव पत्र दिया गया था। लेकिन सड़क जाम से गया शहर की जनता निजाद नहीं पा रही है। समीर तकिया मोड़, चाँद चौरा, मंगला गौरी, आनंदी माई, कोतवाली से सटे टावर रोड में टेकारी रोड, गोदाम रोड और कई ऐसे रोड हैं, जो सुबह से ही जाम रहते हैं। भाजपा नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा गया शहर के प्रमुख चौक चौराहा जाम रहने के कारण आम जनों को भीषण गर्मी में कठिनाई का सामना करना पड़ता है और जिस कार्य के लिए उपरोक्त जगह जाना चाहते हैं, वहाँ समय पर ना पहुंचने के कारण उनके कार्य में विघ्न आता है। जिला प्रशासन से मांग करते हैं,की जाम से निजाद के लिए चिन्हित स्थानों पर सीसी टीवी कैमरा लगाकर, जाम पर निरंतर किया जा सकता है। क्योंकि अस्पताल जाने वाले लोग, रेल्वे स्टेशन जाने वाले लोग, स्कूल -कॉलेज जाने वाले लोग, देश विदेश से आये पर्यटक भी जाम में फसे रहते हैं। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए, यातायात पुलिस सख्ती अपनाए तो इस समस्या का समाधान निकल सकता है। जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि जाम से निजात के लिए यातायात पुलिस शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर तैनाती करें।

जिलाधिकारी ने दस लोगों की समस्याओं को सुना

प्रात: किरण संवाददाता

गया। सोमवार के दोपहर को अत्यधिक गर्मी के बावजूद समाहरणालय में आए अनेकों फरियादी को देख जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम अपने कार्यालय कक्ष से निकलकर आये सभी फरियादियों से बारी बारी से सबकी फरियाद को सुना है। लगभग 10 लोगो की समस्याओं को सुना गया है।

नवोदय विद्यालय में नामांकन के संबंध में क्लास छः में आयुष कुमार के माता ने डीएम से मिलकर बताया कि आयुष कुमार दिव्यांग है साथ ही दिव्यांग कोटा के तहत नवोदय विद्यालय में टेस्ट भी पास हुआ है। डीएम ने सिविल सर्जन को मेडिकल टीम गठन कर आवेदक के परिजन एव प्राचार्य नवोदय विद्यालय को के समक्ष दिव्यांगता जांच करते हुए विद्यालय में नामंकन हेतु अग्रेतर कार्य करने का निर्देश दिया है। बेला अंचल स्थित आवेदक ने बताया कि राशन कार्ड बनने में समस्या हो रही है, डीएम ने अनुमण्डल पदाधिकारी सदर को निर्देश दिया है कि मामला की जांच करते हुए आगे की कार्रवाई करे। बाराचट्टी के बुमेर पंचायत निवासी बिरजु खातून ने बताया कि वर्ष 2022 से जमीन का रसीद नही कट पा रहा है। डीएम ने अंचलाधिकारी बाराचट्टी को निर्देश दिया है कि इस मामले की सुनकर मामला का समाधान करवाये।

भारतीय महिला विकास केंद्र मे हर्षो-उल्लास से मना मातृ दिवस

गया।भारतीय महिला विकास केंद्र मे रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच संस्था के सदस्यों के नेतृत्व मे अनेक प्रकार के खेल गतिविधियो का आयोजन किया गया जिसमें लुडो प्रतियोगिता, रोप पुल प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, लेमन,स्पून प्रतियोगिता, क्राफ्ट प्रतियोगिता और कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।इसके साथ-साथ नृत्य एवं संगीत का आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम का शुभारंभ सभी माँ के लिए केक काटने से हुई है ।मंच का संचालन एंकर सचिन कुशवाहा के द्वारा किया गया है ।संस्था के सचिव अंशु सिन्हा के द्वारा कम्प्यूटर का प्रशिक्षण पुरा कर लेने वाले को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष रचना गुप्ता ने प्रतियोगिता मे विजेता होने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया और उपहार देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया।लुडो प्रतियोगिता मे ब्युटिशियन की अंकिता कुमारी को प्रथम पुरस्कार, मेहँदी की सुधा कुमारी को दूसरा पुरस्कार, और मेहँदी की आरती कुमारी को तिसरा पुरस्कार मिला है।लेमन,स्पून प्रतियोगिता मे ब्युटिशियन की पुनम कुमारी को प्रथम पुरस्कार, मेहँदी की मानवी कुमारी को दुसरा पुरस्कार और मेहँदी की ही अपराजिता भारती को तिसरा पुरस्कार मिला. रससीकसी प्रतियोगिता मे कम्प्यूटर की पायल कुमारी, कम्प्यूटर की श्रेया कुमारी और ब्युटिशियन की तनिशा तिनो को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।पेन्टिग प्रतियोगिता मे कम्प्यूटर की रुपान्जली साहा को प्रथम पुरस्कार, कम्प्यूटर की प्रिती कुमारी को दुसरा पुरस्कार और कोचिंग की तनु प्रिया को तिसरा पुरस्कार मिला।क्राफ्ट प्रतियोगिता मे कम्प्यूटर की प्रिति कुमारी को प्रथम पुरस्कार, ब्युटिशियन की सिन्कु कुमारी को दुसरा पुरस्कार और कम्प्यूटर की रौली कुमारी को तिसरा पुरस्कार मिला है। कुकिंग प्रतियोगिता में ब्युटिशियन की अंकिता कुमारी को प्रथम पुरस्कार, सिलाई की माला देवी को दुसरा पुरस्कार और सिलाई की पिंकी देवी को तिसरा पुरस्कार मिला है।

जहानाबाद के मतदाताओं में एनडीए प्रत्याशी के लिए गजब का उत्साह : डॉ.चन्दन यादव

गया।जनता दल यूनाइटेड,बिहार के प्रदेश सचिव सह अतरी विधानसभा प्रभारी डॉ. चन्दन यादव ने जहानाबाद लोकसभा के अतरी विधानसभा के खिदरसराय के कुतलुपुर, चिरैली, कुड़वा, जमुआमा, लोदीपुर, नई बाजार के साथ हीं कई पंचायतों का भ्रमण कर एनडीए प्रत्याशी चंदेश्वर चंद्रवंशी के पक्ष में मतदान करने का जनता-जनार्दन से अपील किया।

भ्रराम में जनता-जनार्दन का एनडीए के प्रति गजब उत्साह दिखा, उपस्थित ग्रामीणों ने कई स्थानीय समस्या से डॉ.यादव को अवगत करवाया जिसके समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारियों को अवगत करवाते हुए आवश्यक कार्यवाही करने अनुरोध डॉ. यादव ने किया एवं ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया कि जो भी आवश्यक एवं विधि सम्मत होगा उसको किया जाएगा ।

डॉ. यादव ने कहा की देश में म प्रधानमंत्री मोदी एवं राज्य में मुख्यमंत्री नीतीश के लिए पूरा देश और राज्य ही परिवार रहा है और वो सभी के सद्भाव के साथ विकास लिए दिन-रात काम करते है, इसलिए सभी लोग पूर्व से अधिक मजबूती के साथ इनके हाथों को मजबूत करने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें, जिससे विकास की रफ्तार बनी रहें और देश पूरे विश्व में अपना स्थान मजबूत करें एवं राज्य पूरे देश में सभ से विकासशील हो सकें ।

इस भ्रमण कार्यक्रम में अजित यादव, बिरेन्द्र कुशवाहा, शिवकुमार मेहता, धीरेंद्र यादव, राजू पाठक, विवेक पासवान, आकाश चंद्रवंशी, नीरज शर्मा एवं स्थानीय प्रखंड के एनडीए घटक के अध्यक्ष के साथ कई ग्रामीण एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेता, कार्यकर्ता डॉ. यादव के साथ उपस्थित रहें हैं।

सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में आर.जी.एन. पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम

प्रात: किरण संवाददाता

गया।बड़की बाग शेरघाटी स्थित आर. जी.एन. पब्लिक स्कूल,शेरघाटी,गया के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। 12वीं की परीक्षा में विज्ञान, वाणिज्य तथा आर्ट्स संकाय का परिणाम देख सभी छात्र छात्राओं में खुशी की लहर उमड़ उठी है। आकांशा प्रकाश पिता बैजू वर्मा 94.76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनी तथा अपने माता पिता वा विद्यालय का नाम रौशन किया है। गजनफर हसन पिता हसीन अहमद 92.47 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा प्रिया राज पिता अलोक कुमार 91.63 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इनके साथ और भी कई छात्र छात्राओ ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है । शिप्रा कुमारी 90.61 प्रतिशत अंशु शर्मा 90.8 प्रतिशत अखंड प्रताप 90.4 प्रतिशत प्राप्त कर अपने अभिभावक व विद्यालय परिवार ही नहीं अपितु पूरे जिले का नाम रोशन किया है ।

इस विद्यालय से सत्र 2022-24 में 65 विद्यार्थी विज्ञान ,42 वाणिज्य तथा 76 विद्यार्थी आर्ट्स विषय से परीक्षा में शामिल हुवे। विद्यालय के निदेशक संजय कुमार सिंह ने बताया की यह उनके विद्यालय का ,12वीं का पहला सत्र था और उन्हे यह बताते हुवे काफी खुशी होती हैं की पहले सत्र में हि उनका शत प्रतिशत परिणाम रहा है।

तीनो संकाय को देखा जाये तो 13 बच्चों ने 90 से अधिक 35 बच्चों ने 85% से अधिक, 49 बच्चों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किये। विद्यालय का पास प्रतिशत 100 प्रतिशत रहा है। 12वीं के बोर्ड परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए निदेशक संजय कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय परिवार बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों बच्चियों एवं उनके अभिभावकों को ढेर सरी शुभकामनाये दी है और विद्यालय परिवार को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान करने के लिये उन अभिभावकों का आभार प्रकट किया है। निदेशक संजय कुमार सिंह ने बच्चों को यह संदेश

दिया की जीवन में सफल होना एक अच्छा छात्र होने के जैसा सरल है। आपको बस ध्यान देना है, कड़ी मेहनत करना और इसके लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना है।

हमने 17 महीनो में दी पांच लाख युवाओं को नौकरी: तेजस्वी

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। प्रखंड के योगिराज बालदेव सिंह महा विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित चुनावी सभा में बारिश होने के बाद भी हजारों की संख्या में उपस्थित लोगो को सोमवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा।उन्होंने महंगाई व बेरोजगारी के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि हमारी सरकार ने 17 महीने में पांच लाख युवाओं को नौकरी दी।मोदी सरकार को घेरते हुए कहा की युवाओं को नौकरी मिली तो विवाह हुआ और मंगलसूत्र पहनाया।विकास मित्र,टोला सेवक,तालिमी मरकज का मानदेय बढ़ाया।अग्निबीर की बहल युवाओं को मोदी सरकार न ही पेंशन दे रही है और न ही शहीद घोषित कर रही है।हमारी सरकार बनते ही गरीबों को 10 किलो अनाज,गरीब महिलाओ को साल में एक लाख रुपए दिए जाएंगे।पूरे देश में एक करोड़ युवाओं को नौकरी दी जाएगी।मेरे पिता जी सांसद थे तो सारण को दो कारखाना दिए।उन्होंने कहा की एक 34 साल का नौजवान और वीआईपी नेता मुकेश सहनी ने मिलकर पूरा बिहार लालटेन मय हो गया है।उन्होंने लोगो से आरक्षण बचाने और गरीबों के विकास व देश की तरक्की के लिए वोट करने की अपील की।वही कांग्रेस प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह को विजयी माला पहनाया।वीआईपी नेता मुकेश सहनी ने कहा कि हमारे देश का संविधान खतरे में है हमारे देश का लोकतंत्र खतरे में है इसलिए हमलोग को लड़ाई लड़ना पड़ेगा।इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह को वोट देकर विजयी बनाने का अपील किया।उक्त मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह, मांझी विधायक सतेन्द्र कुमार यादव,हिसुआ विधायक नीतू कुमारी,पूर्व विधायक मुंद्रिका राय,पूर्व राजद विधायक प्रत्याशी सिपाही महतो,मुखिया अजय कुमार यादव,मिथलेश राय, वीआईपी नेता व मुखिया हरेंद्र सहनी,तरैया राजद प्रखंड अध्यक्ष तारकेश्वर राय,इसुआपुर पूर्व जिला परिषद गीता सागर, सुमन पाठक,राजद नेता सोनू यादव, तरैया प्रमुख प्रतिनिधि धनबीर कुमार सिंह बिक्कु,पूर्व मुखिया बिरबहादुर राय,रविंद्र राय,बिडिसी प्रतिनिधि मुन्ना यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

सीबीएसई परीक्षा में कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लहराये परचम

प्रात: किरण संवाददाता

रक्सौल। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के द्वारा सोमवार को 10वीं तथा 12 वीं के वार्षिक परीक्षाफल में लक्ष्मीपुर स्थित कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय से 10+2 में कुल 70 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें 9 बच्चों को 80 से 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। परीक्षा परिणाम के संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य देवेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि 10+2 में स्कूल की छात्रा वंशीका जैन 94.6 प्रतिशत के साथ स्कूल में टॉपर बनी है। इसी प्रकार बुसरा खलिउल्लाह को 90.8 प्रतिशत, सलोनी कुमारी को 89.8 प्रतिशत, श्रृष्टि सुंदरका को 87.6, सुमित कुमार को 87.2, पीयुष कुमार को 87.2, श्रृष्टि महतो को 82, तान्या कुमारी को 80.8 तथा मुस्कान कुमारी को 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए है। इसके अलावे कुल 70 परीक्षार्थियों में 65 बच्चों ने बेहतर अंक प्राप्त करते हुए परीक्षा पास की है। प्राचार्य श्री पाण्डेय ने आगे बताया कि वर्ग 10 के वार्षिक परीक्षाफल में भी स्कूल के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए कैम्ब्रिज तथा रक्सौल का नाम रौशन किया गया है. उन्होंने बताया कि दसवीं में कुल 138 बच्चें परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें 137 बच्चे उर्तीण हुए है। इनमें 14 बच्चों के द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है, जबकि 56 ऐसे बच्चें है जिनकों 70 से 90 प्रतिशत के बीच अंक मिला है।

वहीं 104 बच्चों को प्रथम श्रेणी का अंक मिला है। उन्होंने बताया कि 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों में वीर जैन को 94.8, गर्व कुमार को 94 प्रतिशत, विभू दिव्यांश को 94, शिवम कुमार को 93.8, आलिया वसीम को 93.2, रौनक ओझा को 92.6, श्रृष्टि कुंज को 92.6, निखिल कुमार को 91.8, सुशांत कुमार को 91.8, आयुष कुमार को 91.8, संध्या कुमारी को 91.8, पियुष कुमार को 91, स्वर्णिम सुमन को 91, स्मृति राज को 90.4 प्रतिशत अंक मिले है। परीक्षा परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए विद्यालय के निदेशक विकास गिरी ने बताया कि कुशल प्रबंधन और शिक्षकों के अथक मेहनत तथा बच्चों की लगनशीलता के कारण विद्यालय के परीक्षा परिणाम काफी बेहतर हुआ है।

हम उम्मीद करते है कि इसी प्रकार आगे भी बच्चें बेहतर प्रदर्शन के माध्यम से विद्यालय का नाम देश स्तर पर रौशन करते रहेगें। वहीं बच्चों की सफलता पर विद्यालय के उप प्राचार्य सर्वेश कुमार पाण्डेय, शिक्षक डॉ. शशिरंजन सिंह, प्रभात रंजन मिश्रा, धीरज कुमार, मंजय कुमार मिश्रा, नवमी कांत मणी शुक्ला, लाल किशोर वाजपेयी सहित अन्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

एमडीजे के छात्रों ने सीबीएसई 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ लहराया परचम

आरा। एमडीजे पब्लिक स्कूल लोहई टोला अमरपुरी सोनवर्षा में आज सीबीएसई 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम आते ही छात्रों एवं शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। 96% अंकों के साथ विज्ञान संकाय में आयुष्मान ने इतिहास रचते हुए स्कूल टॉपर बनने के साथ-साथ जिला में भी अव्वल स्थान प्राप्त करने का काम किया। वही विज्ञान संकाय में ही अक्षत कुमार 89.8%, रितु रंजन 89%, सोमांजलि सिंह 87.6%, पल्लवी कुमारी 85.4%, प्रियांशु कुमार 84%, रिया कुमारी 79.6%, युवराज सिंह 78.8%, राहुल कुमार 75.8%, प्रियांशु कुमार राय 75%, मेघा भारती 75% अंक प्राप्त करते हुए विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने माता-पिता, गुरुजनों के साथ-साथ अपने विद्यालय एवं क्षेत्र के समस्त प्रबुद्ध जनों के मान सम्मान को ऊंचा बनाए रखने का काम किया है। सत्र 2023-24 में कुल 83 छात्र-छात्रा 12 वीं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित थे। वहीं विज्ञान संकाय में 80 छात्रों ने परीक्षा दी थी जिसमें सभी छात्र उत्तीर्ण रहे। 45 छात्र-छात्राओं ने 75% से लेकर 96% अंक प्राप्त करते हुए इतिहास रचने का काम किया वहीं 25 छात्रों ने 60% से लेकर 74% अंकों के साथ सफलता हासिल की।शेष 10 छात्र-छात्राओं ने 50% से लेकर 60% अंक प्राप्त करते हुए सफल रहने का काम किये। कला संकाय में कुल तीन छात्रों ने परीक्षा दी थी जिसमें आसिफ अली ने 81% अंक प्राप्त करते हुए स्कूल टॉपर बनने का तमगा हासिल किया। कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 337 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए थे जिसमें सभी छात्र-छात्रा उत्तीर्ण रहे। 95.8% अंकों के साथ कान्हा जी ठाकुर एवं साक्षी दोनों छात्रों ने स्कूल टॉपर बनने का काम किया। वहीं आयुष कुमार 95.6% आस्था गुप्ता 94.8% आर्यन कुमार सिंह 93.8% प्रेम कुमार 93.4% आयुष कुमार 93.2% साक्षी कुमारी 93.2% अलेक्स कुमार 92% तमन्ना सिंह 91% अंशु चौरसिया 90.8% आस्था कुमारी 90.2% अंक प्राप्त करते हुए सफलता का प्रथम लहराया। वहीं कुल 75 छात्र छात्राओं ने 81% से लेकर 90% तक मार्क्स प्राप्त किये। 105 छात्र छात्राओं ने 70% से लेकर 80 परसेंट तक मार्क्स प्राप्त किये। 108 छात्र-छात्राओं ने 60% से लेकर 70% तक मार्क्स प्राप्त करने में सफलता हासिल की तथा शेष छात्र-छात्रा भी बेहतर मार्क्स प्राप्त करते हुए सफल रहने का काम किए।

सिंघम अगेन के लिए फूंक-फूंक कर कदम रख रहे अजय देवगन, रेड 2 की रिलीज डेट में किया बदलाव!

अजय देवगन हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे व्यस्त कलाकारों में से एक हैं। वे इन दिनों कई फिल्मों में काम कर रहे हैं। सिंघम अगेन और औरों में कहां दम था के अलावा इस लिस्ट में रेड 2 का नाम भी शामिल है। अब इस अजय की इस फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है।

रेड 2 की रिलीज डेट में बदलाव

राज कुमार गुप्ता के निर्देशन में बन रही इस क्राइम ड्रामा फिल्म में अभिनेता एक बार फिर आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। इसका निर्माण पैनोरमा स्टूडियो और टी-सीरीज की ओर से किया जा रहा है। फिल्म की शूटिंग जल्द खत्म होने वाली है। पहले यह माना जा रहा था कि इसे 15 नवंबर 2024 को रिलीज किया जाएगा, लेकिन हालिया मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म की रिलीज डेट में बदलाव हो सकता है। ऐसा कहा जा रहा है कि सिंघम 3 की वजह से यह फिल्म या तो तय समय से पहले या बाद में रिलीज की जाएगी।

सिंघम अगेन है वजह

रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी सिंघम अगेन इस साल की बहुप्रतिक्षित फिल्मों में से एक है। इसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होने के वाली थी, लेकिन नवीनतम रिपोर्ट्स की मानें तो अब इस फिल्म को दिवाली पर रिलीज करने की तैयारी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक बार सिंघम अगेन की रिलीज की तारीख का आधिकारिक रूप से एलान हो जाने के बाद रेड 2 के मेकर्स अपनी फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा करेंगे।

रेड 2 की एडिटिंग शुरू

बताया जा रहा है कि राज कुमार गुप्ता फिलहाल रेड 2 की एडिटिंग कर रहे हैं और जुलाई के अंत तक इसका फाइनल प्रिंट तैयार हो जाने की संभावना है। अनुमान लगाया जा रहा है कि यह फिल्म सिंघम अगेन से पहले रिलीज हो सकती है। हालांकि, इसको लेकर अब तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

एक्शन, रोमांस से कहीं ज्यादा एंटरटेनिंग होंगी

आलिया की आने वाली फिल्में

कान फिल्म फेस्टिवल में लाखों दिलों पर अपने हुस्न का जादू बिखेरने वाली अभिनेत्री आलिया भट्ट की लगताार कई धमाकेदार फिल्में रिलीज होने वाली है। इन सभी में आलिया का रोल एक दूसरे से जूदा होगा। इन फिल्मों में आलिया एक्शन, रोमांस, इमोशन और जासूसी करती नजर आएंगी। आइए नजर डालते है आलिया भट्ट की आने वाली दमदार फिल्मों पर एक नजर। धर्मा प्रोडक्शन के बैनर के तले बन रही फिल्म जिगरा में आलिया भट्ट लीड रोल में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ वेदांग रैना भी नजर आएंगे। अब इस फिल्म में वेब सीरीज हीरामंडी में नजर आए अभिनेता जेसन शाह भी अहम रोल में नजर आएंगे। जेसन का रोल हीरामंडी में काफी पसंद किया गया है। जेसन शाह ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है, जिसके लिए वो पिछले कई महीनों से फिजिकल ट्रेनिंग ले रहे थे। रिपोर्ट की मानें तो जेसन जल्द ही फिल्म के लिए डबिंग करेंगे। वासन बाला के निर्देशन में बन रही फिल्म जिगरा 27 सितंबर 2024 को रिलीज होगी।

आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की फिल्म ब्रह्मास्त्र के हिट होने के बाद मेकर्स ने ब्रह्मास्त्र-2 की घोषणा भी कर दी थी। ब्रह्मास्त्र के एक साल पूरे होने पर, अयान मुखर्जी ने ब्रह्मास्त्र 2 को लेकर एक बड़ा अपडेट दिया था। उन्होंने फिल्म के शुरुआती कॉन्सेप्ट वर्क की झलकियां दिखाते हुए लिखा, ब्रह्मास्त्र - पार्ट 2 देव अर्ली कॉन्सेप्ट आर्ट वर्क, ब्रह्मास्त्र 2 और 3 के विजन और कहानी पर लगातार कुछ महीनों से काम कर रहा है। इस स्पेशल डे पर! टीम ब्रह्मास्त्र के लिए, हमारी इंस्पिरेशन की कुछ प्रमुख तस्वीरें शेयर करने का मन हुआ।卐 इस फिल्म में आगे की कहानी को दिखाया जाएगा। वैसे अप्रैल 2023 में, अयान मुखर्जी ने ऑफिशियली ब्रह्मास्त्र 2 और 3 की अनाउंसमेंट कर दी थी।

निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में आलिया भट्ट अहम रोल में नजर आएंगी। साथ ही साथ फिल्म में रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी नजर आएंगे। यानी की एक तरह से यह लव ट्राएंगल फिल्म होगी। यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें लव के साथ वॉर देखने को मिलेगी। आलिया इस फिल्म की शूटिंग जनवरी 2025 से शुरू करेंगी। फिल्म की शूटिंग जून के आखिर तक की जाएगी।

आलिया भट्ट वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स के हिस्सा बनने जा रही है। आलिया भट्ट की इस फिल्म सुपर एजेंट को लेकर अभी तक कई अपडेट सामने आ चुके हैं। वाईआरएफ यूनिवर्स की पहली फीमेल स्पाई फिल्म में दिखने वाली हैं आलिया भट्ट। रिपोर्ट के मुताबिक आलिया ने इस एक्शन पैक्ड फिल्म की तैयारी के लिए 2 महीने का समय दिया है। फिल्म में वो सुपर सैनिक का किरदार निभाती नजर आएंगी। फिलहाल वो इसके लिए एक्सपर्ट्स से ट्रेनिंग ले रही हैं। जुलाई 2024 के आखिर तक इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। वाईआरएफ यूनिवर्स की पहली स्पाई फिल्म का अबतक टाइटल फाइनल नहीं हुआ है। इस फिल्म की शूटिंग भारत और विदेश में की जाएगी। आलिया भट्ट का नाम तख्त के साथ भी जुड़ा है। इस फिल्म में आलिया भट्ट के साथ-साथ बॉलीवुड के कई दिग्गज स्टार्स नजर आने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार करण जौहर की फिल्म तख्त को लेकर मेकर्स का कहना है कि इसकी रिलीज डेट बढ़ाई गई है, फिल्म बंद नहीं हुई है।

किरण राव की लापता लेडीज़ देखने के बाद भावुक हुई जान्हवी

अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने किरण राव की लापता लेडीज़ की अपनी समीक्षा साझा की, जो ओटीटी पर रिलीज होने के बाद से व्यापक प्रशंसा प्राप्त कर रही है, और व्यंग्य नाटक की प्रशंसा की। उन्होंने फिल्म के कलाकारों और क्रू के लिए सराहना के शब्द भी साझा किए।

शनिवार को, जान्हवी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा किया और लिखा, प्रतिभा सांता, आपकी मूक ताकत; नितांशी सिंह, आपकी मासूमियत और दिल छू लेने वाली मुस्कान; स्पर्श श्रीवास्तव, आपकी ईमानदारी और निश्छल हास्य!!! आप लोगों और किरण राव को सलाम, मॉम, इतनी सुंदर कलाकृति और इतनी विशेष प्रस्तुति बनाने के लिए। इससे पहले, प्रियंका चोपड़ा, राजकुमार राव और अनन्या पांडे के साथ, किरण राव की लापता लेडीज़ की समीक्षा करने वाले सितारों की लीग में शामिल हुई। प्रियंका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया और लिखा, मनोरंजन और शिक्षा के लिए धन्यवाद लापता लेडीज़ में नितांशी गोयल, प्रतिभा रांटा, स्पर्श श्रीवास्तव और रवि किशन महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। इसका निर्माण आमिर खान, किरण राव और ज्योति देशपांडे ने संयुक्त रूप से किया था। फिल्म को आमिर खान प्रोडक्शंस, जियो सिनेमाज और किंडलिंग पिक्चर्स का समर्थन प्राप्त है। लापाता लेडीज फिलहाल नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।



भैया जी के लिए इन कलाकारों से मनोज बाजपेयी ने ली थी प्रेरणा

अभिनेता मनोज बाजपेयी बॉलीवुड में आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दी हैं। इन दिनों वे अपनी आगामी फिल्म भैया जी के प्रमोशन में व्यस्त हैं। अब हाल ही में, अभिनेता ने फिल्म में अपने काम को लेकर कई दिलचस्प खुलासे है और बताया है कि फिल्म में अपने किरदार के लिए किस्से प्रेरणा ली है। अभिनेता मनोज बाजपेयी का कहना है कि उन्होंने अपनी आगामी फिल्म भैया जी में एक बड़े नायक की भूमिका निभाने के लिए मेगा स्टार अमिताभ बच्चन के साथ-साथ शत्रुघ्न सिन्हा और विनोद खन्ना से प्रेरणा ली थी। मनोज ने कहा, मैं व्यावसायिक फिल्में देखते हुए बड़ा हुआ हूं और उस समय के सभी बड़े सितारे, वे सभी मेरी प्रेरणा थे, चाहे वह शत्रु जी (शत्रुघ्न सिन्हा), विनोद खन्ना जी, अमित जी (अमिताभ बच्चन) या जीतेंद्र साहब हो। मुझे पता था कि स्क्रीन पर खुद को आकर्षक दिखाने के लिए मुझे कुछ चीजें करनी होंगी। ताकि हर कोई भैया जी जैसा व्यक्तित्व बनना चाहे। दर्शकों को उनकी ओर देखना चाहिए। यही कारण है कि भैया जी का किरदार निभाने में मुझे वे सभी तरीके मिले। अभिनेता ने कहा, मैं एक देसी अभिनेता हूंज मेरी इच्छा है कि हमारी संस्कृति, गांव और हमारी मिट्टी की कहानी सिनेमा में आनी चाहिए। हमारे नायकों को हमारे जैसा दिखना चाहिए, किसी पश्चिमी देश से नहीं। हमें अच्छी कहानियों वाली अच्छी फिल्में बनाने की जरूरत है और इसे हमारी संस्कृति में दिखाने की जरूरत है। फिल्म को लेकर अपना अनुभव साझा करते हुए अभिनेता ने कहा, यह फिल्म शूट करना बहुत कठिन रहा है क्योंकि ज्यादातर एक्शन सीन मेरे द्वारा किए गए हैं।

आदिशक्ति वर्कशॉप ने मुझे गहरी समझ दी

हाल ही में स्ट्रीमिंग सीरीज फैमिली आज कल में नजर आने वाली अभिनेत्री अपूर्वा अरोड़ा ऑरोविले में आदिशक्ति वर्कशॉप में भाग लेने के बाद रविवार को मुंबई लौट आईं। एक्ट्रेस ने वर्कशाप में अपनी दिनचर्या के बारे में बात की और कहा कि इससे उन्हें एक कलाकार के रूप में खुद के बारे में गहरी समझ मिली है। अभिनेत्री ने आदिशक्ति वर्कशॉप में भाग लेने की इच्छा मन में रखी थी। हालांकि उनका व्यस्त कार्यक्रम और अपने काम के प्रति प्रतिबद्धता हमेशा उनकी योजनाओं में बाधा बनती थी। इस बार अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद वह वर्कशॉप के लिए समय निकालने में सफल रहीं। अपूर्वा ने कहा कि यह बेहद समृद्ध और परिवर्तनकारी था, जिससे उन्हें अभिनय और जीवन पर एक नया दृष्टिकोण मिला। अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए अपूर्वा ने आईएएनएस को बताया, मैं वर्षों से आदिशक्ति वर्कशॉप में भाग लेना चाहती थी, लेकिन मेरी कार्य प्रतिबद्धताओं ने मुझे कभी ऐसा करने की अनुमति नहीं दी। इस बार मैंने इसे प्राथमिकता दी और मुझे खुशी है कि मैंने ऐसा किया। वर्कशॉप ने न केवल मेरे अभिनय कौशल को बढ़ाया है, बल्कि कलाकार के रूप में मुझे गहरी समझ भी दी है। यह वास्तव में जीवन बदलने वाला अनुभव था।

खतरों से खेलने को तैयार हैं शालीन!

बिग बॉस फेम अभिनेता शालीन भनोट एक बार फिर से सुर्खियों में बने हुए हैं। अफवाहों का बाजार गर्म है कि शालीन रोहित शेट्टी के रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 14 का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इससे पहले शालीन बिग बॉस 13 में अपने और टीना दत्ता के रिश्तों को लेकर काफी चर्चा में रह चुके हैं।

शालीन भनोट टीवी इंडस्ट्री के मशहूर सितारों में से एक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वे आने वाले दिनों में खतरों के खिलाड़ी 14 में खतरों से खेलते नजर आने वाले हैं। इस शो में उनके अलावा आसिम रियाज और निमरित कौर अहलूवालिया भी हिस्सा लेने जा रहे हैं। शालीन भनोट जब पिछली बार बिग बॉस 13 का हिस्सा बने थे तब उनके हिस्से में काफी कॉन्ट्रोवर्सी आई थी। शो के दौरान उनका नाम अभिनेत्री टीना दत्ता के साथ भी जोड़ा गया था। इसके अलावा वे बिग बॉस के घर में काफी अग्रेसिव होते भी नजर आए थे। अब दर्शक शालीन भनोट को खतरों से खेलते हुए देखने के लिए बेकरार हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अभिनेता को पिछले साल भी इस शो के लिए अप्रोच किया गया था, लेकिन वे इसके लिए तैयार नहीं थे। इस साल वे रोहित शेट्टी के शो में अभिषेक कुमार के साथ नजर आने वाले हैं। दर्शकों में अभी से ही इस सीजन को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। हालांकि अभी तक शालीन भनोट ने इस खबर की आधिकारिक रूप से कोई पुष्टि नहीं की है, लेकिन खबरों की मानें तो शालीन को खतरों के खिलाड़ी सीजन 14 के आखिरी प्रतियोगी के रूप में शो में शामिल कर लिया गया है।

सांवले नहीं... गोरे होने की वजह से संजीदा शेख को नहीं मिला काम

संजीदा शेख हाल ही में संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरांडी में नजर आईं। इस सीरीज में अभिनेत्री ने मल्लिका जान की बहन वहीदा का किरदार निभाया था। सीरीज में संजीदा के अभिनय की खूब तारीफ हो रही है। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने बताया कि उनकी खूबसूरती की वजह से उन्हें ज्यादा काम नहीं मिला था। संजीदा ने बताया कि जब मैं काम मांगने जाती थी या ऑडिशन देने जाती थी तो वह मुझे ज्यादा खूबसीरत कहकर रिजेक्ट कर देते थे। हालांकि, अभिनेत्री के इस बयान को लेकर सोशल मीडिया पर उन्हें आलोचना भी झेलनी पड़ रही है।

संक्षिप्त खबरें

पीठासीन पदाधिकारी का अचानक तबीयत बिगड़ने से हुई मौत

मुंगेर। लोकसभा के मुंगेर सदर प्रखंड के बूथ नंबर 210 पर तैनात पीठासीन पदाधिकारी ओम कुमार चौधरी का अचानक तबीयत खराब हो जाने से तत्काल उनकी मौत मतदान केंद्र पर ही हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंगेर लोकसभा के सदर प्रखंड के बूथ नंबर 210 मध्यविद्यालय शंकरपुर में मतदान ड्यूटी पर तैनात पीठासीन पदाधिकारी ओम कुमार चौधरी की अचानक तबीयत खराब हो गई और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इधर बताया जाता है कि पीठासीन पदाधिकारी टेटिया बंपर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय खड़ूई में हेड मास्टर के पद पर पदस्थापित थे। उनकी पत्नी रानी देवी भुना पंचायत के सरपंच है। पीठासीन पदाधिकारी कि अचानक हुई मौत से परिजनों में मातम फसल गया है। पत्नी की रो-रो कर हाल बुरा है। घटना के संबंध में पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने पीठासीन पदाधिकारी के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है।

नशे में धुत हो मारपीट व हंगामा करते युवक हुआ गिरफ्तार

नवगछिया (भागलपुर)। खरीक थाना की गश्त पुलिस टीम ने क्षेत्र में शराब के नशे में धुत युवक द्वारा हंगामा व मारपीट करने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। उक्त सूचना के आलोक में गश्त टीम ने तेलघी गांव में दबिश देकर मौके से मदन कुमार सिंह पिता अवध किशोर सिंह को शराब के नशे की हालत में गिरफ्तार कर लिया गया है। वही मामले को लेकर वादी अमन कुमार सिंह एवं उनके परिवार के सदस्यों के साथ गाली गलौज और मारपीट करने को लेकर मामला दर्ज कराया है। वही पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध कानूनी प्रक्रिया के बाद मेडिकल जांच में शराब की पुष्टि करने के साथ ही उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

घटना में घायल युवक की इलाज के क्रम में हुई मौत

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला के बिहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जयरामपुर गांव इलाके में विगत 26 अप्रैल को किसी बात को लेकर दो पक्षो के बीच हुई मारपीट की घटना में घायल व्यक्ति की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वही घटना को लेकर बताया जा रहा है कि मृतक युवक जयरामपुर वार्ड 12 के फोटल अली पिता मो. जुम्मा अली की इलाज के दौरान मौत हुई है। जिसे लेकर स्थानीय बिहपुर थाना के पुलिस टीम मौके पर पहुंच मृतक के शव को कानूनी प्रक्रिया के तहत मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव के अंतिम मिट्टी प्रक्रिया को लेकर परीजन को सौंप दिया है। वही मामले को लेकर बिहपुर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि घायल फोटल अली के मौत को लेकर मामला दर्ज करने के साथ ही मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया और शव के अंतिम मिट्टी प्रक्रिया हेतू मृतक के शव को परिजनों व स्वजनों को सौंप दिया गया है। वही मामले के आरोपों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस टीम द्वारा अग्रतर कार्यवाई की जा रही है।

अलग-अलग मामले में पुलिस ने की प्राथमिकी दर्ज

नवगछिया (भागलपुर)। भवानीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मौजमाबाद गांव के ग्रामीण परिमल चौधरी की पत्नी रानी देवी ने अपने ही गांव के ग्रामीण पंकज कुमार चौधरी व प्रशांत कुमार चौधरी के विरुद्ध मारपीट कर जख्मी कर देने का आरोप मामला दर्ज कराया है। वही दूसरी ओर भवानीपुर गांव के जयनाथ मंडल के पुत्र तीलो मंडल ने नारायणपुर के रंजन यादव व कारे यादव पर मारपीट का केस दर्ज कराया है। वही मामले को लेकर भवानीपुर थाना के थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि दो अलग अलग मारपीट से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसे लेकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

आंख, कान की निःशुल्क जांच शिविर का हुआ आयोजन

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर प्रखंड परिक्षेत्र अंतर्गत बिहपुर जमालपुर पंचायत वार्ड 11 स्थित जामा मस्जिद के समीप खानका मदरसा प्रांगण में आंख, कान जांच शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर की शुरूआत प्रातः 9 बजे से संध्या 5 बजे तक पीर साहब कोनेन खां और बिहपुर उप प्रमुख इनामुल के नेतृत्व में जारी रहा था। इस दौरान आसपास इलाके के गांव से पहुंचे मरीजों का चिकित्सक टीम द्वारा आंख और कान का तकनीकी यंत्र के सहयोग से जांच कर चिकित्सा पद्धति के तहत इलाज परामर्श दिया गया है। इस मौके पर नेपाल हाजी आई अस्पताल प्रा. लि. शेख हसिमुल ऑप्टिकल के द्वारा आंख और कान दोनो का अत्याधुनिक मशीन से जांच किया। वही चिकित्सक टीम ने मरीजों के आंख के मोतियाबिंद, काला मोतियाबिंद, डीसीआर व आंख में मांस वृद्धि, आंख का लालीपन, पानी बहना, आंख की खराबी से सिरदर्द आदि बीमारियों का इलाज किया जाएगा। मरीज देखने के शुल्क एक सौ रुपीए है। शिविर में दवाई एवं चश्मा उपलब्ध है।

नवनिर्वाचित चैंबर ऑफ कॉमर्स पदाधिकारी का किया गया अभिनंदन सह सम्मान

प्रात : किरण ब्यूरो

चैंबर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाया गया शपथ

मुंगेर । जिले के हवेली खड़गपुर अनुमंडल रोड़ स्थित साहा उत्सव भवन में मुंगेर चैंबर ऑफ कामर्स की हवेली खड़गपुर शाखा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का अभिनंदन सह सम्मान समारोह रविवार की देर शाम योजित किया गया। इसकी अध्यक्षता नगर परिषद के मुख्य पार्षद प्रभु शंकर ने की। वहीं इस अभिनंदन सह सम्मान समारोह का संचालन डॉ सुरेश कुमार ने किया। इस दौरान नव निर्वाचित शाखा के पदाधिकारियों को शपथ दिलाया गया। मुंगेर चैंबर के पूर्व सचिव प्रभात कुमार ने शाखा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अंजनी कुमार और सचिव नीरज कुमार समेत शाखा के नए पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों को भी शपथ दिलाया गया । इधर शाखा की नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें नवगठित कमेटी के पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष रेखा सिंह चौहान, रामनाथ केशरी बनाए गए। सह सचिव विकास रंजन कोषाध्यक्ष रौनक कुमार सिंघानिया, सह कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता बैंक उपसमिति चेयरमैन राजीव चौरसिया, माप तौल उपसमिति चेयरमैन उत्तम केशरी, रेलवे उपसमिति चेयरमैन गोपी कसेरा, पोस्टल उपसमिति चेयरमैन अंजेश ठाकुर, विद्युत उपसमिति चेयरमैन शिवम, परिवहन उपसमिति चेयरमैन जनार्दन साह, सदस्यता उपसमिति चेयरमैन संजय केशरी पप्पू, सेवा उपसमिति चेयरमैन दीपक कुमार सिंह, किसान उपसमिति चेयरमैन अभिनव कुमार, अंकेक्षक संजय केशरी, कानूनी सलाहकार सुरेश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य आनंद शंकर, राजेश कुमार टिबड़ेवाल, कुमार सौरभ पल्लू, मो. नौशाद अंसारी, संरक्षक राजेश मिश्रा, मुकुंद प्रसाद सिंह, प्रणव कुमार, अमित कुमार बनाए गए है. साथ ही विभिन्न फर्म के संचालकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया. शाखा अध्यक्ष अंजनी कुमार और सचिव नीरज कुमार ने व्यवसायी एकता पर जोर दिया और पूर्व की कमेटी के वरीय पदाधिकारियों का मार्गदर्शन से चैंबर को मुकाम दिलाने की बात कही। इस मौके पर मुख्य पार्षद प्रभु शंकर, बैंक ऑफ इंडिया और पीएनबी के शाखा प्रबंधक नीरज कुमार, नीरज कुमार राजू, दिलीप सर्राफ, दीपक गुप्ता, ललन ठाकुर, उमेश राजगढ़िया, शंभू केसरी, रामप्रसाद साह, डा. बीडी सिंह, पूर्व अध्यक्ष संजीव कुमार, सुरेश बाजोरिया, राजकिशोर केशरी, समाजसेवी चैतन्य कुमार, अमित कुमार डॉ विनोद कुमार, अयोध्या साह, अशोक कुमार साह, , राजीव रंजन, सच्चितानंद सिंह, , अशोक केशरी आदि समेत अनेक प्रबुद्ध व्यवसायी और गणन्यमान नागरिक मौजूद थे।

कोडिंग के विरोध में ई रिक्शा चालक ने यातायात नियमों का जमकर किया प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। इन दिनों जिलेभर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ व बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन के निर्देशन में यातायात पुलिस प्रशासन द्वारा जिले के यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए कई तरह के हथकंडे अपनाते हुए चल रहे हैं। इसी कड़ी में यातायात व्यवस्था नियमों के पालन कराने को लेकर भागलपुर के ट्रैफिक डीएसपी आशीष कुमार सिंह के द्वारा सभी ई-रिक्शा चालकों के बीच में ई रिक्शा कोडिंग की प्रक्रिया तेज कर दी है। बताया जा रहा है कि ई रिक्शा कोडिंग के बाद ई रिक्शा चालक जिला प्रशासन द्वारा जारी रूट पर परिचालन शुरू कराया जाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। वही उक्त मामले को लेकर ई-रिक्शा चालक यूनियन के द्वारा जमकर विरोध करते दिख रहे हैं। जिला प्रशासन के द्वारा जारी यातायात नियमों के विरोध करने को लेकर सैकड़ो ई रिक्शा (टोटो) चालक द्वारा सामुहिक से स्थानीय मनाली चौक पर हल्ला बोल प्रदर्शन करते दिखे है। इस दौरान टोटो चालक का कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा जिस रूट का हमें कोडिंग दिया गया है, उस रूट में यात्री कम मिलते हैं जिससे कि हमारे रोजी-रोटी पर भी आफत हो गई है, हम लोग मांग करते हैं कि कोडिंग नियम को बंदकर कोई बेहतर विकल्पों के तहत नियमों को बदलाव कर इसे लागू करें और इसके साथ ही जो बाहर से ई-रिक्शा लेकर भागलपुर में यात्री को चढ़ाते हैं, उसको जिला प्रशासन बंद कराए अन्यथा हम लोग उग्र आंदोलन के लिए बाधय हो जाएंगे। इस मौके पर दर्जनों ई रिक्शा चालक अपनी मांगों को लेकर मौजूद रहे थे।

भाई का घर उजाड़ने की रची थी साजिश जिसे पुलिस टीम ने अपने कुशल नेतृत्व में किया विफल : ग्रामीण

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। इन दिनों जिले भर के कई थाना क्षेत्र इलाके में जमीन हड़पने को लेकर अनेको मामले सामने आए हैं। इसी कड़ी में एक और मामला सबौर थाना क्षेत्र इलाके से एक पारिवारिक कलह का मामला सामने आया है।

जहां एक महिला ने अपने ही सगे भाई का घर उजाड़ने की नीयत लेकर अपने ही मायके में डेरा जमा लिया है। दरअसल छोटी इब्राहिमपुर के बाबूलाल मंडल के पुत्र मनीष कुमार की शादी शाहकुण्ड थाना क्षेत्र के संजय मंडल की पुत्री प्रियंका भारती से वर्ष 2022 में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। मामले को लेकर पीड़ित प्रियंका का यह आरोप है कि शादी के कुछ ही दिनों के बाद मनीष के जीजा व बहन एक साथ योजनाबद्ध तरीके से दहेज के रूप में मोटी रकम की मांग करवा कर ननद व नंदोसी के द्वारा भौजाई प्रियंका को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। वही दोनों की पताड़ना से तंग आकर मजबूरन पीड़ित प्रियंका अपने ससुराल छोड़कर अपने माइके चली गई थी, हालांकि समय बीतता गया इस दौरान कई बार पंचायत के क्रम में कई बार समझौते पर भी मामला का कोई समाधान सामने नहीं निकल कर आया तो, जिसके बाद पीड़ित प्रियंका ने 112 पर कॉल कर पूरे मामले की जानकारी दी। वही मिली सूचना के तहत मौके पर पहुंची 112 की टीम ने दोनों पक्षों को समझा बूझकर मामले को मामले को शांत कराया, और मनीष की बहन आरती को फटकार भी लगाई है, लड़की के ससुराल वाले ने अपनी गलती स्वीकार की, जबकि पुलिस ने पति-पत्नी को गले लगाकर पत्नी से वापस घर लाया और परिवार वालों से आशीर्वाद दिलाया गया। इस दौरान 112 की पुलिस टीम के द्वारा एक परिवार के उजड़ते घर को बसाने की मुहिम सफल प्रयास के साथ पीड़ित प्रियंका का घर फिर से एक बार बसता हुआ दिखा। वही पुलिस ने दोनों पति व पत्नी को अपनी खुशी खुशी गृहस्थी बसाने को लेकर सहयोग किये जाने का विश्वास दिलाते हुए उन्होंने कहा कि हर गृहस्थ जीवन को बसाने में किसी न किसी का सहयोग रहता है। जिसके लिए हमेशा समाज के लोगों को सहयोग करना चाहिए जिससे किसी का जीवन खुशहाल हो सकें। इस दौरान समाज के कई बुद्धिजीवी प्रबुद्ध वर्ग के लोग भी मौजूद रहे थे।

बिहार स्टेट मुए थाई चैंपियनशिप का हुआ भव्य आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। बिहार स्टेट मुए थाई चैंपियनशिप 2024 का एक दिवसीय प्रतियोगिता आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को लेकर भागलपुर के खेल भवन प्रांगण में दूर दराज से पहुंचे प्रतिभागियों के बीच आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में 10 जिला के चयनित खिलाड़ियों ने अपने आलोकित प्रदर्शन को लेकर शिरकत किये है। वही खेल प्रतियोगिता के आयोजक बृजेश कुमार ने कहा कि यहां से जो खिलाड़ी गोल्ड मेडल लेते हैं, उस खिलाड़ी का चयन प्रक्रिया के साथ 25 से 30 माई को गुवाहाटी में होने वाले नेशनल खेल का हिस्सा बनेंगे। वही आयोजक बृजेश ने कहा कि इस तरह का खेल करने का मुख्य मकसद है कि जिले के खिलाड़ी अपने बेहतरीन प्रदर्शन के साथ और बेहतर निखार आये और यहां के खिलाड़ी अपने बुलंद हौसले के साथ देश-विदेश में अपने जीत का परचम लहड़ाने के साथ देश में जिला का नाम रौशन करें। आपको बता दें कि मुएय थाई खेल मुख्य रूप से थाईलैंड का राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता है। जिसके लिए खिलाड़ी अपने बेहतरीन प्रदर्शन के साथ उस प्रतियोगिता के लिए चयन प्रक्रिया के इस प्रतियोगिता के दौर से गुजरते हैं। इस मौके पर दर्जनों प्रतिभागियों व उनके अभिभावकों की मौजूदगी रही थी।

सत्संग सह कीर्तन का हुआ भव्य आयोजन : जगतगुरु

भागलपुर। जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के नेतृत्व में सबौर परिक्षेत्र स्थित प्रेम नगर सिनेमा हॉल के समीप सत्संग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के क्रम में क्षेत्र इलाके के लगभग सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु की भीड़ सत्संग कथा प्रवचन को सुनने पहुंचे। इस मौके पर संत रामपाल जी महाराज ने श्री भागवत गीता, चारों वेदों, कुरान बाइबल, गुरु ग्रंथ साहब के अनुसार श्रद्धालुओं के बीच अपने मुखाबिंद वचनों को प्रस्तुति के साथ बताया है, साथ ही उन्होंने कहा कि कबीर साहब जी स्वयं अविनाशी परमेश्वर हैं, उनका जन्म मृत्यु नहीं होता है, उनकी सतभक्ति करने से साधक के सर्वप्रथम सब रोग समाप्त हो जाते हैं, यहां तक की पूर्ण ब्रह्म कबीर जी अपने साधकों की आयु में भी वृद्धि कर देते हैं। वही आज के इस सत्संग में एलइडी टीवी के माध्यम से सभी श्रोताओं के बीच सत्संगी संत रामपाल जी महाराज की वाणी सुन भाव विभोर हो रहे थे। वही सत्संग को सफल बनाने के लिए संजय दास, टुनटुन दास के अलावा कई सत्संगी सेवा संघ के सदस्यगण मौजूद रहे थे।

परम्परागत तरीके से बच्चों ने मनाया गया मातृ दिवस : किलकारी

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। विश्व मातृ दिवस के मौके पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।वही कार्यक्रम को लेकर बताया जा रहा है कि आज के दौर में युवा पीढ़ी ज्यादातर समय अपने फेसबुक व सोशल मीडिया साइड पर बने आईडी पर अपने मां के साथ फोटो अपलोड कर रहे हैं, चाहे मां कहीं भी हो किसी भी हालत में हो हर मामले में इस कलयुग समय के दौर में प्रथम चरण में अपने मां और बच्चे का केवल बनावटी प्रेम दिखाई देती है, लेकिन इससे हट कर किलकारी बिहार बाल भवन संस्थान के नेतृत्व में कंपनीबाग और बरारी शाखा प्रांगण में परंपरागत तरीके से हर्षोल्लास के साथ मातृ दिवस मनाया गया है। इस दौरान सभी बच्चों ने अपनी अपनी माता का सर्वप्रथम चरणामृत ग्रहण किया, साथ ही उनके समक्ष अपने प्रेरणा भरे गीत गाकर अपनी भावनाओं को सभी बच्चों ने अपनी माता के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान तमाम माताओं ने अपने बच्चों के इस अद्भुत दृश्य को देख भाव विभोर हो उठी, सभी माताओं ने अपने बच्चों के भाव प्रेम को काफी सराहा और दिल से लम्बी जीवन आयु के आशीष वचन के साथ आशीर्वाद दिया। वही इस कार्यक्रम को लेकर माताओं ने कहा कि जिस तरह से कार्यक्रम का आयोजन हुआ है, इस तरह के आयोजन से देश व प्रदेश के तमाम बच्चों और उसके माता-पिता को एक नयी अध्याय की प्रेरणा मिल सकती है। इस मौके पर सैकड़ों बच्चों व उनके साथ उनकी माताएं मौजूद रही थी।

एनडीए की चुनावी सभा में मुख्यमंत्री ने महागठबंधन पर साधा निशाना

मधुबनी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए उम्मीदवार डॉ अशोक यादव के पक्ष में चुनावी जनसभा किया। चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने महागठबंधन पर जमकर निशाना साधा. कहा कि काम हम करते है, लेकिन कुछ लोग अपना नाम गिनाने में लगे हुए है. 15 साल जिनको काम करने का मौका दिया गया वह कुछ नही किया. कहा कि हनलोगों ने बिहार के लिए बहुत कुछ किया. शिक्षा, सड़क स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर काम किया. महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया. वर्ल्ड बैंक से कर्ज लेकर जीविका दीदी के लिए काम किया. पहले गरीबी के कारण लड़कियां पढ़ नही पा रही थी. फिर पढ़ाई में रुचि दिखाए इसलिए हमलोगों ने लड़की और लड़का दोनों के लिए पोशाक एवं साइकिल योजना शुरू किया. इंटर पास होने पर बेटियों को 25 हजार एवं स्नातक पास होने पर 50 हजार दिया जा रहा है. हर पंचायत में उच्च माध्यमिक विद्यालय दिया गया. मुस्लिम समुदाय के लिए मदरसा की चार दिवारी सहित बहुत कुछ काम किया गया. वहीं राज्य सभा सांसद संजय झा ने कहा कि बिहार के सबसे लंबे काल से रहे मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने सर्वांगीण विकास किया है. सबका साथ सबका विकास के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क हर क्षेत्र में बेहतर काम हुआ है. नीतीश कुमार ने जो मिथिला के लोगों के लिए किया वो आजतक किसी ने नही किया. मुख्यमंत्री को मिथिला से बहुत प्रेम है. वह 18 वर्ष से पूरे ईमानदारी के साथ बिहार के लोगों के लिए काम करते आ रहे है। जनसभा की अध्यक्षता जद यू प्रखण्ड अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता एवं मंच संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने किया. कार्यक्रम को जद यू के राज्य सभा सांसद संजय झा, प्रत्याशी अशोक यादव, विधायक सुधांशु शेखर, पूर्व एम एल सी बिनोद कुमार सिंह, जद यू जिलाध्यक्ष फूले भंडारी, बिक्रम शीला यादव, श्याम सुंदर विश्वकर्मा, रणवीर सिंह, युगल किशोर यादव, संजीव झा मुन्ना,सरिता देवी, सुरेंद्र यादव, प्रदीप झा, बीजेपी से भोगेंद्र ठाकुर, देवेंद्र यादव, गौड़ी शंकर महतो, अजय भगत, जंगबहादुर यादव, योगेंद्र नाथ झा, श्रवण झा सभा को संबोधित किया।

नाम विलोपित होने से सैकड़ों लोग हुए मतदान से वंचित

दरभंगा। मतदाता सूची में नाम नहीं रहने के कारण सैंकड़ों लोगों को मतदान से वंचित होना पड़ा है। ऐसे लोग सोमवार को जिले के विभिन्न बूथों पर प्रशासन को कोसते दिखे। शहर के भगवान दास मुहल्ला स्थित कन्या मध्य विद्यालय,जेपी चौक के बूथ संख्या 193 पर भी कई लोग परेशान दिखे। दीपक मनी राय ने बताया कि बूथ के बगल में मेरा घर है। मेरी पत्नी,बहन एवं बेटे ने मतदान किया है। फिर भी मतदाता सूची से मेरा और मेरी मां इंद्राणी देवी का नाम गायब है। उन्होंने बताया कि अभी पिछले वर्ष ही वार्ड काउंसल का चुनाव है। जिसमें नाम वोट गिराए पर लोकसभा मतदाता सूची से नाम विलोपित है। बताया जाता है कि ऐसी समस्या से दरभंगा लोकसभा क्षेत्र के करीब 60-70 बूथों पर मतदाता परेशान दिखे।

अप्रैल माह 2024 में लापरवाह और अनाधिकृत अनुपस्थित कुल 81 कर्मियों का मानदेय स्थगित किया गया

गया। मनरेगा योजनाओं में कार्यो की प्रगति को लेकर उप विकास आयुक्त भोजपुर ने लिया संज्ञान वैसे सभी कर्मी /पदाधिकारी जो उपस्थिती एवं कार्य के मानक पर खड़ा नहीं उतरे उन पर हुई कार्रवाई। भोजपुर जिले के सभी प्रखंडों में मनरेगा कर्मियों / पदाधिकारियों की दैनिक उपस्थिति का अनुसरण जिले स्तर पर प्रतिदिन किया जा रहा है। सभी प्रखंड से सभी कर्मी /पदाधिकारी की उपस्थिति 11:00 बजे पूर्वाह्न तक जिले को व्हाट्सएप के माध्यम से लाइव लोकेशन के साथ उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया गया है । इस संदर्भ में कार्रवाई करते हुए उप विकास सहित भोजपुर द्वारा माह अप्रैल 2024 में वैसे सभी कर्मी/ पदाधिकारी को जो बिना सूचना के अपने कार्यालय क्षेत्र से अनुपस्थित अथवा विलंब से कार्यालय आने वाले का उक्त तिथि का मानदेय स्थगित रखा गया है। साथ ही यह चेतावनी दी गई है कि इस प्रकार के लापरवाही का दोहराव होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। उप विकास आयुक्त भोजपुर द्वारा कार्रवाई करते हुए ,अप्रैल माह 2024 में कुल 81 कर्मियों का मानदेय स्थगित किया गया। जिसमें उदवंतनगर प्रखंड के 05 पंचायत रोजगार सेवक, 01 कनीय अभियंता,01बी.एफ.टी, 01लेखपाल एवं 01कार्यपालक सहायक के साथ कुल 09 । आरा सदर के 05 पंचायत रोजगार सेवक। बड़हरा के कार्यक्रम पदाधिकारी सहित 07 पंचायत रोजगार सेवक ,02 बी.एफ. टी ,01 लेखापाल ,01 कार्यपालक सहायक,01 पंचायत तकनीकी सहायक कुल 13। बिहिया के 03पंचायत रोजगार सेवक। चरपोखरी के 06 पंचायत रोजगार सेवक, 01बी. एफ. टी कुल 07 । गड़हनी के 02 पंचायत रोजगार सेवक,01बी.एफ. टी, कुल 03। जगदीशपुर के 07 पंचायत रोजगार सेवक, 02बी.एफ. टी,02 पंचायत तकनीकी सहायक कुल 11 । कोईलवर के 04 पंचायत रोजगार सेवक,01 तकनीकी सहायक कुल 05 । पीरो के 05 पंचायत रोजगार सेवक, 01बी.एफ. टी,01 कनीय अभियंता,कुल 07 । सहार के 01 लेखापाल। शाहपुर के 03 पंचायत रोजगार सेवक। संदेश के 02 पंचायत रोजगार सेवक। तरारी 05 पंचायत रोजगार सेवक के 05 पंचायत रोजगार सेवक 01बी.एफ. टी,01 पंचायत तकनीकी सहायक कुल 07 कर्मियों का वेतन स्थगित किया गया है।

साथ ही दिनांक 2 ,3 एवं 4 ,अप्रैल को कार्यक्रम पदाधिकारी बड़हरा एवं जगदीशपुर ,दिनांक 5/4/2024 को कार्यक्रम पदाधिकारी संदेश एवं पीरो, दिनांक 24 ,25 ,26 04.2024 को कार्यक्रम पदाधिकारी बिहिया द्वारा दैनिक उपस्थिति विवरण नहीं भेजे जाने कारण इन सभी से स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

बाइक की ठोकर से अधेड़ की मौत

बनियापुर, थाना क्षेत्र के चांदपुर में एक बाइक की ठोकर से अधेड़ की मौत हो गई।मृतक की पहचान जनता बाजार थाना क्षेत्र के धनेश छपरा निवासी 65 वर्षीय धनेश राय के रूप में हुई है। घटना के संबंध में स्थानीय लोगो ने बताया कि मृतक सायकिल से अपने गांव से चांदपुर गए थे।जहाँ अज्ञात बाइक सवार युवकों ने सायकल में ठोकर मार दिया।जहाँ मृतक वही गिर गया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई।बाद में स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया है।

मुर्गा फॉर्म से 8.25 लीटर विदेशी शराब को पुलिस ने किया बरामद

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला के परबत्ता थाना पुलिस व एएलटीएफ की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध शराब तस्करी करने वाले कारोबारी के विरुद्ध विशेष कार्यवाई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में थाना क्षेत्र अंतर्गत जगतपुर स्थित बिपुल यादव पिता सदानंद यादव के मुर्गा फॉर्म में अचानक दबिश देकर मौके से पुलिस टीम ने लगभग 8.25 लीटर विदेशी शराब की बरामदगी की है। वही पुलिस की दबिश के साथ ही कारोबारी मौके से फरार होने में सफल रहा है।वही मामले को लेकर त्वरित कार्रवाई के तहत बरामद शराब की जब्ती सूची तैयार कर परबत्ता थाना पुलिस टीम ने बिहार मद्ध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मुर्गी फार्म संचालक बिपुल यादव के विरुद्ध कांड दर्ज कर अग्रतर कार्यवाई शुरू कर दी है।

महावीर वाटिका मन्दिर वार्षिक ध्वजा मंगलवार को

बाड़मेर । जैन श्री संघ द्वारा संचालित महावीर वाटिका में जैन धर्म के 24वें चरम तीर्थंकर, शासनाधिपति भगवान श्री महावीर स्वामी के मंदिर की वार्षिक ध्वजा का मांगलिक अनुष्ठान मंगलवार को हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जायेगा । जैन श्रीसंघ, बाड़मेर के महामंत्री किशनलाल वडेरा ने बताया कि महावीर वाटिका के भगवान श्री महावीर स्वामी के मंदिर की वार्षिक ध्वजा एवं परमात्मा के अठारह अभिषेक व सतरहभेदी पूजन का कार्यक्रम दिनांक 14 मई मंगलवार को प्रातः 8 बजे प्रारम्भ होगा । जिस कड़ी में कायमी ध्वजा के लाभार्थी श्री सतीश कुमार मेवारामजी छाजेड परिवार द्वारा शुभ अभिजीत मुहूर्त में 11 बजकर 57 मिनट पर जिन मन्दिर के शिखर पर परमात्मा की ध्वजा फहराई जाएगी ।

मारपीट के जख्मी युवक की इलाज के दौरान हुई मौत, थाने पर हंगामा

प्रात : किरण संवाददाता

मढौरा ग्रामीण। मढौरा के तकिना में बीते दिनों आपसी विवाद में दो पक्षो के बीच हुई मारपीट में जख्मी हुए 32 वर्षीय सुरेश सिंह की इलाज के दौरान पीएमसीएच पटना में मृत्यु हो गई। मृतक के परिजनों के अनुसार गत 7 मई को आपसी विवाद के कारण दो पक्षों में मारपीट हुई थी।

इस दौरान हमलावरों ने विजय सिंह के पुत्र 32 वर्षीय सुरेश सिंह को लाठी डंडे से पीट-पीटकर पूरी तरह जख्मी कर दिया था। जिसे इलाज के लिए पहले मढौरा फिर छपरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया था। वहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद मृतक के परिजन काफी क्रोधित हो गए और पटना से शव को लेकर सोमवार को देर शाम गए मढौरा थाने पहुचे और हमलावर दोषियों के खिलाफ करवाई करने की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। इस इस बिगड़ते स्थिति को देखते हुए मढौरा पुलिस ने सभी आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। तब जाकर गुस्साई भीड़ शांत हुई और शव को थाना परिसर से हटाकर अंतिम संस्कार के लिए घर ले गए। मृतक के परिजनों का कहना है की इस मामले में उनलोगों ने प्रथमिकी दर्ज करने के लिए आठ तारीख आवेदन दे दिया था । जिसमे हमलावर सतेंद्र सिंह सहित उनके परिवार के करीब आधे दर्जन लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। लेकिन उस आवेदन के आधार पर अभी तक पुलिस के द्वारा एफआईआर नहीं किया गया है।

नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्सुक है बिहार की जनता : उमेश सिंह कुशवाहा

पटना। सोमवार को बिहार जनता दल (यू0) के प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा हाजीपुर लोकसभा से एनडीए उम्मीदवार श्री चिराग पासवान के समर्थन में आयोजित मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की चुनावी जनसभा में शामिल हुए। इस मौके पर श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने स्थानीय जनता से श्री चिराग पासवान को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी प्रत्येक जन-जन तक पहुंचाएं।

उन्होंने कहा कि विकास ही हमारा मुख्य एजेंडा है और एनडीए की सरकार में हुए विकास के अनगिनत कार्य हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। हाजीपुर की जनता कभी विपक्ष के बहकावे में नहीं आएगी। यह धरती लोकतंत्र की जननी है, यहाँ की जनता राजनीतिक रूप से संवेदनशील और जागरूक है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष के लोगों को सिर्फ अपने परिवार की चिंता है। जनता के सुख-दुख से उनका कोई वास्ता नहीं है, जबकि हमारे नेता श्री नीतीश कुमार सबको अपना परिवार मानकर सभी के उत्थान और कल्याण में दिनरात जुटें रहते हैं।

श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि बिहार की जनता 2005 से पहले के दौर को भूल नहीं पाई है, जनता पुनः जंगलराज के अंधेरे में लौटना नहीं चाहती है। श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार काले दौर से निकलकर नए उजाले की तरफ बढ़ चुका है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश और बिहार की जनता ने तीसरी बार श्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया है। बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर हम बड़े अंतर से जीत दर्ज करेंगे। जनता में झूठ और भ्रम फैलाने वालों का मंसूबा कभी कामयाब नहीं होगा।

संक्षिप्त समाचार

रमीज ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों की आलोचना की

● आयरलैंड के खिलाफ लुटाए खूब रन

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा ने सोमवार को आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20आई में उनकी व्यापक जीत के बावजूद उनके प्रदर्शन के लिए मेन इन ग्रीन गेंदबाजों की आलोचना की। पाकिस्तान के अग्रणी तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी, मोहम्मद आमिर, नसीम शाह और अब्बास अफरीदी ने मिलकर 162 रन दिए जिससे आयरलैंड ने पहली पारी में 193/7 का कुल स्कोर बनाया।
इन चारों में से शाहीन और आमिर बहुत महंगे साबित हुए क्योंकि उन्होंने 11.00 की न्यूनतम इकॉनमी से रन दिए। शाहीन ने तीन विकेट लिए लेकिन अपने चार ओवर के स्पेल में 49 रन लुटाए जबकि आमिर ने अपने चार ओवर के स्पैल में एकमात्र विकेट अपने नाम किया था इस दौरान उन्होंने 44 रन दिए। फिर भी पाकिस्तान के बल्लेबाज तीन ओवर शेष रहते हुए 194 रन के लक्ष्य को आराम से हासिल करने

में सफल रहे। रमीज ने पूरी पारी में भारी इकॉनमी से रन लुटाने के लिए आयरलैंड के खिलाफ पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन की आलोचना की। 61 वर्षीय खिलाड़ी का मानना है कि अगर आयरलैंड मोहम्मद रिजवान और फखर जमान का कैच लेने में कामयाब होता तो मेहमान जीत के लिए तरस रहे होते। उन्होंने कहा, उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ 200 रन दे दिए और ऐसा लग रहा था जैसे हमारे गेंदबाज पीछे थे, अगर उन्होंने रिजवान और जमान का कैच पकड़ लिया होता तो पाकिस्तान के लिए लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल हो जाता। पाकिस्तान के शीर्ष गेंदबाजों ने आयरलैंड के खिलाफ इतने रन दिए। तो यह भविष्य में टीम के लिए कठिन हो जाएगा और सफलता गेंदबाजों पर निर्भर करती है, खासकर तेज गेंदबाज, वे पिछले साल भारत में विश्व कप के बाद से संघर्ष कर रहे हैं, दो गेंदें अच्छी हैं और फिर तीन गेंदें खराब हैं, स्थिति कठिन है।

पाकिस्तान ने आयरलैंड को 7 विकेट से हराया, श्रृंखला 1-1 से बराबर की

डबलिन (एजेंसी)। पाकिस्तान ने पहले टी20 की हार का बदला चुकता करते हुए दूसरे मैच में आयरलैंड को सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। शुक्रवार को आयरलैंड ने पहले टी20 में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया था। यह आयरलैंड की टी20 प्रारूप में पाकिस्तान पर पहली जीत थी। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे आयरलैंड ने तीन ओवर में 29 रन जोड़कर तेज शुरुआती की। तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने हालांकि चौथे ओवर में दोनों सलामी बल्लेबाजों पॉल स्टर्लिंग और एंड्रयू

बॉलबिर्नी को पवेलियन भेज दिया। लोर्कान टकर और हैरी टेक्टर (32) ने तीसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़कर पारी को संभाला। टकर ने 34 गेंद में 51 रन बनाए। कर्टिस कैंफर (22) और जॉर्ज डॉकरेल (15) ने उपयोगी पारियां खेली जबकि गैरेथ डेलानी ने 10 गेंद में नाबाद 28 रन बनाकर टीम का स्कोर सात विकेट पर 193 रन तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। सैम अयूब पहले ही ओर में पवेलियन लौट गए जबकि कप्तान बाबर आजम दूसरे ओवर में खाता खोले बिना ग्राहम ह्यूम का शिकार बने।

बीसीसीआई सेक्रेटरी ने घरेलू क्रिकेट के लिए किए तीन सिफारिश

● रणजी ट्रॉफी के मैचों के बीच चार दिन का गैप; ● सीके नायडू ट्रॉफी में टॉस खत्म होगा

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) घरेलू क्रिकेट को बेहतर बनाने के लिए रणजी ट्रॉफी को दो चरणों में कराने के साथ ही तीन बदलाव करने जा रही है।

बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने 2024-2025 के घरेलू सीजन के लिए एपेक्स काउंसिल को तीन बड़ी सिफारिशें भेजी हैं। जिनमें रणजी ट्रॉफी को दो चरणों में करना, अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी में टॉस खत्म करना और दलीप ट्रॉफी के लिए जोन टीमों का चयन नेशनल सिलेक्शन कमिटी की ओर से किया जाना शामिल है।

रणजी ट्रॉफी के मैचों के बीच तीन की जगह चार दिन का गैप- रणजी ट्रॉफी के मैचों के बीच तीन की जगह अब चार दिन का गैप होगा। दरअसल पिछले साल शार्दूल ठाकुर ने कहा था कि रणजी ट्रॉफी के मैचों के बीच गैप कम है, पहले ग्रुप मैचों के बीच 4 दिन और नॉक आउट मैचों के बीच 5 दिन का गैप होता था। अगर मैचों का ऐसा शेड्यूल दो-तीन साल ऐसा ही रहा तो देश के कई युवा खिलाड़ी चोटों से जूझते नजर आएंगे। शार्दूल की बात तो बीसीसीआई ने गंभीरता से लिया।

बीसीसीआई अब रणजी ट्रॉफी को दो चरणों में कराने की योजना तैयार की है। रणजी ट्रॉफी अब जनवरी के बजाय सितंबर के आखिर या अक्टूबर के शुरुआत में कराया जाएगा। शुरुआती चरणों के 5 राउंड के मैचों के बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी के मैच होंगे। वहीं उसके बाद रणजी राउंड के दूसरे चरण में तीन राउंड और नॉकआउट के मैच होंगे। 2023-2024 सीजन में रणजी के मैच जनवरी में हुए थे। इस दौरान मौसम की खराबी की वजह से कई मैचों में बाधा उत्पन्न हुई थी। इसलिए इसे अब सितंबर-अक्टूबर में कराया जाएगा।

सीके नायडू में टॉस नहीं होगा- वहीं बीसीसीआई सेक्रेटरी की ओर से एपेक्स कमेटी के पास जो दूसरी सिफारिश की गई है, उसमें एक प्रस्ताव अंडर-23 सीके नायडू टॉफी में टॉस खत्म करने की गई है। इसमें विजिट करने वाली टीम को यह अधिकार होगा कि वह पहले गेंदबाजी या बल्लेबाजी का चयन कर सकती है। यहीं नहीं नई प्वाइंट्स टेबल का भी चलन किया जाएगा। अगर यह प्रयोग सफल रहा, तो इस व्यवस्था को सीनियर स्तर पर भी लागू किया जाएगा।

दलीप ट्रॉफी का चयन नेशनल सिलेक्शन कमेटी करेगी

वहीं जय शाह ने घरेलू सीजन के लिए जो प्रपोजल दिए हैं, उनके एक प्रस्ताव यह भी है कि दलीप ट्रॉफी टीम का चयन क्षेत्रीय सेलेक्टरों के बजाय नेशनल सेलेक्शन कमेटी करेगी। इससे फायदा होगा कि चयन में प्रादर्शिता आएगी।

विराट को आऊट कर ईशांत शर्मा ने की शरारत, कोहली की भी निकल गई हंसी

बेंगलूर (एजेंसी)। आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज विराट कोहली शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। आईपीएल इतिहास में चौथी बार एक सीजन में वह 600 रन पूरे कर चुके हैं। इसी क्रम को आगे बढ़ाने के लिए जब वह चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटलस के खिलाफ उतरे तो वह 13 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 27 रन ही बना पाए। कोहली अपनी तेजतर्रार पारी के दौरान अपने पुराने साथी ईशांत शर्मा की गेंद पर आऊट

हुए। ईशांत ने जब पुराने दोस्त को आऊट किया तो वह उनकी टांग खींचने के लिए पास चले गए। दोनों दोस्तों में कुछ बातें हुईं जिसके बाद कोहली हंसते हुए पवेलियन की ओर लौट गए। घटनाक्रम की वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर आई तो उसे खूब पसंद किया गया।
उक्त घटनाक्रम मैच के चौथे ओवर में सामने आया था। ईशांत के ओवर की शुरूआत विराट कोहली ने चौके और छक्के के साथ की थी। ईशांत ने चौथी गेंद ऑफ के बाहर फेंकी जिसका पीछा करने गए विराट का बल्ला गेंद को छू गया। गेंद स्टंप के पीछे खड़े विकेटकीपर अभिषेक पोरेल के हाथों में चली गई जिन्हें लपकने में उन्होंने कोई गलती नहीं की। देखें वीडियो-

यूट्यूबर को दिया था तीखा जवाब

ईशांत काफी जिंदादिल आदमी है। बीते दिनों उन्होंने एक यूट्यूबर को इंटरव्यू के दौरान ही रोस्ट कर दिया था। दरअसल, इंटरव्यू लेने वाला शख्स ईशांत की टांग खिंचाई करने के मूड में था। उन्होंने विराट से ईशांत की तुलना करते हुए कहा कि विराट ने ज्यादा हासिल किया है जबकि ईशांत सिर्फ बॉलर ही रह गए।

भविष्य में किस आधार पर टीम में चुने जाएंगे खिलाड़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका और गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज डेविड मिलर का मानना है कि जिनके पास अधिकतम प्रभाव डालने की क्षमता है, उनके लिए

डेविड मिलर ने बताया, स्ट्राइक रेट ही सफलता का एकमात्र पैमाना होगा

टी20 क्रिकेट में औसत धीरे-धीरे प्रासंगिकता खो देगा और स्ट्राइक रेट ही सफलता का एकमात्र पैमाना होगा। पिछले कुछ वर्षों में मिलर ने टाइटंस और अपनी राष्ट्रीय टीम दोनों के लिए फिनिशर की भूमिका काफी अच्छी तरह निभाई है।

इस आईपीएल सत्र में टीमों ने 250 से अधिक के सात स्कोर बनाए जिससे बल्लेबाज 'पावर गेम' (बड़े शॉट लगाना) को अगले स्तर पर ले गए हैं जिससे स्ट्राइक रेट को लेकर बहस तेज हो गई है। मिलर ने कहा, 'हमने इस वर्ष कुछ बड़े स्कोर देखे हैं। और इस आईपीएल में कुछ टीमों और व्यक्तिगत खिलाड़ियों ने अविश्वसनीय बल्लेबाजी की। मैंने हमेशा देखा है कि हर कोई बल्लेबाज को औसत के आधार पर आंकता है।

उन्होंने कहा, 'लेकिन टी20 क्रिकेट में किसी को पूरी तरह से इस आधार पर आंकना मुश्किल हो सकता है। शीर्ष तीन बल्लेबाजों के साथ निश्चित रूप से आप ऐसा कर सकते हैं, उन्हें बल्लेबाजी करने के लिए मिलने वाले ओवरों की संख्या के कारण। जब मध्य क्रम की बात आती है तो यह हमेशा स्ट्राइक रेट और बल्लेबाज का खेल पर किस प्रकार का प्रभाव पड़ रहा है, उस बारे में होता है।

इस 34 वर्षीय बल्लेबाज ने कहा, 'मुझे लगता है कि जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे यह प्रभाव के बारे में और अधिक होता जाएगा। आप मुकाबले में कितने प्रभावशाली हैं? स्थिति के अनुसार। अगर हमें प्रति ओवर 15 रन चाहिए तो क्या आप ऐसा कर सकते हैं? और मुझे लगता है कि लोगों को मैच जीतने की क्षमता के आधार पर टीमों का चयन करना होगा।

अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के संदर्भ में मिलर जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ियों के साथ कड़ी टक्कर की उम्मीद कर रहे हैं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा, 'बहुत सारे अच्छे भारतीय खिलाड़ी हैं। लेकिन मैं एक बल्लेबाज होने के नाते गेंदबाजों का सामना कर रहा हूं, इस समय बुमराह अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। और वह कई वर्षों से विश्व स्तरीय गेंदबाज रहे हैं। वह मेरे लिए खतरा हैं, साथ ही विश्व कप के अन्य बल्लेबाजों के लिए भी।

उन्होंने टाइटंस के अपने साथी बल्लेबाज साई सुदर्शन की भी प्रशंसा की जो आईपीएल के मौजूदा सत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। मिलर ने कहा, 'वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। अब भी उसके सामने लंबा करियर है। मैंने उसे खेलते हुए देखने का लुत्फ उठाया है। जिस तरह से वह तैयारी करता है वह मुझे बहुत पसंद है। वह एक बहुत ही सुलझे हुए दिमाग वाला युवा है जिसमें काफी प्रतिभा है।

अमेरिका में विश्व कप मिलर और दक्षिण अफ्रीकी टीम को वैश्विक ट्रॉफी जीतने का मौका देगा। यह आक्रामक बल्लेबाज इस चुनौती को लेकर उत्साहित है। उन्होंने कहा, 'इस समय हमारे पास जो टीम है, उसने पिछले कुछ वर्षों में एक साथ काफी क्रिकेट खेला है और इसमें काफी आत्मविश्वास है और काफी सफलता हासिल की है। मिलर ने कहा, 'हमारे पास काफी अनुभव है, ऐसे लोग जिन्होंने पहले भी दबाव का सामना किया है और इससे सफलतापूर्वक निपटे हैं।

साई सुदर्शन ने पहली बार सीजन में बनाए 500 से ज्यादा रन

खोला बेहतरीन बल्लेबाजी का राज

नई दिल्ली (एजेंसी)। साई सुदर्शन की प्रतिभा हमेशा निर्विवाद रही है लेकिन इस आईपीएल में गुजरात टाइटंस के इस युवा खिलाड़ी के लिए जो बात सबसे खास रही वह है खेल के प्रति उनकी प्रभावशाली जागरूकता और निर्णय लेने की क्षमता जो उन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में भारतीय टीम के साथ अपने पहले दौरे के दौरान सीखी। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका अपनी पहली श्रृंखला में 2 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय अर्द्धशतक के साथ उच्चतम स्तर पर अपनी योग्यता साबित करने वाले 22 साल के सुदर्शन ने मौजूदा सत्र में टाइटंस के लिए शीर्ष क्रम में शानदार निरंतरता दिखाई है।

तमिलनाडु का यह बल्लेबाज 141.28 के स्ट्राइक रेट से 12 मैच में 527 रन के साथ मौजूदा सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले शीर्ष पांच बल्लेबाजों में शामिल है। उन्होंने शुक्रवार को टी20 प्रारूप में शतक के साथ टी20 जगत का ध्यान खींचा। सुदर्शन और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए संयुक्त रूप से सर्वाधिक 210 रन की साझेदारी करके टूर्नामेंट में टाइटंस की उम्मीद जीवंत रखी। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को टाइटंस ने 2022 सत्र में टीम के लिए पदार्पण से पहले 20 लाख रुपए के आधार मूल्य पर खरीदा था।

सुदर्शन ने कहा कि मेरी बल्लेबाजी में (पिछले सत्र की तुलना में) ज्यादा बदलाव नहीं आया है लेकिन हां निर्णय लेने की क्षमता, खेल के प्रति जागरूकता या समझ में सुधार हुआ है। इससे मुझे प्रदर्शन में निरंतरता में थोड़ी मदद मिल रही है। आधुनिक टी20 खेल में पावर हिटिंग काफी महत्वपूर्ण है लेकिन सुदर्शन अपनी टाइमिंग पर भरोसा करते हैं। पिछले साल की तुलना में वह विश्व स्तरीय गेंदबाजों के खिलाफ खुद को बेहतर स्थिति में रखने में सफल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरी बल्लेबाजी टाइमिंग और पोजीशन (स्थिर शरीर) के बारे में है। मैंने दोनों में पकड़ बनाने की कोशिश की है। इसलिए मुझे लगता है कि चीजों को लागू करने का तरीका बेहतर हो गया है।

सुदर्शन ने कहा कि मुझे (पिछले साल) प्रत्येक गेंदबाज पर हावी होने में मुश्किल हो रही थी जिससे मुझे अपनी बल्लेबाजी

में बेहतर होने का मौका मिला। भारत के लिए अपनी पहली श्रृंखला में और वह भी दक्षिण अफ्रीका में लगातार 2 अर्धशतक ने उन्हें काफी आत्मविश्वास दिया। वह इस समय भारत की टी20 योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं लेकिन आगे चलकर वनडे टीम का अभिन्न अंग हो सकते हैं।

सुदर्शन ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ देश के लिए खेलना मेरे लिए बहुत खास था और यह एक यादगार मैच भी बन गया।

बाबर आजम ने टी20 में बनाया विश्व रिकॉर्ड, बने सबसे सफल कप्तान

डबलिन (एजेंसी)। पाकिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मैच में 7 विकेट से जीत दर्ज करते हुए सीरीज में 1-1 से बराबरी की। इसी के साथ ही डबलिन के क्लोंटारफ क्रिकेट क्लब ग्राउंड में बाबर आजम टी20आई में सबसे सफल कप्तान बन गए हैं।

सैम अयूब और बाबर आजम को खोने के बाद पाकिस्तान ने खुद को हर तरह की परेशानी में पाया, जो दोनों दोहरे अंक में पहुंचने में असफल रहे। बाबर ने पहले टी20 में अर्धशतक लगाया, लेकिन इस बार अपना खाता नहीं खोल सके। यहां से रिजवान और फखर ने तीसरे विकेट के लिए 12.5 ओवर में 140 रन की मैच जिताऊ साझेदारी की।

फखर 40 गेंदों पर 6 चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 78 रन बनाए। जब वह आउट हुए तो पाकिस्तान को 33 गेंदों पर केवल 41 रनों की जरूरत थी। हालांकि रिजवान 46 गेंदों में 6 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 75 रन बनाकर नाबाद रहे। 17वें ओवर में आजम खान ने मार्क अडायर पर आक्रमण किया जिन्होंने 5 गेंदों पर 23 रन दे दिए। आजम ने 10 गेंदों में 30 रन की पारी में एक चौका और चार छक्के लगाए।

शाहीन पहुंचे खास मुकाम पर

इससे पहले पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला करने के बाद पाकिस्तान के गेंदबाज बड़े पैमाने पर लड़खड़ा गए क्योंकि आयरलैंड ने 7 विकेट पर 193

रन बनाए। लोर्कन टकर मेजबान टीम के लिए स्टार कलाकार थे उन्होंने 34 गेंदों पर 5 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 51 रन बनाए। हैरी टेक्टर और कर्टिस कैम्फर ने क्रमशः 32 और 22 रन की पारी खेलकर आयरलैंड की पारी को आगे बढ़ाया।

गैरेथ डेलानी ने 10 गेंदों पर 28 रनों की तेज पारी खेलकर पारी को गति प्रदान की। शाहीन शाह अफरीदी ने 49 रन लुटाए, लेकिन 3 विकेट लेकर वह पाकिस्तान के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे। शाहीन सबसे कम उम्र में 300 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले पांचवें खिलाड़ी भी बन गए।

चेन्नई सुपर किंग्स के प्लेयर मैडल के साथ सम्मानित, चेपॉक में भी जीते 50 मैच

चेन्नई (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग के तहत चेपॉक के मैदान पर रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट से हरा दिया। चेन्नई के होम ग्राउंड एमए चिदंबरम स्टेडियम में यह टीम की 50वीं जीत थी। चेन्नई ने जब मुकाबला जीता तो चेन्नई मैनेजमेंट ने अनाउंसमेंट करवाकर दर्शकों को स्टेडियम में ही रोक लिया। उन्हें कहा गया कि कुछ स्पेशल होने वाला है। चेन्नई के खिलाड़ी इकट्ठे मैदान पर आए तो मैनेजमेंट की ओर से सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाया गया। इसके बाद महेंद्र सिंह धोनी ने मैदान का चक्कर लगाया और फैंस को टी-शर्ट और टेनिस बॉल दीं। धोनी रैकेट से गेंद को फेंक रहे थे। बता दें कि चेन्नई ने इस सीजन में लीग का आखिरी मुकाबला चेन्नई में खोला था। अगर चेन्नई फाइनल में पहुंचा तो वह एक बार फिर से इस मैदान पर उतरेगा।

चेन्नई अंक तालिका में तीसरे स्थान पर- आईपीएल की अंक तालिका में चेन्नई सुपर किंग्स तीसरे स्थान पर आ गए हैं। उनके 13 मैचों में 7 जीत के साथ 14 प्वाइंट हो गए हैं। वहीं, राजस्थान हार के बावजूद दूसरे स्थान पर कायम है। राजस्थान ने 12 में 8 मुकाबले जीते हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स 12 में से 9 मैच जीतकर प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया है। चेन्नई ने इस जीत के साथ ही हैदराबाद को

तीसरे स्थान के लिए टक्कर दी है। चौथे स्थान के लिए दिल्ली, लखनऊ और बेंगलुरु में जंग जारी है। मुकाबले की बात करें तो राजस्थान रॉयल्स की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी थी। लेकिन जायसवाल और बटलर टीम को तेज शुरूआत नहीं दे पाए। जायसवाल 21 गेंदों पर 24 तो बटलर 25 गेंदों पर 21 ही रन बना पाए। मध्यक्रम में रियान पराग ने 35 गेंदों पर 47 तो ध्रुव ज्यूरेल ने 28 रन बनाकर स्कोर 141 तक पहुंचाया। जवाब में खेलने उतरी चेन्नई को रचिन (27) और कप्तान ऋतुराज (42) ने तेज शुरूआत दी। मध्यक्रम में डेरिल मिचेल 22, मोईन अली 10 और शिवम दुबे ने 18 तो समीर रिजवी ने 15 रन बनाकर टीम को पांच विकेट से जीत दिला दी।

संक्षिप्त समाचार

अयोग्यों को चुन लिया गया, कॉलेजियम से खफा हिमाचल के 2 जज, सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

शिमला, एजेंसी। कॉलेजियम के तहत हिमाचल प्रदेश के दो जिला न्यायाधीशों ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दोनों न्यायाधीशों ने अपने नामों पर विचार किए जाने की मांग की है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि हाईकोर्ट कॉलेजियम ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सलाह को भी नजरअंदाज किया है और जूनियर्स के नामों को आगे बढ़ाया है।

रिपोर्ट के अनुसार, बिलासपुर और सोलन के जिला न्यायाधीश चिराग भानू और अरविंद मल्होत्रा ने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दाखिल की है। इस याचिका के जरिए उन्होंने शीर्ष न्यायालय से 4 जनवरी के प्रस्ताव के अनुसार हाईकोर्ट कॉलेजियम को उनके नामों पर दोबारा विचार करने निर्देश जारी करने की मांग की है। दोनों न्यायाधीशों का कहना है कि उनके नामों पर दोबारा विचार करने के सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के फैसले के बाद केंद्रीय कानून मंत्री का भी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र गया था। इस पत्र के जरिए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से सिंह और मल्होत्रा के नामों पर दोबारा विचार करने का अनुरोध किया गया था। न्यायाधीशों का कहना है कि कानून मंत्री के पत्र और सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सलाह को दरकिनार कर दिया। खास बात है कि बीते साल 12 जुलाई को हाईकोर्ट जज के तौर पर नियुक्ति के लिए हाईकोर्ट कॉलेजियम ने सिंह और मल्होत्रा के नामों की सिफारिश की थी। खबर है कि इसे शुरू में रोक दिया गया था। 4 जनवरी को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाले कॉलेजियम ने उनके नामों पर दोबारा विचार के लिए एचसी कॉलेजियम को भेजा।
अब याचिकाकर्ताओं का कहना है कि हाईकोर्ट कॉलेजियम ने उनके नामों को जानबूझकर हटा दिया है। साथ ही दावा किया है कि उनकी वरिष्ठता को नजरअंदाज करते हुए दो अयोग्य जूनियर अधिकारियों के नामों की सिफारिश हाईकोर्ट जज के तौर पर की है।

क्या कांग्रेस के हो जाएंगे शरद पवार और उद्धव ठाकरे? -शशि थरूर

तिरुअनंतपुरम, एजेंसी। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा है कि जिन पार्टियों की विचारधारा एक जैसी है उन्हें ग्रैंड ओल्ड पार्टी कांग्रेस में ही शामिल हो जाना चाहिए। मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, जहां तक बात है कि छोटी पार्टियों के मर्जर की तो मुझे भी लगता है कि अगर विचारधारा एक जैसी है तो फिर अलग-अलग क्यों रहना। अब आगे देखिए क्या होता है। बता दें कि हाल ही में एनसीपी-एसपी चीफ शरद पवार ने कहा था कि अगले ही कुछ सालों में क्षेत्रीय दल कांग्रेस के साथ मिल जाएंगे।

तिलक भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शशि थरूर ने कहा कि देश का माहौल बदल गया है और 4 जून के इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा, यह लोकसभा चुाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है। भाजप ने संविधान और लोकतंत्र को ताक पर रख दिया है। विविधिता का खुलेआम अपमान किया जा रहा है। तीन चरणों के मतदान में ही माहौल बदल गया है। दिल्ली से भाजपा की सरकार जा रही है और 4 जून को इंडिया गठबंधन सत्ता में आ रहा है।
कांग्रेस नेता ने भाजपा पर आरोप लगाया कि नागरिकता के मामले में भी वह धर्म ले आए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल सार्वजनिक रूप करते हैं, वैसी भाषा हम बंद कमरे में भी नहीं बोलते।

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर क्रॉसिंग रिपब्लिक के पास निकास का रास्ता खुला

दिल्ली से आने वाले वाहनों को होगी सुविधा

नई दिल्ली, एजेंसी। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने रविवार को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी से आगे निकास रास्ता खोल दिया। इससे दिल्ली की तरफ से आने वाले वाहन चालकों को राहत मिलेगी। वह इस कट से एक्सप्रेसवे से बाहर आ सकेंगे। एक्सप्रेसवे से बाहर निकलने के लिए लोगों को इससे पहले डासना तक 10 किलोमीटर लंबा अतिरिक्त चक्कर काटना पड़ रहा था। यहीं पर दो सप्ताह पहले प्रवेश का रास्ता भी खोला गया है। मेरठ एक्सप्रेसवे पर क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी और आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए प्रवेश और निकास का स्थान नहीं था। इस कारण दिल्ली की तरफ जाने के लिए वाहन चालकों को एनएच-9 पर चलना पड़ रहा था। एनएच-9 पर वाहनों का दबाव रहने से जाम लगता था। सुबह और शाम भीषण जाम से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। दिल्ली की तरफ से एक्सप्रेसवे से आने वाले वाहन चालकों के लिए क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी के पास बाहर निकलने के लिए निकास स्थान नहीं था। वाहन चालकों को बाहर आने के लिए डासना तक करीब दस किलोमीटर अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा था। लोग डासना से वापस की तरफ जाते थे। इस तरह आसपास के लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। स्थानीय लोग निकास और प्रवेश रास्ते की मांग कर रहे थे। इसके लिए लोगों ने केंद्रीय मंत्री वीके सिंह को ज्ञापन दिया था। वीके सिंह ने एनएचएआई अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर निकास और प्रवेश स्थान बनाने के निर्देश दिए थे। फरवरी में निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। एनएचएआई ने दो सप्ताह पहले क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी के पास प्रवेश रास्ता वाहन चालकों के लिए खोला था। दिल्ली की तरफ से आने वाले लोगों के लिए दस दिन पहले निकास स्थान बनाने का काम शुरू हुआ था। यह रास्ता क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी से आगे एबीईएस कॉलेज के पास बनाया है।

एनएच-9 पर वाहनों का दबाव कम होगा

नए निकास और प्रवेश स्थान बनने से एनएच-9 पर वाहनों का दबाव कम होने की उम्मीद है। इससे लोगों को राहत मिलेगी। सुबह और शाम वाहनों का दबाव होने से जाम लगा रहता है, लेकिन अब वाहन आसानी से मेरठ एक्सप्रेसवे पर प्रवेश कर सकेंगे।

केंद्रीय मंत्री के प्रयास से लोगों को मिली सुविधा

मेरठ एक्सप्रेसवे पर क्रॉसिंग रिपब्लिक के पास निकास और प्रवेश स्थान के लिए वीके सिंह ने एनएचएआई अधिकारियों को कहा था। इसके बाद अधिकारियों ने डिजाइन तैयार किया। मंत्रालय से मंजूरी होने के बाद कार्य शुरू कराया गया। एनएचएआई के अधिकारी धीरज सिंह मेरठ एक्सप्रेसवे पर निकास रास्ता वाहन चालकों के लिए खोल दिया गया है। इससे पहले प्रवेश रास्ता खोला गया था। अब वाहन चालकों को राहत मिलने लगी है।

अहमदाबाद एयरपोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी

सीआईएसएफ अलर्ट, बढ़ाई गई सुरक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में उस वक्त हड़कंप मच गया जब राष्ट्रीय राजधानी के 21 अस्पतालों में बम होने की धमकी का ई-मेल भेजा गया। इसके बाद पुलिस, दमकल और बम स्क्वॉड की टीमों ने छानबीन की लेकिन उन्हें कुछ भी नहीं मिला। इसी तरह अहमदाबाद एयरपोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी रविवार को ई-मेल के जरिए मिली। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने एयरपोर्ट परिसर की तलाशी ली। हालांकि यह अफवाह साबित हुई। इस दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।
पुलिस आयुक्त जीएस मलिक ने कहा कि धमकी भरा ई-मेल दोपहर में सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजा गया था। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने पूरे हवाईअड्डे को खंगाला। धमकी अफवाह निकली क्योंकि कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने कहा- बम की धमकी की जानकारी मिलते ही सीआईएसएफ तुरंत हरकत में आ गया। दोपहर में पूरे हवाईअड्डे की गहन तलाशी ली गई लेकिन कुछ भी नहीं मिला। एहतियात के तौर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

बता दें कि राजधानी दिल्ली के 21 अस्पतालों में बम होने की धमकी का ई-मेल भेजा गया। इनमें बुराड़ी अस्पताल और संजय गांधी अस्पताल ने सबसे पहले करीब दोपहर 3 बजे ई-मेल देखकर पुलिस को सूचित किया। छानबीन के दौरान सामने आया कि ये मेल अन्य अस्पतालों को भी भेजा गया है। इसके बाद संबंधित अस्पतालों को पुलिस ने इसकी जानकारी दी। संजय गांधी अस्पताल और बुराड़ी अस्पताल को भेजे गए मेल में इन अस्पतालों के ई-मेल को भी शामिल किया गया था।

दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग ने रविवार को बताया कि आईजीआई हवाईअड्डे को भी ई-मेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी मिली। बता दें कि इसी तरह 11 दिन पहले, एक मई को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 150 से ज्यादा स्कूलों को ईमेल मिला था जिसमें उन्हें बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इसकी वजह से छात्रों और अभिभावकों में दहशत फैल गई थी। अधिकारियों को जांच के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला था।

जंगपुरा हत्याकांड

घर की नौकरानी निकली दिल्ली के डॉक्टर के मर्डर की मास्टरमाइंड, लूटपाट के लिए रची थी साजिश

नई दिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली के पॉश इलाके जंगपुरा इलाके में 63 वर्षीय डॉक्टर योगेश चन्द्र पॉल की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक के घर काम करने वाली नौकरानी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में 62 वर्षीय बसंती, हिमांशु जोशी और आकाश जोशी शामिल हैं। हिमांशु और आकाश दोनों सगे भाई हैं। पुलिस ने दोनों के पास से 55 हजार रुपये और ज्वेलरी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वारदात की मास्टरमाइंड बसंती है। उसने अपनी सहेली के साथ मिलकर पूरी साजिश रची थी। इसके बाद अपने जानकारों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर ही है। सभी आरोपी नेपाल भाग गए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गत शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे जंगपुरा सी 14 में रहने वाली महिला डॉक्टर ने पुलिस को अपने पति की हत्या की सूचना दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 63 वर्षीय डॉक्टर योगेश चन्द्र के शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की थी। नौकरानी बसंती को हिरासत में लिए जाने के बाद उसने बताया कि पूरी वारदात उसकी मुखबिरी पर हुई थी और वही इस वारदात की मास्टरमाइंड है। दो आरोपियों को पुलिस ने हरिद्वार से दबोच लिया, जबकि अन्य आरोपी फिलहाल नेपाल भाग गए हैं।

क्लीनिक से पीछा कर रहे थे आरोपी

बीरबल रोड स्थित डॉक्टर के क्लीनिक के पास के लगे सीसीटीवी कैमरे की

विमान के 3 घंटे तक जानबूझ कर लगवाए चक्कर

● फिर बिना लैंडिंग गियर ऑस्ट्रेलियन एयरपोर्ट पर उतारा

मेलबर्न , एजेंसी। एयरपोर्ट से उड़ान भरते ही एक विमान के 3 घंटे तक जानबूझ कर हवाई अड्डे के चक्कर लगाने और फिर बिना लैंडिंग गियर एयरपोर्ट पर उतारने की घटना सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में तीन लोगों को लेकर जा रहे एक विमान को सोमवार को न्यूकैसल हवाई अड्डे पर बिना लैंडिंग गियर के सुरक्षित रूप से उतारा गया। विमान ने ईंधन खत्म करने के लिए करीब तीन घंटे तक हवाईअड्डे के ऊपर का चक्कर लगाया। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कार्पोरेशन (एबीसी) और पुलिस ने कहा कि ट्विन-टर्बोप्रॉप बीचक्राफ्ट सुपर किंग विमान ने सिडनी के उत्तर में स्थित हवाईअड्डे से पोर्ट मैक्वेरिए की 180 किलोमीटर की यात्रा के लिए उड़ान भरी ही थी तभी सुबह करीब 9.30 बजे पायलट ने यांत्रिक समस्या की ओर ध्यान दिलाया। एक वीडियो में देखा जा सकता है कि विमान लगभग तीन घंटे बाद स्पष्ट रूप से बिना किसी घटना के हवाई पट्टी पर उतरा। आपातकालीन सेवाओं के लिए दमकल गाड़ियां और एम्बुलेंस तैयार खड़ी थीं। पुलिस के एक बयान में कहा गया कि विमान में यांत्रिक समस्याएं थीं, जबकि एबीसी ने एक पुलिस अधिकारी के हवाले से कहा कि लैंडिंग गियर खराब हो गया था। विमान का स्वामित्व पोर्ट मैक्वेरिए की ईस्टर्न एयर सर्विसेज के पास है।

यूएन महासचिव गुटेरेस बोले- गाजा में तत्काल युद्धविराम हो, बंधकों को बिना शर्त रिहाई मिले

न्यूयॉर्क, एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा संघर्ष को भयानक मानवीय पीड़ा बताया। कहा कि युद्ध के परिणामस्वरूप जीवन तबाह हो गया, परिवार टूट गए और बड़ी संख्या में लोग बे-घर, भूखे और सदमे में आ गए। उन्होंने तत्काल मानवीय युद्धविराम का आग्रह किया। साथ ही बिना शर्त बंदियों को रिहा करने की मांग की।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने रविवार को कहा कि तत्काल मानवीय युद्धविराम समय की मांग है। मैं गाजा पट्टी में तत्काल मानवीय युद्धविराम, सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई और मानवीय सहायता में वृद्धि का आग्रह करता हूं, लेकिन युद्धविराम केवल शुरुआत होगी। इस युद्ध की तबाही और आघात से उबरने में काफी समय लगेगा। गुटेरेस ने यह टिप्पणी कुवैत में एक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए की। जिसका आयोजन मानवीय समन्वय के लिए जिम्मेदार संयुक्त राष्ट्र एजेंसी (ओसीएचए) और अंतरराष्ट्रीय इस्लामिक धर्मार्थ संगठन (आईआईसीओ) द्वारा किया गया था।

गाजा संघर्ष से तबाह हुआ जीवन, परिवार टूटकर बे-घर हुए - गुटेरेस ने गाजा संघर्ष को भयानक मानवीय पीड़ा बताया। कहा कि युद्ध के परिणामस्वरूप जीवन तबाह हो गया, परिवार टूट गए और बड़ी संख्या में लोग बे-घर, भूखे और सदमे में आ गए। वहीं, गाजा पट्टी में रविवार को भी इस्राइली हमले जारी रहे। इस्राइली रक्षा बलों ने शहर के पूर्वी इलाकों में अपनी सैन्य घुसपैठ पर अंतरराष्ट्रीय आक्रोश के बावजूद रफाह के लिए निकासी आदेश का विस्तार किया। जबकि, हमास के 7 अक्टूबर के हमले के दौरान इस्राइल से अगवा किए गए बंधकों की रिहाई के लिए मध्यस्थों के माध्यम से बातचीत के बीच, ऑपरेशन का दायरा अभी भी सीमित है।

मिस्र का इस्राइल के साथ काम करने से कथित तौर पर इनकार - मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गाजा पट्टी में इस्राइल की घुसपैठ के कारण मिस्र क्रॉसिंग के माध्यम से गाजा में माल की व्यवस्था करने के लिए इस्राइल के साथ काम करने से कथित तौर पर इनकार कर रहा है। आईडीएफ के आकलन से संकेत मिलता है कि लगभग तीन लाख फिलिस्तीनियों ने राफा के मूल निकासी क्षेत्र और आसपास के इलाकों को मानवीय क्षेत्र में स्थानांतरित करने के लिए छोड़ दिया है।

कपल ने की बेशर्मी की हदें पार

बच्चों-परिवारों के बीच ही फ्लाइट में करने लगे गंदी हरकतें

लंदन, एजेंसी। ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। खबर है कि मंगलवार को उड़ान के दौरान फ्लाइट में ही एक कपल ने बेशर्मी की हद पार कर दी और सभी के सामने सेक्स एक्ट या यौन गतिविधियां करने लगे। नाराज यात्रियों ने इसका वीडियो भी रिकॉर्ड किया है। कहा जा रहा है कि कपल की हरकतें परिवार और बच्चों की मौजूदगी के बीच भी जारी रहीं।

मिरर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को लंदन हीथ्रो से डबलिन के लिए फ्लाइट रवाना हुई थी। इसमें मौजूद एक कपल करीब 20 मिनट तक एक-दूसरे को अश्लील तरीके से छूता रहा। 26 वर्षीय फैरा भी उसी फ्लाइट में थीं। उन्होंने अखबार से बातचीत में बताया, मैं बोलते समय हर बार अपने भाई की तरफ देख रही थी और तब मैंने दूसरी तरफ की सीटों पर हरकतें देखीं।
उन्होंने कहा, एकदम स्पष्ट था। लड़की फ्लाइट में 15 से 20 मिनट तक लड़के साथ अश्लील हरकतें कर रही थी। उन्होंने आगे बताया, वे इन गतिविधियों में लगे रहे, जो कि बहुत हैरान करने वाला था, क्योंकि फ्लाइट में बच्चे भी मौजूद थे। एक बच्चा वहां भाग रहा था, जो ये सब देख सकता था। जब उन्हें सीट बेल्ट लगाने के लिए कहा गया, तो जाहिर तौर पर उसने कपड़े ठीक किए। वो सब बहुत घिनौना था।
खबर है कि फैरा ने इस मामले का वीडियो भी बनाया है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा, उन लोगों ने खुद को स्कार्फ से ढक लिया था, लेकिन सब समझ रहा था कि क्या हो रहा है...। जब मैंने इस बात पर गौर किया, तो हमारी उड़ान 38 मिनट की बची थी। भाई के साथ सीट पर बैठकर इस तरह की चीजों का गवाह बनना वो सब बहुत शर्मिंदा करने वाला था।
अखबार के अनुसार, ब्रिटिश एयरवेज के एक प्रवक्ता ने

किंग चार्ल्स अपने बेटे से नाराज

प्रिंस हैरी से मिलने से किया था इनकार, अब डेविड बेकहम से की मुलाकात

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन के शाही घराने में प्रिंस हैरी से उनके पिता किंग चार्ल्स की नाराजगी जगजाहिर है। इस सप्ताह की शुरुआत में खबर आई थी कि किंग चार्ल्स की अपने बेटे हैरी से मुलाकात नहीं हो पाएगी। हालांकि, इन सब दावों के बीच किंग ने डेविड बेकहम के साथ एक निजी बैठक की।

बेकहम से इस वजह से मिले- एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 49 साल के इंग्लैंड के पूर्व फुटबॉल कप्तान ने शुक्रवार को 75 साल के किंग्स चार्ल्स के साथ किंग्स फाउंडेशन पर चर्चा करने के लिए एक निजी बैठक की। कहा जा रहा कि बेकहम ने राजा से उनके चैरिटी फाउंडेशन के बारे में अधिक जानने के लिए उनसे मुलाकात की थी।

सात मई को आए लंदन दौरे पर- ड्यूक ऑफ ससेक्स कहे जाने वाले प्रिंस हैरी इनविक्टस गेम्स के आयोजन के लिए सात मई को लंदन पहुंचे थे। प्रिंस हैरी अपनी पत्नी मेगन के साथ अमेरिका में रहते हैं। बीते दिनों नेटफ्लिक्स की एक डॉक्यूमेंट्री में और प्रिंस हैरी की आत्मकथा स्पेयर में शाही परिवार से जुड़े कई खुलासे किए गए थे। इसके चलते किंग चार्ल्स प्रिंस हैरी से नाराज हैं।
प्रिंस के प्रवक्ता ने मीडिया को बताया था कि वे अपने पिता किंग चार्ल्स से नहीं मिलेंगे। इसकी वजह किंग चार्ल्स के व्यस्त कार्यक्रम को बताया गया था। वहीं रॉयल कमेंटेटर चार्लेट ग्रिफिथ्स का मानना है कि प्रिंस हैरी ने किंग चार्ल्स से मुलाकात के लिए कुछ शर्तें रखी थीं, जिनकी वजह से किंग चार्ल्स ने प्रिंस हैरी से न मिलने का फैसला किया। प्रिंस हैरी की शर्त थी कि जब वे अपने पिता से मिलें तो उस वक्त कौन कमरे में रहेगा और कौन नहीं, ये वे तय करेंगे। हालांकि, किंग चार्ल्स ने हैरी की ये शर्त मानने से इनकार कर दिया।
घर छोड़ने के बाद पहले भी आ चुके हैं

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129